दरबारःइ इख़्तियार वास्ते रुजूअ करने इस्तिगासों के तहत दफ़ःइ हाज़ा मुलाहज़ः तलब मजमूअःइ ज़ाबितःइ फ़ौजदारी सन् १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुस्दरःइ सन् १८९८ ई०) की दफ़ः १९६ [ऐक्ट हाय आम—जिल्द ६] ।

से जो तलफ़्फ़ुज से अदा कीजायें या लिखी जायें या इशारों के ज़रिये से या नुक़ूशे मरीया के ज़रिये से—या और तरह से जनाब मलिकः मुअ़ज़्ज़मः की रिआ़या की मुख़्तलिफ़ तबक़ात के दर्मियान दुश्मनी या नफ़रत के ख़ियालात बढ़ाये या बढ़ाने का इक़्दाम करे उसको ऐसी क़ैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी हद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

तशरीह—जिन उमूर से जनाब मलिकः मुअ़ज़्ज़मः की रिआ़या के मुख़्तलिफ़ तबक़ात के दर्मियान दुश्मनी या नफ़रत के ख़ियालात पैदा हो रहे हों या जिनका मैलान उन ख़ियालात के पैदा करने की तरफ़ पाया जाता हो उनका बिदून बद अन्देशी के और उनके दूर करदेने की सच्ची नियत से बतादेना हस्बे मन्शाये दफ़ःइ हाज़ा अमरे क़ाबिले जुर्म नहीं है।

उस ज़मीन का मालिक या दख़ील जिस पर कोई मजमओ़ नाजायज़ इकट्ठा हो।

दफ़ः १५४—जब कभी कोई मजमओ़ नाजायज़ जमअ़ हो या बलवा वक़ू में आये तो उस ज़मीन का मालिक या दख़ील जहां वह मजमओ़ नाजायज़ जमा हुआ है या उस बलवे का इर्तिकाब हुआ है और भी वह शख़्स जो ज़मीने मज़कूर में इस्तिहक़ाक़ रखता हो या ज़मीने मज़कूर में इस्तिहक़ाक़ का दावा रखता हो जुर्माने का मुस्तौजिब होगा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये से ज़ियादा न हो।

मगर शर्त यह है कि शख़्से मज़कूर या उस का एजन्ट या मुन्सरिम यह जान कर कि जुर्म मज़कूर का इर्तिकाब हो रहा है या होचुका या बावर करने की वजह से रख कर कि जुर्म मज़कूर के इर्तिकाब का इहतिमाल है उस अफ़सरे आला को जो क़रीबतर मक़ामे पुलिस में मामूर हो इस अमर की इत्तिला हत्तल इमकान जल्द न करे—

और जब वह यह बावर करने की वजह रखता हो या रखते हों कि अनक़रीब जुर्म मज़कूर का इर्तिकाब होगा वह तमाम जायज़ वसीले जो उसके या उनके इमकान में हों जुर्म मज़कूर की रोक के लिये काम में न लाये या न लायें और जुर्म मज़कूर के वाक़िअ़ हो जाने के [illegible] [illegible] मजमओ़ नाजायज़ के मुन्तशिर करने या [illegible]

के फ़रो करने में सब जायज़ वसीले जो उसके या उनके इमकान में हों—अमल में न लाये या न लायें ।

दफ़ः १५५—जब कभी किसी बलवे का इर्तिकाब किसी ऐसे शख़्स के नफ़अ या ख़ातिर के लिये किया जाय जो किसी ऐसी ज़मीन का मालिक या दख़ील हो जिसकी बाबत वह बलवा हुआ या जो शख़्स उस ज़मीन में या किसी अमरे मान्हिहिल निज़ा में जो बलवे की बिना है इस्तिहक़ाक़ का दावा रखता हो या जिसने उस ज़मीन या उस अमर से कुछ नफ़अ क़बूल किया या हासिल किया हो—

उस शख़्स का मुस्तौजिब सज़ा होना जिसके नफ़ा के लिये बलवे का इर्तिकाब हुआ हो ।

तो शख़्से मज़कूर जुर्माने का मुस्तौजिब होगा बशर्ते कि वह या उसका एजन्ट या मुन्सरिम यह बावर करने की वजह रखकर कि उस बलवे के इर्तिकाब का इहतिमाल था या यह कि उस मजमूए नाजायज के जमा होने का इहतिमाल था जिससे उस बलवे का इर्तिकाब हुआ वह तमाम तदाबीरे जायज़ जो उसके या उनके इमकान में हों उस मजमअ के इज्तिमा के रोकने और उसके मुतफ़र्रिक़ करने के लिये या उस बलवे के वक़ू के रोकने और उसके फ़रो करने के लिये काम में न लाये या न लायें ।

दफ़ः १५६—जब कभी किसी बलवे का इर्तिकाब किसी ऐसे शख़्स के नफ़ा या ख़ातिर के लिये किया जाय जो किसी ऐसी ज़मीन का मालिक या दख़ील हो जिसकी बाबत वह बलवा हुआ या जो शख़्स उस ज़मीन में या किसी अमरे मान्हिहिल निज़ा में जो बलवे की बिना है किसी इस्तिहक़ाक़ का दावा रखता हो या जिसने उस ज़मीन या अमर से कुछ नफ़ा क़बूल किया या हासिल किया हो—

उस मालिक या दख़ील के एजन्ट का मुस्तौजिब सज़ा होना जिसके नफ़ा के लिये इर्तिकाबे बलवा हो ।

तो शख़्से मज़कूर का एजन्ट या मुन्सरिम जुर्माने का मुस्तौजिब होगा बशर्ते कि वह एजन्ट या मुन्सरिम यह बावर करने की वजह रखकर कि उस बलवे के इर्तिकाब का इहतिमाल था या उस मजमए नाजायज के जमअ होने का इहतिमाल था जिससे उस बलवे का इर्तिकाब हुआ वह तमाम तदाबीरे जायज जो उसके इमकान में हों उस बलवे के

(बाब ८—उन जुर्मों के बयान में जो सुकूनीये आम्मः ख़लायक़ के मुख़ालिफ़ हैं—
दफ़आत १५७—१५८ ।)

वक़ूअ के रुकने और उसके फ़रो करने के लिये या उस मजमए के इज्तिमाअ के रोकने और उसके मुतफ़र्रिक़ करने के लिये काम में न लाये

उन लोगों को जो किसी मजमए नाजायज़ के लिये उजरत पर रखे गये हों—छुपा रखना।

दफ़ः १५७—जो कोई शख़्स लोगों को किसी घर या इहाते में जो उसके दख़ल या तहवील या इख़्तियार में हो—छुपा रखे या आने दे या जमा करे यह जानकर कि वह लोग किसी मजमए नाजायज़ में दाख़िल या शरीक होने के लिये उजरत पर रखे गये हैं या उन से क़रारदाद या काम लिया गया है या अनक़रीब वह उजरत पर रखे जायेंगे या उनसे क़रारदाद या काम लिया जायगा तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

किसी मजमए नाजायज़ का रुक्न होने या क़रारदाद के लिये उजरत पर रखा जाना—

दफ़ः १५८—जो कोई शख़्स उन अफ़आल में से जिनकी तसरीह दफ़ः १४१ में हुई है किसी फ़ेल के इर्तिकाब के लिये या उसके इर्तिकाब में मदद करने के लिये क़रारदाद करना या उजरत पर रक्खा जाना क़बूल करे या क़रारदाद करने या उजरत पर रक्खे जाने को कहे या उसका इक़दाम करे तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी-

बाब ८–उन जुर्मों के बयान में जो आसूदगीये आम्म इ ख़लायक़ के मुख़ालिफ़ हैं–
दफ़ः १६०—और बाब ९–उन जुर्मों के बयान में जो सर्कारी मुलाज़िमों से
सरज़द हों या उनसे मुतअ़ल्लिक़ हों—दफ़ः १६१)

दफ़ः १६०–जो कोई शख़्स हंगामे का मुर्तकिब हो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

रुजूअ़ इर्तिकाबे हंगाम ।

बाब ९[1] ।

उन जुर्मों के बयान में जो सर्कारी मुलाज़िमों से सरज़द हों या उनसे मुतअ़ल्लिक़ हों ।

दफ़ः १६१–जो कोई शख़्स कि सर्कारी मुलाज़िम है या सर्कारी मुलाज़िमी का उम्मेदवार है कोई मन्सबी अमल करने या उससे बाज रहने के लिये या अपने लवाज़िमें मन्सबी के निफ़ाज में किसी शख़्स की तरफ़दारी या उस शख़्स के ख़िलाफ़ पर होने या उससे बाज रहने के लिये या हिन्द की लेजिस्लेटिफ या इक्ज़िक्यूटिफ गवर्नमेन्ट या किसी प्रेजीडन्सी की गवर्नमेन्ट या किसी लेफ़्टिनेन्ट गवर्नर या सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से किसी सर्कारी मुलाज़िम के रूबरू किसी शख़्स के साथ भलाई या बुराई करने के लिये या उसका इक़दाम करने के लिये अजरे मुताबिक़े क़ानून के सिवा किसी शख़्स से किसी तरह का कोई माविहिल इह्तिज़ाज़ वजहे तहरीक या हक़्क़ुस्सई के तौर पर अपने वास्ते ख़्वाह किसी और शख़्स के वास्ते क़ुबूल करे या हासिल करे या क़ुबूल करने पर राज़ी हो या हासिल करने का इक़दाम करे तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायगी जिसकी मीआद तीन बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजाये दीजायेंगी ।

सर्कारी मुलाज़िम जो किसी अमले मन्सबी की बाबत अजर मुताबिक़े क़ानून के सिवा और माविहिल इह्तिज़ाज़ ले ।

तशरीहात–"सर्कारी मुलाज़िमी का उम्मेदवार होना" अगर कोई शख़्स जिसको सर्कारी मुलाज़िमी की उम्मेद न हो धोखा देकर

---

[1] दरबार इख़्तियार वास्ते रुजूअ़ करने इस्तिग़ासों के बाज़ सर्कारी मुलाज़िमों के नाम पर मुलाहज़ा तलब मजमूअःइ ज़ाबितःइ फ़ौजदारी सन् १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दरः सन १८९८ ई०) की दफ़ः १९७ [एक्टहाये आम—जिल्द ?] ।

औरों को यह बावर कराये कि मैं सर्कारी मुलाज़िम होनेवाला हूं और तब तुम्हारे काम आऊंगा और इस ज़रिये से कोई माविहिल इहतिजाज हासिल करे तो इस सूरत में शख़्से मज़कूर दग़ा करने का मुजरिम होसक्ता है लेकिन उस जुर्म का मुजरिम न होगा जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में कीगई है।

"माविहिल इहतिज़ाज"—"माविहिल इहतिज़ाज" के लफ़्ज़ से न सिर्फ़ वह शै बाइसे इहतिज़ाज़ मुराद है जो ज़र से मुतअल्लिक़ हो या जिसकी क़दर का तख़मीना ज़र में होसके।

"अजरे मुताबिक़े क़ानून"—"अजरे मुताबिक़े क़ानून" के लफ़्ज़ से न सिर्फ़ वह अजर मुराद है जिसका कोई सर्कारी मुलाज़िम जवाजन् मुतालबा कर सके बल्कि यह लफ़्ज़ हर एक अजर पर मुहीत है जिसके क़ुबूल करने की उसको उस गवर्नमेन्ट[1] की जानिब से इजाज़त है जिसका वह मुलाज़िम है।

"वजहे तहरीक या हक़ुस्सई कोई काम करने के लिये"—जो कोई शख़्स कोई काम करने के वास्ते जिसका करना उसकी नीयत में न हो "वजहे तहरीक के तौर पर या कोई काम करने के वास्ते जो उसने न किया हो हक़ुस्सई के तौर पर कोई माविहिल इहतिजाज क़ुबूल करे वह शख़्स इस इबारत के मिसदाक़ में दाख़िल है।

(वाव ९—उन जुर्मों के बयान में जो सर्कारी मुलाज़िमो से सरज़द हों या उनसे मुतअ़ल्लिक़ हों—दफ़ः १६२ ।)

इ़स्क़ुस्सई के तौरपर साहूकारे मज़कूर की कोठी में कोई ओहदः अपने भाई के लिये हासिल करे तो जैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिस की तारीफ इस दफ़ में कीगई है।

(वे) जैद ने जो किसी वालिये मुतीये गवर्नमेन्ट के दर्बार में रेजीडेन्ट का उहदः रखता है उस वाली के दीवान से एक लाख रुपयः क़बूल किया—यह तो ज़ाहिर नहीं होता कि जैद ने यह रुपयः वजहे तहरीक या इ़स्क़ुस्सई के तौर पर किसी ख़ास मन्सबी कामके करने या उससे बाज़ रहने या ब्रिटिश गवर्नमेन्ट के हुज़ूर मे उस वाली की कोई ख़ास मतलब बरारी करने या किसी ख़ास मतलब बरारीमें जिहिद करने के लिये क़ुबूल किया मगर यह ज़ाहिर होता है कि जैद ने यह रुपय वजहे तहरीक या इ़स्क़ुस्सई के तौरपर अपने लवाज़िमे मन्सबी के निफाज़ में उस वाली की मुतलक़ तरफ़दारी करने के लिये क़ुबूल किया तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में की गई है।

(जीम) ज़ैद जो सर्कारी मुलाज़िम है बक़र को मुग़ालत. देकर बावर कराये कि उस रसूक के सबब जो मुझ को गवर्नमेन्ट में है तुझको एक ख़िताब हासिल हुआ है और ज़ैद इस तरह बक़र को तहरीक करे कि वह इस ख़िदमत के इ़स्क़ुस्सई के तौरपर ज़ैद को रुपयः दे तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तअ़रीफ़ इस दफ़ः में की गई है।

फासिद या ख़िलाफ क़ानून वसीलों से सर्कारी मुलाज़िम पर दबाउ डालने के लिये माबिहिल इहतिज़ाज़ लेना।

दफ़ः १६२—जो कोई शख़्स किसी सर्कारी मुलाज़िम को फासिद या खिलाफे कानून वसीलों के ज़रीये से इस बात की तहरीक करने के लिये कि वह सर्कारी मुलाजिमी कोई मन्सबी अमल करे या उस से बाज रहे या सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से अपने लवाजिमे मन्सबी के निफाज़ में किसी शख़्स की तरफदारी करे या उसके खिलाफ पर हो या हिन्द की लेजिस्लेटिफ या इक्जिक्यूटिफ गवर्नमेन्ट या किसी प्रेजीडन्सी की गवर्नमेन्ट या किसी लेफ्टिनेन्ट गवर्नर [या इलाहाबाद यूनीवर्सिटी के सिनिट के किसी मिम्बर][1] या सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से किसी सर्कारी मुलाजिम के रूबरू किसी शख़्स के साथ भलाई या बुराई करे या उसका इक़दाम करे—किसी शख़्स से किसी तरह का कोई माबिहिल इहतिजाज वजहे तहरीक या हक़ुस्सई के तौरपर अपने वास्ते ख्वाह किसी और शख़्स के वास्ते क़ुबूल करे या हासिल करे या क़ुबूल करने पर राजी हो या हासिल करने में जिहिद करे तो शख़्स मजकूर को दोनों किस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैदकी सजा दीजायेगी

[1] यह अलफ़ाज़ इलाहाबाद यूनीवर्सिटी के ऐक्ट सन १८८७ ई० (नः १८ मुसदर इ सन १८८७ ई०) की दफ़' १८ (२) के ज़रीये से दाख़िल किये गये [मजमूआ इ क़वानीने मुमालिके मगरबी ओ शिमाली ओ अवध मतबूअ़ः इ सन १८९२ ई०—सफ़ह ६९६]।

जिस की मीआद तीन बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

सर्कारी मुलाज़िम के साथ रसूख़े ज़ाती अमल में लाने के लिये नाजाइज़ इहतिज़ाज़ लेना ।

दफ़ः १६३—जो कोई शख़्स किसी सर्कारी मुलाजिम को अपने ज़ाती रसूख के अमल में लाने से इस बात की तहरीक करने के लिये कि वह सर्कारी मुलाजिम कोई मन्सबी अमल करे या उससे बाज़ रहे या सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से अपने लवाज़िमे मन्सबी के निफाज़ में किसी शख़्स की तरफदारी करे या उसके खिलाफ पर हो या हिन्द की लेजिस्लेटिफ या इक्ज़िक्यूटिफ गवर्नमेन्ट या किसी प्रेज़ीडेन्सी की गवर्नमेन्ट या किसी लेफ़्टिनेन्ट गवर्नर[1] [या इलाहाबाद यूनीवर्सिटी के सिनिट के किसी मिम्बर] या सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से किसी सर्कारी मुलाजिम के रूबरू किसी शख़्सके साथ भलाई या बुराई करे या उसका इक़दाम करे किसी शख़्स से किसी तरहका नाजाइज़ इहतिजाज बतौर तहरीक या हक़्क़ुस्सई के तौर पर अपने वास्ते ख़ाह किसी और शख़्स के वास्ते क़ुबूल करे या हासिल करे या क़ुबूल करने पर राज़ी हो या हासिल करने में जिहिद करे तो शख़्से मज़कूर को क़ैद महज़ की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

तमसील ।

(बाब ९—उन जुर्मों के बयान में जो सर्कारी मुलाज़िमों से सरज़द हों या उन से मुतअ़ल्लिक़ हों—दफ़. १६५।)

है किसी जुर्म के इर्तिकाब की बिना है और वह उस जुर्म में इआ- करे तो शख़्से मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की द की सजा दी जायगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है ज़ुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

ज़िम उन जरायम में करे जिन की तारीफ़ दफ़. १६२ या १६३ में की गई है।

तमसील।

जैद सर्कारी मुलाज़िम है और हिन्दः जो जैद की जौजः है जैद से किसी ख़ास शख़्स को ई उहदः देने की दरख़्वास्त करने के लिये वजह तहरीर के तौर पर कोई तुहफ़ ले और ऐसा करने में हिन्द की इआनत करे तो हिन्दः सज़ाय क़ैद की मुस्तौजिब है जिसकी आद एक बरस से जियाद: न हो या ज़ुर्माने की या दोनों की और ज़ैद सज़ाय क़ैद का तौजिब है जिसकी मीआद तीन बरस तक हो सक्ती है या ज़ुर्माने का या दोनों का।

दफ़ः १६५—कोई शख़्स जो सर्कारी मुलाज़िम है किसी ऐसे ख़्स से जिसको उसकी इल्म में किसी ऐसे मुक़दमे या मुआमिले से अ़ल्लुक़ था या तअ़ल्लुक़ है या तअ़ल्लुक़ रखने का इहतिमाल है जसको उस सर्कारी मुलाज़िम ने अन्जाम दिया या जिसको वह अन्- ाम देने वाला है या जो उस सर्कारी मुलाज़िम या किसी और सर्कारी ुलाज़िम के लवाज़िमे मन्सबी से इलाक़ः रखता है जिसका वह ताबे है। या किसी ऐसे शख़्ससे जिसको वह सर्कारी मुलाज़िम जानता है के वह उस शख़्ससे जिसको तअ़ल्लुक़ मज़कूर है कुछ वास्तः या रिश्तः खता है—कोई क़ीमती शै बग़ैर देने बदल के या ऐसे बदल पर जिसको ह सर्कारी मुलाज़िम ग़ैर मुक़्तफ़ी जानता हो अपने वास्ते या किसी दूसरे शख़्स के वास्ते क़ुबूल करे या हासिल करे या क़ुबूल करने पर ाज़ी हो या हासिल करने की जिहद करे—

सर्कारी मुलाज़िम किसी शख़्स से जो किसी मुक़द्दमे या मुआमिले से तअ़ल्लुक़ रखता हो जिसको उस सर्कारी मुलाज़िम ने अन्जाम दिया—कोई क़ीमती शै बिला बदल हासिल करे।

तो शख़्स मजकूर को क़ैद महज की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद दो बरस तक हो सक्ती है या ज़ुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद जो कलक्टर है बक्र का एक घर किराये पर ले जिसका कोई मुक़द्दमः ब न्दोबस्त जैद के यहां दायर है और यह शर्त ठहरे कि जैद पचास रुपय. माहवारी दिया करेगा हालांकि वह घर इस हैसियत का है कि अगर नेक नीयती से मुआमिला किया

जाता तो जैद को दो सो रुपया गाहवारी देने पड़ते तो जैद ने बिला देने पूरे बदल के गो से एक क़ीमती शै हासिल की ।

(बे) जैद जो जज है एक शख़्स मस्लन् बक्र से जिसका मुक़द्दमः जैद के मह़कमे में दाइर है गवर्नमेन्ट के प्रामीसरी नोट बट्टेपर ख़रीदे जब कि बाज़ार में उन नोटों पर फ़िरतः मिलता हो तो जैद ने बक्र से बिला देने पूरे बदल के एक क़ीमती शै हासिल की।

(जीम) बक्र का भाई गिरफ़्तार होकर जैद के रूबरू जो मजिस्ट्रेट है इल्ज़ाम दरोग़ हलफ़ी की इल्लत में लाया जाय और जैद बक्र के हाथ किसी बंक के हिस्से फ़िरते पर बेचे जब कि बाज़ार में उन हिस्सों पर बट्टा लगता हो और बक्र उस हिसाब से उन हिस्सों की क़ीमत जैद को देदे तो रुपय. जो जैद ने इस तरह हासिल किया एक क़ीमती शै है जो जैद ने बिला देने पूरे बदल के हासिल की ।

सर्कारी मुलाज़िम जो किसी शख़्स को नुक़्सान पहुचाने की नीयत से क़ानून से इन्ह़िराफ़ करे ।

दफ़ः १६६—कोई शख़्स जो सर्कारी मुलाज़िम है क़ानून की किसी हिदायत से जो उस तरीक़े से मुतअ़ल्लिक़ हो जिसमें उसको सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से चलना चाहिये जान बूझकर इन्ह़िराफ़ करे इस नीयत से या इस अमर के इह़तिमाल के इल्म से कि उस इन्ह़िराफ़ से किसी शख़्स को नुक़्सान पहुंचाये तो उसको क़ैद महज की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दी जायेंगी ।

तमसील ।

में से किसी क़िस्मकी क़ैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीत्र्प्राद तीन बरसतक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दीजायेंगी।

दफ़ः १६८–कोई शख़्स जो सर्कारी मुलाजिम है और जिस पर उस सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से तिजारत से सरोकार न रखना कानूनन् वाजिब है तिजारत से सरोकार रखे तो शख़्स मज़कूर को क़ैद महज की सजादी जायेगी जिसकी मीत्र्प्राद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

सर्कारी मुलाज़िम जो नाजायज़ तौर पर तिजारत से सरोकार रखे।

दफ़ः १६९–कोई शख़्स जो सर्कारी मुलाज़िम है और जिसपर उस सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से किसी खास मालको ख़रीद न करना या उसके लिये बोली न बोलना क़ानूनन् वाजिब है उस माल को अपने नाम से या किसी दूसरे शख़्स के नाम से बिल इश्तिराक ख्वाह औरों के साथ बित्तखसीस हिसस् खरीदे या उसके लिये बोली बोले तो शख़्स मजकूर को क़ैद महज की सजा दीजायेगी जिसकी मीत्र्प्राद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी और माले मजकूर अगर खरीदा गया हो तो जब्त किया जायेगा।

सर्कारी मुला-ज़िम जो नाजायज़ तौर पर कोई माल ख़रीदे या उसके लिये बोली बोले।

दफ़ः १७०–जो कोई शख़्स सर्कारी मुलाज़िम के तौर पर किसी खास उहदे पर मन्सूब होनेका इद्दिआ करे यह जान कर कि वह उस उहदे पर मन्सूब नहीं है या झूठ मूठ कोई ऐसा शख़्स बने जो उस उहदे पर मन्सूब है और उस वजये इद्दिआई की हालत में उहदःइ मजकूर के एतिबार से कोई फेल करे या किसी फेल का इक़दाम करे तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीत्र्प्राद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

सर्कारी मुला-ज़िम बनना॥

दफ़ः १७१–कोई शख़्स जो सर्कारी मुलाजिमों के किसी खास तबक़े में दाखिल न हो कोई ऐसा लिबास पहने या कोई ऐसा निशान लिये फिरे जो उस लिबास या निशान के मुशाबिह हो जो सर्कारी मुलाजिमों के उस तबके में मुस्तअ़मल है इस नीयत से या इस अमरके

फ़रेब की नीयत से वह लिबास पहना या वह निशान लिये फिरना।

जिसको सर्कारी मुलाज़िम इख्तियार करता हो।

इहतिमाल के इल्म से कि वह शख़्स सर्कारी मुलाज़िमों के उस तबक़े में दाखिल समझा जाय तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद तीन महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा जिस की मिक़दार दो सौ रुपये तक हो सक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

१

बाब १०।

सर्कारी मुलाज़िमों के इख़्तियाराते जायज़ की तहक़ीर के बयान में।

समन या और इत्तिलानामे का अपने पास तक पहूंचना टाल देने के लिये रूपोश हो जाना।

दफ़ः १७२–जो कोई शख़्स इस लिये रूपोश होजाय कि किसी ऐसे सर्कारी मुलाज़िम के जारी किये हुये समन या इत्तिलानामे या हुक्म का उस तक पहूंचना टल जाय जो उस सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से उस समन या इत्तिलानामे या हुक्म के जारी करने का क़ानूनन् मुजाज़ है तो उस शख़्स को क़ैद महज़ की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद एक महीनेतक होसक्ती है या जुर्मानेकी सजा जिसकी मिक़दार पांच सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी–या अगर वह समन या इत्तिलानामः या हुक्म इस मजमून से सादिर हुआहो कि कोई शख़्स किसी कोर्ट आफ जस्टिसमें खुद हाज़िरहो या अपने एजिन्टको हाज़िरकरे या वहां कोई दस्तावेज पेशकरेतो उस शख़्स

को क़ैद महज की सजा दी जायेगी जिसकी मीत्याद छःमहीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

दफ़ः १७३–जो कोई शख़्स किसी ऐसे सर्कारी मुलाजिम के जारी किये हुये समन या इत्तिलानामे या हुक्म के अपने या औरके पास पहुंचने को किसी तरह क़स्दन् रोके जो उस सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से उस समन या इत्तिला नामे या हुक्म के जारी करने का क़ानूनन् मुजाज़ है–

समन या और इत्तिला नामे के अपने या और के पास तक पहुचने को या उसके मुश्तहर किये जाने को रोकना।

या क़स्दन् उस समन या इत्तिला नामे या हुक्म के किसी जगह जब्राजन् चस्पां किये जाने को रोके–

या किसी ऐसे समन या इत्तिला नामे या हुक्म को किसी जगह से जहां वह जब्राजन् चस्पां किया गया है क़स्दन उखाड़े–

या किसी ऐसे इश्तिहार के इजराय जायज़ को क़स्दन रोके जो किसी ऐसे सर्कारी मुलाजिम के हुक्म के मुताबिक़ हो जो उस सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से उस इश्तिहार के जारी कराने का क़ानूनन् मुजाज है–

तो उस शख़्स को क़ैद महज़ की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीत्र्याद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार पांच सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी–

या अगर वह समन या इत्तिलानामः या हुक्म या इश्तिहार इस मज़मून से सादिर हुआ हो कि कोई शख़्स किसी कोर्ट आफ जस्टिस में खुद हाजिर हो या अपने एजिन्ट को हाज़िर करे या वहां कोई दस्तावेज पेश करे तो शख्स मजकूर को क़ैद महज की सजा दी जायगी जिसकी मीत्र्याद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्तीहै या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

दफ़ः १७४–कोई शख़्स जिसको किसी ऐसे सर्कारी मुलाज़िम के जारी किये हुये समन या इत्तिलानामे या हुक्म या इश्तिहार की

हाज़िर होने को जो सर्कारी

(बाब १०-सर्कारी मुलाज़िमों के इख़्तियाराते जायज़ की तहक़ीर के बयान में-दफ़ः १७५ ।)

हुक्म के हुक्म की तामील में हो तर्क करना ।

तामील में जो उस सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से उस समन या इत्तिलानामे या हुक्म या इश्तिहार के जारी करने का क़ानूनन् मुजाज़ है किसी खास मुक़ाम श्रो ख़ास वक्त पर खुद हाजिर होना या अपने एजन्ट को हाजिर करना क़ानूनन् वाजिब हो और वह शख़्स-

उस मौक़ा या वक्त पर हाजिर होना कस्दन तर्क करे या उस मुकाम से जहां उसको हाजिर रहना वाजिब है उस वक्त से पहले चला जाय जब कि उसका वहां से चला जाना जायज है-

तो उस शख़्स को क़ैद महज की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीत्र्याद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार पांच सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी-

या अगर वह समन या इत्तिला नामः या हुक्म या इश्तिहार इस मज़मून से सादिर हुआ हो कि कोई शख़्स किसी कोर्ट आफ जस्टिस में खुद हाजिर हो या अपने एजन्ट को हाजिर करे तो क़ैद महज की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीत्र्याद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक हो सक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी ।

तो शख्स मजकूर को क़ैद महज की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्मानेकी सजा जिसकी मिक़दार पांचसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी—

तर्क करे जिसपर उस का पेश करना क़ानूनन् वाजिब है।

या अगर वह दस्तावेज किसी कोर्ट आफ जस्टिस में पेश किये जाने या हवाले कियेजाने को हो तो क़ैद महज की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्मानेकी सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी—

तमसील।

ज़ैद जिसको किसी ज़िला कोर्ट के हुजूर में किसी दस्तावेज़ का पेश करना क़ानूनन् वाजिब है दस्तावेज़ मज़कूर का पेश करना क़स्दन् तर्क करे तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तारीफ़ इस दफ़ में की गई है।

दफ़: १७६[1]—कोई शख्स जिसपर किसी सर्कारी मुलाज़िमको उसकी सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से किसी अमर की निस्बत कोई इत्तिला देनी या खबर करनी क़ानूनन् वाजिब है उस वक़्त और उस तौर पर जो क़ानून की रू से मुअय्यन है वह इत्तिला देनी या खबर करनी क़स्दन् तर्क करे तो उस शख्स को क़ैद महज की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार पांच सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी—

वह शख्स सर्कारी मुलाज़िम को इत्तिला या ख़बर देनी तर्क करे जिसपर इत्तिला या ख़बर देनी क़ानूनन् वाजिब है।

या अगर वह इत्तिला या खबर जिसके देने का हुक्म है किसी जुर्म[2] के इर्तिकाब से मुतअल्लिक़ हो या किसी जुर्म[2] के इर्तिकाबकी रोक के लिये या किसी मुजरिम[2] के गिरफ़्तार करनेके लिये ज़रूर हो तो उस शख्स को क़ैद महज की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक हो सक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

---

[1] मुलाहज़: तल्ब मालूम के दफ़: ८२ का फुट नोट।

[2] लफ़्ज़ "जुर्म" और "मुजरिम" केमाने के लिये मुलाहज़ तल्ब मावाद की दफ़ १६७ की नज़ीर।

(बाब १०—सर्कारी मुलाज़िमों के इख़्तियार से जायज़ की तहक़ीर के बयान में—दफ़ः १७७

झूठी ख़बर देना।

दफ़ः १७७—कोई शख़्स जिसपर किसी सर्कारी मुलाज़िम को उसकी सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियतसे किसी अमरकी निस्बत ख़बर देनी क़ानूनन् वाजिब हो उस अमर की निस्बत ऐसी बात ख़बर दे जिसको वह झूठी जानता हो या जिसके झूठी जानने कीवजह रखता हो तो शख़्स मज़कूर को क़ैद महज़ की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक हो सकती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी—

या अगर वह ख़बर जिसका देना उस शख़्स पर क़ानूनन् वाजिब है किसी जुर्मके इर्तिकाबसे मुतअल्लिक हो या किसी जुर्मके इर्तिकाब की रोकके लिये या किसी मुजरिमके गिरिफ़्तार करने के लिये दरकार हो तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक हो सकती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी या।

(बाब १०—सर्कारी मुलाज़िमों के इख़्तियाराते जायज़की तहक़ीर के बयान में—दफ़आत १७८—१७६ ।)

तशरीह[1]—दफः १७६—और इस दफः में लफ्ज़ "जुर्म" में हरएक ऐसा फेल दाखिल है जिसका इर्तिकाब किसी मुक़ाम खारिजे ब्रिटिश इन्डियामें हुआहो और जो ब्रिटिश इन्डिया के अन्दर सादिर होनेकी तक़दीर में दफआते मर्क़ूमुज्जैल याने दफआत ३०२ओ ३०४ ओ ३८२ ओ ३९२ ओ ३९३ ओ ३९४ ओ ३९५ ओ ३९६ ओ ३९७ ओ ३९८ ओ ३९९ ओ ४०२ ओ ४३५ ओ ४३६ ओ ४४९ ओ ४५० ओ ४५७ ओ ४५८ ओ ४५९ ओ ४६० में से किसी दफः की रूसे लायक़े सजा होता—और लफ़्ज़ "मुजरिम" में हरएक शख़्स दाखिल है जिसकी निस्बत किसी वैसे फेल का मुजरिम होना जाहिर किया गया है ।

दफ़ः १७८—जो कोई शख़्स सच सच बयान करने के लिये हल्फ उठाने[2] [या इक़रार सालिह करने] से उस हालमें इन्कार करे जब कि कोई ऐसा सर्कारी मुलाजिम उसको उस अमरका हुक्मदे जो उस अमर के लिये हुक्म देने का कानूनन् मुजाज है तो उस शख़्स को क़ैद महज की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपयेतक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी ।

हल्फ़ उठाने या इक़रारे सालिह करने से इन्कार करना जब कोई सर्कारी मुलाज़िम उस का बाज़ाबितः हुक्म दे ।

दफ़ः १७६—कोई शख़्स जिसपर किसी अमर की निस्बत किसी सर्कारी मुलाजिम से सच सच बयान करना क़ानूनन् वाजिब हो कि किसी ऐसे सवालके जवाब देने से इन्कारकरे जो वह सर्कारी मुलाजिम उस सर्कारी मुलाजिमी के इख़्तियाराते कानूनी के निफाजमें उस अमर की निस्बत उससे पूछे तो उस शख़्स को क़ैद महज की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपयेतक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

सर्कारी मुलाज़िम को जो सवाल करने का इख़्तियार रखता है जवाब देने से इन्कार करना ।

[1] यह तशरीह हिन्दके फौजदारी आईनके तर्मीम करनेवाले ऐक्ट सन्१८९४ई० (नम्बर३ मुसदर इ सन १८९४ ई०) की दफ़:२के ज़रीयेसे इल्हाक कीगई [ऐक्ट हायआम—जिल्द६]

[2] यहअलफ़ाज़ ऐक्ट मुतअल्लिके हल्फ मजरीय इ हिन्द सन्१८७३ई०(नम्बर१०मुसदरः इ सन् १८७३ ई०) की दफः १४ के ज़रीय से दाखिल कियेगये[ऐक्ट हायआम—जिल्द२]

(बाब १०—सर्कारी मुलाज़िमों के इख्तियाराते जायज़की तह्कीरके बयान में—दफ़आत १८०–१८२।)

बयान पर दस्तखत करने से इन्कार करना।

दफ़ः १८०—जो कोई शख्स अपने किसी बयानपर जो क़लमबन्द हुआहो उस हालमें दस्तखत करने से इन्कारकरे जब कि कोई सर्कारी मुलाजिम जो उस शख्स को उस बयान पर दस्तखत करने के लिये हुक्म देने का क़ानूनन् मुजाज़ है उस को उस बयान पर दस्तखत करने का हुक्म दे तो शख्स मजकूर को क़ैद महज की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद तीन महीनेतक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार पांचसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

सर्कारी मुलाजिम या उस शख्स से जो हल्फ़ या इक़रारे सालिह लेने का इख्तियार रखता है व हल्फ़ व इक़रारे सालिह झूठ बयान करना।

दफ़ः १८१—कोई शख्स जिसका हलफ[1] [या इक़रारे सालिह] की रूसे किसी ऐसे सर्कारी मुलाजिम या किसी ऐसे दूसरे शख्स के रूबरू जिसको क़ानूनन् ऐसे हलफ[1] [या इक़रारे सालिह] लेने का इख्तियार है किसी अमर में सच सच बयान करना क़ानूनन् वाजिबहो उस सर्कारी मुलाजिम या उस दूसरे शख्स से जिसका ऊपर जिक्र हुआहै उस अमर की निस्बत कुछ बयानकरे जो झूठा हो और जिसको वह झूठा जानता या झूठा बावर करताहो या जिसको वह सच्चा बावर न करता हो तो उस शख्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैदकी सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

दफ़ः १८२[2]—जो कोई शख्स किसी सर्कारी मुलाजिमको कोई ऐसी खबर दे जिसको वह झूठी जानता या झूठी बावर करता हो और उसकी यह नीयत हो या इस अमर का एहतिमाल उसके इल्म में हो कि उसके जरीये से उस सर्कारी मुलाजिम से—

(अलिफ) कोई ऐसा अमर कराय या तर्क कराय जिस का करना या तर्क करना उस सर्कारी मुलाज़िम को न चाहिये था अगर उन वाकिआतका सच्चा हाल जिनकी निस्बत वह ख़बर दीगई है उसको मालूम होता—या

(बे) उस की सर्कारी मुलाज़िमी का इख़्तियारे जायज़ किसी शख़्स को नुक़सान या रंज पहुंचाने के लिये नाफ़िज़ कराय—

तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दीजायें गी।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद किसी मजिस्ट्रेट को यह ख़बर दे कि बकर जो एक उहदःदारे पुलीस है और उस मजिस्ट्रेट का मातहत है अपने काम में ग़फ़लत या बदचलनीका मुजरिम हुआ है यह जानकर कि वह ख़बर झूठी है और यह जानकर कि उस ख़बर के सबब से इहतिमाल है कि वह मजिस्ट्रेट बक्र को मौक़ूफ़ कर देगा तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में की गई है।

(बे) ज़ैद किसी सर्कारी मुलाज़िम को यह झूठी ख़बर दे कि बक्रके पास एकमख़्फ़ी जगह में नमके ममनू मौजूद है यह जानकर कि वह ख़बर झूठी है और यह जानकर कि उस ख़बर के सबब से बक्र की ख़ानः तलाशी होने का इहतिमाल है जिससे बक्रको रंज पहुंचेगा तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में की गई है।

(जीम) ज़ैद किसी अहले पुलीस को यह झूठीख़बर दे कि फ़ुलां गांवके क़ुर्ब ओ जवार में मुझपर हम्ला हुआ है और मैं लूटागया हूं मगर ज़ैद उसपर हम्ला करनेवालों में से किसीएक का भी नाम नहीं बताता है मगर यह जानता है कि इसका इहतिमाल है कि इस ख़बर के सबब से पुलीसउस गांवमें तहक़ीक़ातकरेगा और तलाशी लेगा जिससे गांववालोंको या उनमें से बाज़को रंज पहुंचे गा तो ज़ैद इस दफ़ः की रू से मुर्तकिब जुर्म हुआ।

दफ़ः१८३—जो कोईशख़्स किसीमालकेलिये जानेमें जो किसी सर्कारी मुलाज़िमके इख़्तियारे जायज की रूसे लिया जाता हो किसी तरह का तअर्रुज़ करे यह जानकर या बावर करने की वजह रख कर

माल के लिये जाने में जो सर्कारी मुला-

(बाब १०—सर्कारीमुलाज़िमों के इख्तियाराते जायज़की तहक़ीर के बयान में— दफ़आत १८४—१८६ ।)

ज़िम के इख्ति-यार जायज़की रूसे लिया जाता हो तअ-र्रुज़ करना।

कि वह ऐसा ही सर्कारी मुलाज़िम है तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

माल के नीलाम में जो सर्कारी मुला-ज़िमके इख्ति-यार की रूसे नीलाम पर चढ़ाया गया हो—मुज़ाहम होना।

दफ़ः १८४—जो कोई शख़्स किसी माल के नीलाम में जो बहैसियते मुलाज़िमी किसी सर्कारी मुलाज़िम के इख्तियारे जायज़की रू से नीलाम पर चढ़ाया गया हो क़स्दन् मुज़ाहमत पहुंचाये तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद एकमहीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार पांच सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी।

दफ़ः १८५—जो कोई शख़्स किसी माल के नीलाममें जो बहैसियते मुलाज़िमी किसी सर्कारी मुलाज़िम के इख्तियारे जायज़की रू से होता हो किसी शख़्स के लिये—ख़्वाह इससे कि ख़ुदही हो या कोई और—कोईमाल ख़रीदे या उसके लिये बोली बोले यह जान कर कि उस शख़्स को उस नीलाममें माले मज़कूरका ख़रीदना क़ानूनन ममनू है या उस माल पर बोली बोले और उन शरायत के अदा करने की नीयत न रखता हो जो उस बोली बोलने से उस पर आयद होंगी तो शख़्स मज़कूरको दोनों क़िस्मोंमेंसे किसी क़िस्मकी क़ैदकी सजा दी जायेगी जिसकी मीआद एकमहीने तकहोसक्तीहै या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार दोसौ रुपयेतक होसक्तीहै या दोनों सजायेंदीजायेंगी।

(बाब १०—सर्कारी मुलाज़िमों के इख्तियाराते जायज़ की तहक़ीर के बयान में—दफ़आत १८७—१८८।)

दफ़ः [1] १८७—जो कोई शख़्स जिस पर किसी सर्कारी मुलाज़िम को उसके लवाज़िमे मन्सबी की अंजामदिही में मदद देनी या पहुंचानी क़ानूनन् वाजिब हो क़सदन् ऐसी मदद देनी तर्क करे तो उसको क़ैद महज़ की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार दोसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी—

सर्कारी मुलाज़िम के मदद देने को तर्क करना जब कि क़ानून की रू से मदद देना वाजिब हो।

और अगर वह मदद उस शख़्स से किसी ऐसे सर्कारी मुलाज़िमने मांगी हो जो क़ानूनन् मुजाज है ऐसी मदद तलब करने का वास्ते तामील किसी हुक्मनामे के जो किसी कोर्ट आफ जस्टिसने जवाज़न् जारी किया हो या किसी जुर्म के इर्तिकाब के रोकने या किसी बलवे या हंगामे के फ़रो करने के लिये या किसी ऐसे शख़्स के गिरफ़्तार करने के लिये जिसपर किसी जुर्म का इल्ज़ाम लगाया गया हो या जो किसी जुर्म का या हिरासते जायज से भाग जाने का मुजरिम हुआ हो तो शख़्स मजकूर को क़ैद महज़ की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार पांचसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

दफ़ः [1] १८८—जो कोई शख़्स यह जान कर कि उसको हुक्म के ज़रीये से जो किसी ऐसे सर्कारी मुलाज़िम ने मशहूर कराया हो जो क़ानून की रू से ऐसे हुक्म के मशहूर कराने का मुजाज है किसी खास फेल से बाज रहने या किसी खास माल की निस्बत जो उसके क़ब्जे या इहतिमाम में है कोई खास बन्दोबस्त करने की हिदायत हुई है और वह शख़्स उस हिदायत से इन्हिराफ़ करे—

सर्कारी मुलाज़िम के बाज़ाबितः मशहूर कराये हुये हुक्म से इन्हिराफ़।

तो अगर वह इन्हिराफ़ उन लोगों को जो किसी कारेजायज में मसरूफ़ हैं मुज़ाहमत या रंज या नुक़सान या मुजाहमत या रंज या नुकसान का खतरः पहुंचाय या पहुंचाने की तरफ़ मुनजर हो तो उस शख़्स को क़ैद महज़ की सजा दीजायेगी जो एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार दोसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी—

[1] मुलाहज़ः तलब माक़ब्ल के सफ़. ८२ का फुट नोट।

और अगर वह इन्हिराफ इन्सान की जान या आफ़ियत या सलामती को खतरः पहुंचाय या पहुंचाने की तरफ मुनजर हो या कोई बल्वः या हंगामःबरपा करे या बरपा करने की तरफ मुनजर हो तो उस शख़्स को दोनों किस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक हो सक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

तशरीह—यह जरूर नहीं है कि गजन्द पहुंचाना मुजरिम की नीयत में हो या उस अमर का इहतिमाल उसके ज़िहन में हो कि उसके इन्हिराफ से गजन्द पैदा होगा बल्कि इतना ही काफी है कि वह उस हुक्म को जानता हो जिस्से वह इन्हिराफ करता है और यह कि उसका इन्हिराफ गजन्द पैदा करता है या उस्से गजन्द पैदा होने का इहतिमाल है ।

दफ़ः १९०—जो कोई किसी शख़्स को इस गरज से नुक़्सान पहुंचानेकी धम्की दे कि वह किसी नुक़्सान से मुहाफ़िजत कियेजाने के लिये किसी ऐसे सर्कारी मुलाजिमके हुज़ूरमें हस्ब क़ानून दर्ख़ास्त करने से बाजरहे या दस्तकशहो जो उस सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से ऐसी मुहाफ़िजत करने या कराने का क़ानूनन् मुजाजहो तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी कैदकी सजा दीजायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

किसी शख़्स को सर्कारी मुलाज़िम से दर्ख़ास्त मुहाफ़िज़त करने से बाज़रहने की तहरीक करने के लिये नुक़सान की धम्की देना ।

बाब ११ ।[1]

झूठी गवाही और जरायम मुख़ालिफ़े मआदलते आम्मः के बयानमें।

दफ़ः १९१—कोई शख़्स जिसपर क़ानूनन् हल्फ़की रूसे या क़ानूनके किसी खास हुक्मसे सच सच बयान करना या क़ानूनकी रूसे

झूठी गवाही देना ।

---

[1] दरबार-तअ़ल्लुक पिज़ीर होने दफ़आत १९४ ओ १९५ ओ २०१ लग़ायत २०३ ओ २११ लग़ायत २१४ ओ २१६ ओ २२१ लग़ायत २२५ निस्बते जरायम तहते क़वानीने मुख़्तस्सुल अमर या मुख़्तस्सुल मुक़ामके—मुलाहज़ तलब माक़ब्ल की दफ़: ४० ।

दरबार इ इख़्तियार वास्ते रुजू करने इस्तिगासों के तहते दफ़आत १९३ लग़ायत १९६ या दफ़ १९९ या २०० या २०५ लग़ायत २११ या २२८—मुलाहज़ तलब मजमूअ इ ज़ाबित इ फ़ौजदारी सन् १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसदरःइ सन् १८९८ ई०) की दफ़ १९५ ज़िम्न (ब) [ऐक्ट हाय आम—जिल्द ६]।

दरबारःइ ज़ाबित इ कार्रवाई उन जुर्मों की सूरत में जो दफ़ १९३ या १९६ या १९९ या २०० या २०५ लग़ायत २१० में मज़कूरहैं—मुलाहज तलब मजमूअ इ ज़ाबित इ दीवानी की दफ़ ६४३ [ऐक्ट हाय आम—जिल्द ४] और उस जुर्मकी सूरतमें जो दफ़ २२८ में मज़कूर है—मुलाहज़ तलब मजमूअःइ ज़ाबित इ फ़ौजदारी सन् १८९८ ई० (ऐक्ट५मुसदरःइ सन् १८९८ ई०) की दफ़आत ४८० ओ ४८१ ओ ४८२—और प्रेज़ीडेंसी शहरों की अदालतहाय मुतालिबाते ख़फ़ीफ़ः के ऐक्ट सन् १८८२ ई० (नम्बर १५ मुसदर इ सन् १८८२ ई०) का बाब २२ [ऐक्ट हायआम—जिल्द ४]।

दरबार इ सज़ाय ताज़ियानःन पाने का उन जुर्मों के जो दस्त दफ़ः १९३ क़ाबिले सज़ा है जिनकी तारीफ़ दफ़ १९४ या १९५ या २११ में कीगई है—मुलाहज़ तलब ऐक्ट सज़ाय

किसी अमर की निस्बत कुछ इक़रार करना वाजिब हो कोई ऐसा बयानकरे जो झूठाहो और जिसको वह झूठा जानता याह झूठा बावर करताहो या जिसको वह सच्चा बावर न करता हो तो कहा जायगा कि उसने झूठी गवाही दी।

तशरीह १—कोई बयान आम इससे कि वह ज़बान से किया जाय या किसी और तरह इस दफ़ः की मुराद में दाख़िल है।

तशरीह २—कोई झूठा बयान जो तसदीक़ करनेवाला शख़्स अपनी दानिस्त की निस्बतकरे इस दफ़ा की मुरादमें दाख़िलहै और जैसे कि कोई शख़्स यह बयान करने से कि मैं फलानी बात जानताहूं जिसको वह न जानताहो झूठी गवाही देनेका मुजरिम है वैसेही यह शख़्स भी झूठी गवाही देनेका मुजरिम होसकताहै जो बयान करे कि मैं फलानी बातको बावर करताहूं जिसको वह बावर न करताहो।

(जीम) ज़ैद जो बक्र की ख़त की शान पहचानता है यह बयान करे कि मैं बावर करताहूं कि फ़ुला दस्तख़त बकर के हाथ के लिखे हुये हैं और नेकनीयती से ऐसाही बावर करता हू तो इस सूरत में ज़ैद का बयान सिर्फ़ अपनी दानिस्त की निस्बत है और वह उसकी दानिस्त की निस्बत सच्चा है और इस लिये ज़ैद ने झूठी गवाही नहीं दी गो वह दस्तख़त बक्रके हाथ के लिखे न हों।

(दाल) ज़ैद जिसपर एक हलफ़ की रूसे सच सच बयान करना वाजिब है यह बयान करे कि मैं जानता हू कि बक्र फ़ुला दिन फ़ुला जगह मौजूद था हालांकि वह इस अमरकी निस्बत कुछ न जानताहो तो जैदने झूठी गवाही दी आम इससे कि बक्र उस रोज़ उस जगह मौजूद था या नहीं।

(हे) जैद तर्जुमान या मुतरज्जिम है जिसपर हलफ की रूसे वाजिब है कि किसी बयान या दस्तावेज़ का ज़बानी या तहरीरी सच्चा तर्जुम करे और वह ज़बानी या तहरीरी सच्चे तर्जुमे के तौरपर उसका ऐसा ज़बानी या तहरीरी झूठा तर्जुमः करे या उसकी तसदीक़ करे जो सच्चा न हो और जिसका सच्चा होना बावर न करता हो तो ज़ैद ने झूठी गवाही दी।

दफ़ः १९२—जो कोई शख़्स कोई सूरत पैदाकरे या किसी किताब या किसी काग़ज़े सरिश्तः में कोई झूठी तहरीर बनाय या कोई दस्तावेज़ जिस में कोई झूठा बयान मुन्दर्जहो बनाय इस नीयत से कि वह सूरत या झूठी तहरीर या झूठा बयान अदालत की किसी कार्रवाई में या किसी कार्रवाई में जो क़ानून की रूसे किसी सर्कारी मुलाज़िम के रूबरू उस की सर्कारी मुलाज़िमी की हैसियत से या किसी सालिस के रूबरू होरही हो वजह सबूत में पेश होसके और इस नीयत से कि वह सूरत या झूठी तहरीर या झूठा बयान जो इसी तरह वजह सुबूत में पेश होसके किसी ऐसे शख़्स को जो उस कार्रवाई में वजह सुबूत की निस्बत राय लगायेगा किसी अमर की निस्बत जो उस कार्रवाई के नतीजे के लिये अहम है ग़लत राय बहम पहुंचाने का बाइस होसके तो कहा जायेगा कि उस शख़्स ने "झूठी गवाही बनाई"।

झूठी गवाही बनाना।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद किसी सन्दूक में जो बक्र का है इस नीयत से कुछ ज़ेवर रखदे कि वह जेवर उस सन्दूक़ से बरामद हो और यह सूरत बक्र को सर्क़े का मुजरिम साबित कराय तो जैदने झूठी गवाही बनाई।

(बाब ११-झूटी गवाही और जरायम मुख़ालिफ़े मादलते आम्मः के बयान में-दफ़ः१९३)

(वे) जैद अपनी दूकान के बही खाते में इस ग़रज़ से कोई झूटी तहरीर बनाय कि वह उसको किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस में बमन्ज़िलः सुबूते मुवय्यद काम में लाय तो जैदने झूटी गवाही बनाई।

(जीम) जैद इस नीयत से कि बकरको मशवरःइ मुजरिमानः का मुजरिम साबित कराय इस तरह एक चिट्ठी लिखे कि उसमें बकर के ख़त से अपना ख़त मिलादे और वह चिट्ठी उस मशवरःइ मुजरिमानः के किसी शरीक के नाम लिखी हुई जानी जाय और उस चिट्ठी को ऐसी जगह रखे जहां वह जानता हो कि ग़ालिबन् पुलीसके उहदःदार तलाश करेंगे तो ज़ैदने झूटी गवाही बनाई।

झूटी गवाही की सज़ा।

दफ़ः १९३—जो कोई शख़्स अदालत की कार्रवाई की किसी हालत में क़स्दन् झूटी गवाही दे या इस ग़रज से झूटी गवाही बनाय कि वह अदालत की किसी कार्रवाई की किसी हालत में काम में लाई जाय तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा—

और जो कोई शख़्स क़स्दन् किसी और हाल में झूटी गवाही दे या बनाय तो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का मुस्तौजिब होगा।

तशरीह १—जो कोई मुक़द्दमः किसी कोर्ट मार्शल [1] **** के हुज़ूर में दर पेशहो उसकी तहक़ीक़ात और तजवीज़ अदालत की एक कार्रवाई [2] है।

तशरीह २—किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस के हुज़ूर की कार्रवाई से पहले जिस तफ़तीश की निस्बत क़ानून की रूसे हिदायतहो वह तफ़तीश अदालत की कार्रवाई [2] की एक हालत है गो वह तफ़तीश किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस के हुज़ूर में वाक़े न हो।

---

१ अल्फ़ाज़ "या किसी मिलिटरी कोर्ट आफ़ रेक्विस्ट" छावनियों के ऐक्ट सन् १८८० ई० (नम्बर १३ मुसद्दरःइ सन् १८८९ ई०) के ज़रीये मन्सूख़ किये गये [ऐक्ट हायआम—जिल्द ४]

२ "अदालत की कार्रवाई" की तारीफ़ के लिये मुलाहिज़ा तलब मजमूअःइ ज़ाबितःइ फ़ौजदारी सन् १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दरःइ सन् १८९८ ई०) की दफ़ः ४ फ़िक़रः (मीम) [ऐक्ट हाय आम—जिल्द ६]।

(बाब ११-झूठी गवाही और जरायम मुखालिफ़े मादलते आम्मः के बयान में-दफ़ः १९४।)

तमसील।

ज़ैद किसी तहक़ीक़ात में जो किसी मजिस्ट्रेट के रूबरू इस अमर की तन्क़ीह करने की गरज़ से हो रही हो कि आया बक़र तजवीज़े मुक़द्दमः के लिये सिशन में सपुर्द किया जाय या नहीं हलफ़ से कुछ बयान करे जिसको वह झूठा जानता हो तो चूंकि यह तहक़ीक़ात अदालत की कार्रवाई की एक हालत है इस लिये ज़ैदने झूठी गवाही दी।

तशरीह ३-कोई तफ़तीश जिसके लिये क़ानून के मुताविक़ किसी कोर्ट आफ जस्टिस की जानिब से हिदायत हो और जो किसी कोर्ट आफ जस्टिस के हुक्म के मुताविक़ अमल में आये अदालत की कार्रवाई की एक हालत है गो वह तफ़तीश किसी कोर्ट आफ जस्टिस के हुज़ूर में वाक़े न हो।

तमसील।

ज़ैद एक तहक़ीक़ात में किसी अहलकार के रूबरू जो किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस की तरफ़ से वर सरे ज़मीन किसी अराज़ी की हुदूद को दर्याफ़्त करने के लिये मुअय्यन हुआ हो हलफ़ की रू से कुछ बयान करे जिसको वह झूठा जानता हो तो चूंकि यह तहक़ीक़ात अदालत की कार्रवाई की एक हालत है तो ज़ैदने झूठी गवाही दी।

जुर्म क़ाबिले सज़ाय मौत के साबित कराने की नीयत से झूठी गवाही देना या बनाना।)

दफ़ः १९४-जो कोई शख़्स झूठी गवाही दे या बनाये इस नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि उस झूठी गवाही के बाइस किसी शख़्सको ऐसे जुर्मका मुजरिम साबित कराये जिसकी पादाश में [1][क़ानून ब्रिटिश इन्डिया या इंगलिस्तान की रू से] सज़ाय मौत मुक़र्रर है तो शख़्स मजकूर को हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या क़ैद सख़्त की सजा दी जायगी जिसकी मीआद दस वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा-

अगर बेगुनाह शख़्स उसके सबब से मुजरिम साबित होजाय और सज़ाय मौत पाजाय।

और अगर कोई वे गुनाह शख़्स उस झूठी गवाही के सबब मुजरिम साबित होजाय और सज़ाय मौत पाजाय तो उस शख़्स को जिसने ऐसी झूठी गवाही दी हो या तो सज़ाय मौत दीजायेगी या वह सज़ा जो इस दफ़ः में पहले मजकूर हुई है।

---

[1] यह अलफ़ाज़ बजाय अल्फ़ाज़ "बज़रीये इस मजमूअः के" हिन्द की रेलवयों के ऐक्ट सन् १८९० ई० (नम्बर ९ मुसदरःइ सन् १८९० ई०) की दफ़ः १४९ के ज़रीये से क़ायम कियेगये [ऐक्ट हाय आम-जिल्द ५]।

(बाब ११-झूठी गवाही और जरायम मुतअल्लिक़े मादलते आम्मः के बयान में-दफ़आत १९५-१९७।)

झूठी गवाही देना या बनाना जुर्मे क़ाबिल सज़ाय हब्स बउबूरे दर्याय शोर या क़ैद के साबित कराने की नीयत से झूठी गवाही देना या बनाना।

दफ़ः १९५—जो कोई शख़्स झूठी गवाही दे या बनाये इस नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि उस झूठी गवाही के बाइस किसी शख़्स को ऐसे जुर्मका मुजरिम साबित कराये जिस की पादाश में [1][क़ानून ब्रिटिश इन्डिया या इंगलिस्तान की रू से] सज़ाय मौत तो मुक़र्रर नहीं है मगर हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या क़ैद जिसकी मीआद सात बरस या ज़ियादः है मुक़र्रर है तो शख़्स मज़कूर को वह सज़ा दी जायेगी जिसका मुस्तौजिब वह शख़्स है जो उस जुर्म का मुजरिम साबित होजाय।

तमसील।

ज़ैद किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस के हुज़ूर में इस नीयत से झूठी गवाही दे कि उसके ज़रीये से बक्र को डकैती का मुजरिम साबित कराये तो चूंकि डकैती के लिये हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या क़ैद सख़्त की सज़ा मुक़र्रर है जिसकी मीआद दस बरस तक हो सक्ती है मअ जुर्मानः या बिला जुर्मानः इस लिये ज़ैद उस हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या उस क़ैद सख़्त का मअ जुर्मानः या बिला जुर्मानः मुस्तौजिब है।

झूठ जानी हुई वजह सबूत को काममें लाना।

दफ़ः १९६—जो कोई शख़्स फ़ासिद तौर से किसी वजह सुबूत को जिसे वह जानता है कि झूठी या बनाई हुई है सच्ची या असली वजह सुबूत की हैसियत से काम में लाये या काम में लाने का इक़दाम करे तो उसको उसी तरह सज़ा दी जायेगी कि गोया उसने झूठी गवाही दी या बनाई।

झूठा सर्टीफ़िकट जारी करना या उस पर दस्तख़त करना।

दफ़ः १९७—जो कोई शख़्स कोई ऐसा सर्टीफिकट जारीकरे या उसपर दस्तख़त करे जिसका दिया जाना या जिसपर दस्तख़त किया जाना क़ानून की रू से ज़रूर है या जो किसी ऐसे उमूरे वाक़ई से मुतअल्लिक़ हो जिसकी वजह सुबूत के तौर पर वह सर्टीफिकट क़ानूनन् ले लिये जाने के लायक़ है और यह जानकर या बावर करने की वजह रखकर कि उस सर्टीफिकट में कोई अमर अहम झूठ लिखा

[1] यह अलफ़ाज़ बजाय अलफ़ाज़ "बज़रीये इस मजमूअः के" हिन्द की रेलवयों के ऐक्ट सन् १८९० ई० (नम्बर ९ मुसद्दरः सन् १८९० ई०) की दफ़ः १८९ के ज़रीये से क़ायम कियेगये [ऐक्ट हायआम-जिल्द ५]।

(बाब ११–झूठी गवाही और जरायम मुखालिफ़े मादलते आम्म के बयान में–
दफ़आत १९८–२०१ ।)

है तो उस शख़्स को उसी तरह सज़ा दीजायेगी कि गोया उसने झूठी गवाही दी ।

दफ़ः १९८–जो कोई शख़्स फासिद तौर से किसी ऐसे सर्टी फिकट को सच्चे सर्टीफिकटकी हैसियत से काम में लाये या काममें लाने का इक़दाम करे यह जानकर कि उस सर्टीफिकट में कोई अमर अहम झूठ लिखा है तो उस को उसी तरह सजा दीजायेगी कि गोया उसने झूठी गवाही दी ।

किसी सर्टीफ़िकटको जो झूठ जानाहुआ है सच्चेकी हैसियत से काम मे लाना ।

दफ़ः १९९–जो कोई शख़्स किसी इजहार[1] में जो उसने दिया या जिसपर उसने दस्तखत किये हों और जिस इजहार को किसी अमर वक़ूई की वजह सुबूत के तौर पर ले लेना किसी कोर्ट आफ जस्टिस या किसी सर्कारी मुलाजिम या किसी और शख़्स पर क़ानूनन् वाजिब या उसके लिये क़ानूनन् जायज हो उस मतलब के किसी अमर अहमकी निस्वत जिसके लिये वह इजहार दिया गया या काम में लाया गयाहै कुछ बयान करे जो झूठा हो और जिसका झूठा होना या तो वह जानता या बावर करता हो या जिसका सच्चा होना वह बावर न करता होतो उस शख़्स को उसी तरह सजादीजायेगी गोया कि उसने झूठी गवाही दी।

इज़हार में जो क़ानून की रू से वजह सुबूत के तौर पर लिये जाने के लायक है झूठ बयान करना ।

दफ़ः २००–जो कोई शख़्स फासिद तौर से किसी ऐसे इज़हार को सच्चे इजहार की हैसियत से काम में लाये या काम में लानेका इक़दाम करे यह जानकर कि उसमें कोई अमर अहम झूठा है तो उसको उसी तरह सजा दीजायेगी कि गोया उसने झूठी गवाही दी ।

झूठ जाने हुये किसी ऐसे इज़हारको सच्चे की हैसियत से काम में लाना ।

तशरीह–हर एक ऐसा इजहार जो सिर्फ किसी बेज़ाब्तिगी की वजह से ले लिये जाने के क़ाबिल नहो दफ़आत १९९ और २०० की मुराद में दाखिल है ।

दफ़ः २०१–जो कोई शख़्स यह जान कर या इस अमर के बावर करने की वजह रख कर कि किसी जुर्म[2] का इर्तिकाब हुआ उस जुर्म के इर्तिकाब की किसी वजह सुबूत को इस नीयत से गायब करादे

मुजरिम को बचाने के लिये जुर्म की वजह सुबूतको गायब करा देना या

[1] "इज़हार" के माने के लिये मुलाहज़ा तलब दफ़ः २००की तशरीह ।

[2] " जुर्म " के माने के लिये मुलाहज़ा तलब माबाद की दफ़ः२०३ की तशरीह ।

झूठ ख़बर देना—

कि मुजरिम को सज़ाय जायज़ से बचाये या इसी नीयत से उस जुर्म की निस्बत कुछ ख़बर दे जिसका झूठा होना वह जानता या बावर करता हो—

अगर मुस्तौजिबे सज़ाय मौत हो।

तो अगर उस जुर्म की पादाश में जिसको वह जानता या बावर करता है कि उसका इर्तिकाब हुआ सज़ाय मौत मुक़र्रर है तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ादी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा—=

अगरमुस्तौजिबे हब्स बउबूरे दर्याय शोरहो

और अगर उस जुर्मकी पादाश में हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या ऐसी क़ैद की सज़ा मुक़र्रर है जिसकी मीआद दस बरस तक हो सक्ती है तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ादी जायेगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा—

अगरमुस्तौजिबे क़ैदकमअज़दह साल हो।

और अगर उस जुर्मकी पादाश में ऐसी क़ैद की सज़ा मुक़र्रर है जिसकी मीआद दस बरस से कमहो तो उस शख़्स को उस क़िस्म की क़ैद की सज़ादी जायेगी जो उसजुर्म के लिये मुक़र्रर है और जिसकी मीआद उस क़ैद की बड़ी से बड़ी मीआद की एक चौथाईतक होसक्ती है जो जुर्म मज़कूर के लिये मुक़र्रर है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

तमसील।

ज़ैद यह जानकर कि बक्र ने ख़ालिदको मार डाला है लाश दबाने में इस नीयत से बक्र की मदद करे कि बक्र को सज़ा से बचाये तो ज़ैद सात बरस के लिये दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद का मुस्तौजिब है और जुर्माने का भी मुस्तौजिब है।

जुर्म की ख़बर देने को वह शख़्स क़स्दन तर्क करे

दफ़ः२०२—जो कोई शख़्स यह जान कर या इस अम्र के बावर करने की वजह रखकर कि किसी जुर्म[1] का इर्तिकाब हुआ क़स्दन उसजुर्म की निस्बत कोई ऐसी ख़बर देनी तर्क करे जिसका देना क़ानून

---

[1] "जुर्म" के मानी के लिये मुलाहज़ा तम्बीह मातहत की दफ़ः २०३ कीतमहीद।

उस पर वाजिब है तो उस शख्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छःमहीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

जिसपर खबर देना वाजिब है।

दफ़ः २०३—जो कोई शख्स यह जान कर या इस अमर के बावर करने की वजह रखकर कि किसी जुर्म का इर्तिकाब हुआ है उस जुर्म की निस्बत कोई खबर दे जिसका झूठा होना वह जानता या बावर करता हो तो उस शख्स को दोनों किस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

इर्तिकाब किये हुये किसी जुर्म की निस्बत झूठ खबर देना।

तशरीह—दफआत २०१ और २०२ में और इस दफः में लफज 'जुर्म' में हर एक फेल दाखिल है जिसका इर्तिकाब किसी मुकाम खारिजे ब्रिटिश इन्डिया में हुआ हो और जो ब्रिटिश इन्डियाके अन्दर सादिर होने की तक़दीर में दफआते मर्कूमुज़्ज़ैल याने दफआत ३०२ ओ ३०४ ओ ३८२ ओ ३९२ ओ ३९३ ओ ३९४ ओ ३९५ ओ ३९६ ओ ३९७ ओ ३९८ ओ ३९९ ओ ४०२ ओ ४३५ ओ ४३९ ओ ४४६ ओ ४५० ओ ४५७ ओ ४५८ ओ ४५९ ओ ४६०[1] में से किसी दफः की रूसे लायक़े सजा होता।

दफ़ः २०४—जो कोई शख्स किसी ऐसी दस्तावेज को छुपाये या तलफ कर डाले जिसको वह किसी कोर्ट आफ़ जस्टिस के हुज़ूर में या किसी कार्रवाई में जो कानून के मुताबिक़ किसी सर्कारी मुलाज़िम के रू बरू उसकी सर्कारी मुलाजिमी की हैसियत से हो रही हो सुबूत के तौर पर पेश करने के लिये क़ानूनन् मजबूर होसके या उस तमाम दस्तावेज या उसके किसी जुज़ को मिटा डाले या ऐसा करदे कि पढ़ी न जाय इस नीयत से कि उस कोर्ट या उस सर्कारी मुलाजिमे मजकूरुस्सदर के हुज़ूर में उस दस्तावेज़ का वजह सुबूत के तौर पर पेश होना या काम में आना रोक दे या बाद इस के कि उस

वजह सुबूत के तौर पर किसी दस्तावेज़ का पेश किये जाना रोक देने के लिये उसे ज़ाये करना।

[1] यह तशरीह हिन्द के फौजदारी आईन के तरमीम करने वाले ऐक्ट सन् १८९४ ई० (नम्बर ३ मुसद्दरः सन् १८९४ ई०) की दफ़ ६ के ज़रिये से इल्हाक़ की गई।

(बाब ११—झूठी गवाही और जरायम मुख़ालिफ़े मादलते आम्म. के बयान में— दफ़आत २०१—२०७ ।)

को बग़रज़े मज़कूर उस दस्तावेज़ के पेश करने के लिये क़ानून रू से हुक्म या हिदायत हो चुकी हो अफ़आले मज़कूर; में से फ़ेल का मुर्तकिब हो तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किस्म की कैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

मुक़द्दमे या इस्तिग़ासे में किसी अमर या अमल दरामद् की ग़रज़ से झूठ मूठ कोई और शख़्स बनना ।

दफ़ः २०५—जो कोई शख़्स झूठ मूठ कोई और शख़्स बनकर उस वज़ये इद्देआई की हालत में कोई इक़रार या बयान करे या इक़बाल दावा दाख़िल करे या कोई हुक्मनामः जारी कराये या हाज़िर ज़ामिन या माल ज़ामिन होजाय या दीवानी के किसी मुक़द्दमे या फौजदारी के किसी इस्तिग़ासे में कोई और अमर करे तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों मे से किसी किस्म की कैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

ज़ब्ती के तौर पर या डिगरी की तामील में किसी माल का कुर्क़ किया जाना रोकने के लिये उसे फ़रेब से दूरकरना या छुपाना ।

दफ़ः २०६—जो कोई शख़्स फरेब से किसी माल को या किसी इस्तिहक़ाक को जो उस माल में हो इस नीयत से दूर करे या छुपाये या किसी के नाम पर मुन्तकिल कर दे या किसी शख़्स के हवाले कर दे कि हुक्म के मुताबिक़ जो किसी कोर्ट आफ जस्टिस या किसी और हाकिमे मुजाज की जानिब से सादिर हुआ हो या जिसको वह शख़्स जानता है कि उसके सादिर होने का इहतिमाल है वह माल या इस्तिहकाक जो उस माल में है ज़ब्ती या एवज़े जुर्मानः में या उस डिगरी या हुक्म की तामील में जो दीवानी के किसी मुक़द्दमे में किसी कोर्ट आफ जस्टिसने जारी की हो या जिस को वह शख़्स जानता हो कि उसका जारी होने का इहतिमाल है लिया न जाय तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की कैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

ज़ब्ती के तौरपर या डिगरी की तामील मे

दफ़ः २०७—जो कोई शख़्स किसी मालको या किसी इस्तिहक़ाक़ को जो उस माल में हो फरेब से क़ुबूल करे या अपनी तहवील में ले या उसका दावा करे यह जान कर कि उस माल या इस्तिह-

बाब ११—झूठी गवाही और जराइम मुख़ालिफ़े मादलते आम्मः के बयान में दफ़ २०८।)

दफ़ः २७१—जो कोई शख़्स जान बूझकर किसी ऐसे क़ायदे से इनहिराफ़ करे जो गवर्नमेन्ट हिन्द या किसी और गवर्नमेन्ट ने[1] किसी मर्कबे तरी को कुवारनटीन् की हालत में रखने के लिये या वास्ते इन्तिजाम आमद ओ रफ़्त दरमियान उन मराकबे तरी के जो कुवारनटीन् की हालत में हैं और साहेल दर्या या और मराकबे तरी के या वास्ते इन्तिजामे आमद ओ रफ़्त दरमियान ऐसे मुक़ामों के जहां कि कोई मर्ज़ उफ़ूनती फैला हुआहै और और मुक़ामात के जारी या मुश्तहर किया हो तो शख़्स मजकूर को दोनों किस्मोंमें से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद छःमहीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजाये दी जायेंगी।

खाने या पीने की शै में जिसका बेचना मक़्सूद हो आमेजिश करना।

दफ़ः २७२[2]—जो कोई खाने या पीने की किसी शै में ऐसीतरह से आमेजिश करे कि वह शै खाने या पीने में मुज़िर होजाय इस नीयत से कि उस शैको खाने या पीने की शै की हैसियत से बेचे या इस इल्म से कि खाने या पीने की शै की हैसियत से उस शै के बिकजाने का इहतिमाल है तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक हो सक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

खाने या पीने की मुज़िर शै को बेचना।

दफ़ः २७३[2]—जो कोई शख़्स खाने या पीने की शै की हैसियत से किसी ऐसी शै को बेचे या मअ़रिजे बै में रखे या बेचनेके लिये

---

१ दरबार इ इख़्तियार वज़अ क़वाइद मुतअ़ल्लिक़ कुवारनटीन् (क़रनतीन) के— मुलाहज़ा तलब ऐक्ट क़रनतीन मजरियःइ हिन्द सन १८७० ई० (नम्बर १ मुसद्दरःइ सन १८७० ई०) [ऐक्ट हाय आम-जिल्द २।]

२ उस खाने या और शै के नेस्त ओ नाबूद करने के हुक्म देने के इख़्तियार के बारे में जिसकी निस्बत तहत दफ़ २७२—२७५ मुर्तकिब जुर्म हो चुका हो—मुलाहज़ा तलब मजमूअ़ःइ ज़ाबितःइ फ़ौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दरःइ सन १८९८ ई०) नम्बर ५१७ (१) [ऐक्ट हाय आम जिल्द [illegible]]।

निकाले जो मुजिर बना दीगई हो या मुज़िर होगई हो या ऐसी हालत में हो कि खाने या पीने के क़ाबिल न हो यह जानकर या इस अमर के बावर करने की वजह रखकर कि शै मजकूर खाने या पीने के लिये मुजिर है तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

दवाओं में आमेज़िश करनी।

दफ़ः २७४[1]–जो कोई शख़्स किसी दवाय मुफरिद या मुरक्कब में ऐसी तरह से आमेजिश करे कि उसके जरीये से उस दवाय मुफरिद या मुरक्कब की तासीर कम करदे या उसका अमल बदल दे या उसको मुजिर बनादे इस नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि वह किसी मुआलिजे के लिये इस तरह से बिकजाय या काम में आये कि गोया उसमें आमेज़िश नहीं हुई तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैदकी सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दीजायेंगी।

आमेज़िश की हुई दवाओं का बेचना।

दफ़ः २७५[1]–जो कोई शख़्स यह जानकर कि किसी दवाय मुफरिद या मुरक्कब में ऐसी तरह पर आमेजिश की गई है कि उसके सबब से उसकी तासीर कम होगई या अमल बदल गया या वह मुजिर बना दीगई है उसको बेचे या मारज़े बै में रखे या बेचने के लिये निकाले या दवाखाने से मुआलजे के लिये ऐसी दवा की हैसीयत से जिसमें आमेजिश नहीं की गई तक़सीम करे या किसी शख़्स से जो उस आमेज़िश से वाक़िफ न हो मुआलजे के लिये उसका इस्तिअमाल कराये तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिकदार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

---

[1] मुलाहज़ा तलब सफ़ः १३४ का फुट नोट २।

(बाब १४—उन जुर्मों के बयान में जो आम्मःइ ख़लायक की आफ़ियत और सलामती और आसाइश और हया और आदात पर मुअस्सर हैं—दफ़आत २६८—२९४ ।)

किसी दवा को किसी और दवाय मुफ़रिद या मुरक्कब की हैसियत से बेचना

दफ़ः २७६—जो कोई शख़्स किसी दवाय मुफ़रिद या मुरक्कब को किसी और दवाय मुफ़रिद या मुरक्कब की हैसियत से जान बूझकर देचे या मारिज़े बै में रखे या बेचने के लिये निकाले या दवाखाने से मुआलजे के लिये तकसीम करे तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

आम चश्मे या हौज़ के पानी को गदला करना।

दफ़ः २७७—जो कोई शख़्स किसी चश्मःइ आम या हौज़ आम के पानी को बिलइरादः ख़राब या गदला करे इस तरह पर कि उसको ऐसा करदे कि जिस मतलब के वास्ते वह हस्बे मामूल काम में आता है जैसा था वैसा उसके लायक न रहे तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायगी जिसकी मीआद तीन महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार पांचसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

हवा को मुज़िरे सिहत करना।

दफ़ः २७८—जो कोई शख़्स किसी जगह की हवा को बिलइरादः फ़ासिद करदे इस तरह पर कि वह उन लोगोंकी सेहतके लिये मुज़िर हो जो उमूमन् उसके कुर्ब में बूद ओ बाश रखते या कारोबार करते हों या किसी गुज़रगाहे आम से होकर आमद ओ रफ़्त रखते हों तो शख़्स मजकूर को जुर्माने की सजा दी जायेगी जो पांच सौ रुपये तक होसक्ता है।

किसी शारेअ आम पर बे इहतियाती से गाड़ी चलाना या सवार होकर निकलना।

दफ़ः २७९—जो कोई शख़्स किसी शारेअ आममें ऐसी बेइहतियाती या गफ़लत से कोई गाड़ी चलाये या सवार होकर निकले कि उससे इन्सान की जान को ख़तर हो या किसी दूसरे शख़्स को ज़रर या नुक़सान पहुंचने का इहतिमाल हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से क़िसी किस्म की कैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीनेतक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्तीहै या दोनों सजायें दीजायेंगी

(बाब १४-उन जुर्मों के बयान में जो आम्म इ ख़लायक़ की आफ़ियत और सलामती और आसाइश और हया और आदात पर मुअस्सर है-दफ़आत २८०-२८४ ।)

दफ़: २८०—जो कोई शख़्स किसी मर्कवेतरी को इस तौर पर बे इहतियाती या गफ़लत से चलाये कि उससे इन्सान की जान को खतर हो—या किसी और शख़्स को जरर या नुक़सान पहुंचने का इहतिमाल हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो-सक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिकदार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी ।

बे इहतियाती से मर्कवेतरी को चलाना ।

दफ़: २८१—जो कोई शख़्स झूठी रोशनी या झूठा निशान या पानी पर तैरने वाला निशान दिखलाये इस नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि उस दिखलाने के सबब से किसी मर्कवेतरी के चलाने वाले को गुमराह करे तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी ।

झूठी रोशनी या झूठा निशान या पानी पर तैरने वाला निशान दिखाना ।

दफ़: २८२—जो कोई शख़्स पानी की राह से किसी शख़्सको किसी मर्कवेतरी में जब कि वह मर्कवेतरी ऐसी हालत में हो या इस क़दर लदा हो कि उसमे उस शख़्स की जानको खतर हो जान बूझ कर या गफ़लत करके अजूरे पर लेजाय या लिवा लेजाय तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिकदार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

किसी शख़्स को पानी की राहे अजूरे पर गैर मामूल या हद से ज़ियाद लदे हुये मर्कवेतरी में लेजाना ।

दफ़: २८३—जो कोई शख़्स किसी फ़ेल के करने से या किसी माल की निस्बत जो उसके क़ब्ज़े या इहतिमाम मे हो निगहदाश्त तर्क करने से किसी शारेअ आम या मराकिबे तरी की आम राह पर किसी शख़्स को खतर: या मुज़ाहमत या नुक़सान पहुंचाये तो शख़्स मजकूर को जुर्माने की सज़ा दीजायेगी जिसकी मिक़दार दो सौ रुपये तक होसक्ती है ।

खुश्की या तरी की आम राह पर खतर: या मुज़ाहमत पहुंचाना ।

दफ़: २८४—जो कोई शख़्स किसी जहरीले मादे से कोई फ़ेल ऐसी बे इहतियाती या गफ़लतके साथ करे जिससे इन्सान की जान

जहरीले मादे की निस्बत

तग़ाफ़ुल करना।

को खतर हो या किसी और शख़्स को ज़रर या नुक़सान पहुंचने का इहतिमाल हो—

या किसी ज़हरीले माद्दे की निस्बत जो उसके पास हो जान बूझ कर या गफलत करके ऐसी निगाह दाश्त तर्क करे जो उस खतरे के दफ़ैअः के लिये जिसके पहुंचने का इहतिमाल इन्सान की जान को उस ज़हरीले माद्दे से है काफ़ी हो—

तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हज़ार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

आग या आतशगीर माद्दे की निस्बत तग़ाफ़ुल करना।

दफ़ः २८५—जो कोई शख़्स आग या किसी आतशगीर माद्दे से कोई फेल ऐसी बेइहतियाती या ग़फलतके साथ करे जिससे इन्सान की जान को खतर हो या जिससे किसी और शख़्स को जरर या नुक़सान पहुंचने का इहतिमाल हो—

या किसी आग या किसी आतशगीर माद्दे की निस्बत जो उस के पास हो जान बूझ कर या गफलत करके ऐसी निगह दाश्त तर्क करे जो उस खतरे के दफ़ैअः के लिये जिसके पहुचंने का इहतिमाल इन्सान की जानको उस आग या आतशगीर माद्दे से है काफी हो—

तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

भक से उड़ जाने वाले माद्दे की निस्बत तग़ाफ़ुल करना।

दफ़ः २८६—जो कोई शख़्स भक से उड़ जानेवाले किसी माद्दे से कोई फेल ऐसी बेइहतियाती या गफ़लत के साथ करे जिससे इन्सान की जान को खतर हो या जिससे किसी दूसरे शख़्स को ज़रर या नुक़सान पहुंचने का इहतिमाल हो—

(बाब १४—उन जुर्मों के बयान में जो आम्मः ख़लायक़ की आफ़ियत और सलामती और आसाइश और हया और आदात पर मुश्तमिल हैं—दफ़आत २८७—२८८।)

या भक से उड़ जाने वाले किसी माद्दे की निसबत जो उसके पास हो जान बूझ कर या गफलत करके ऐसी निगहदाश्त तर्क करे जो उस खतरे के दफ़ैअः के लिये जिसके पहुँचने का इहतिमाल इन्सान की जान को उस भक से उड़ जाने वाले माद्दे से है काफी हो—

तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैदकी सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

दफ़ः २८७—जो कोई शख़्स किसी कल से कोई फेल ऐसी बेइहतियाती या गफलत के साथ करे जिससे इन्सान की जान को खतर हो या जिससे किसी दूसरे शख़्स को ज़रर या नुक़सान पहुँचने का इहतिमाल हो—

कल की निस्बत तग़ाफ़ुल करना।

या किसी कल की निसबत जो उसके पासहो या उसके इहतिमाम में हो जान बूझ कर या गफलत करके ऐसी निगहदाश्त तर्क करे जो उस खतरे के दफ़ैअः में जिसके पहुँचने का इहतिमाल इन्सान की जान को उस कल से है काफी हो—

तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्तीहै या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

दफ़ः २८८—जो कोई शख़्स किसी इमारतके मिस्मार करने या मरम्मत करने में उस इमारत की निस्बत ऐसी निगहदाश्त जान बूझ कर या गफलत करके तर्क करे जो उस खतरे से जिसके पहुँचने का इहतिमाल इन्सान की जान को उस इमारत या उसके किसी जुज़ के गिरने से है काफी हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक

इमारत के मिस्मार करने या उसकी मरम्मत करने की निस्बत तग़ाफ़ुल करना।

(बाब १४-उन जुर्मों के बयान में जो आम्मः इ खलायक़ की आफ़ियत और सलामती और आसाइश और हया और आदात पर मुअस्सर हैं-दफ़आत २८९-२९२।)

होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिकदार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

हैवान की निस्बत तग़ाफ़ुल करना।

दफ़ः २८९—जो कोई शख़्स किसी हैवान की निस्बत जो उसके पास हो जान बूझ कर या गफलत करके ऐसी निगहदास्त तर्क करे जो इन्सान की जान के खतरे या जररे शदीद के अंदेशे के दफ़ैअः के लिये जिसके पहुंचने का इहतिमाल उस हैवान से है काफी हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार एक हजार रुपये तक होसक्ती है या दोनों सजाये दी जायेंगी।

सज़ाय अमर बाइसे तक़लीफ़े आम उन सूरतों में कि जिनमें और तरह पर हुक्म नहीं है।

दफ़ः २९०—जो कोई शख़्स किसी ऐसी हालतमें किसी अमर बाइसे तकलीफ़े आम का मुर्तकिब हो जिसकी पादाश में इस मजमूअ़ः की रू से कोई और सजा मुअय्यन नहीं है तो शख़्स मजकूरको जुर्माने की सजा दी जायेगी जिसकी मिक़दार दो सौ रुपये तक होसक्ती है।

अमरे बाइसे तक़लीफ़ के न करते रहने की हिदायत पाकर उसे करते रहना।

दफ़ः २९१—अगर कोई शख़्स किसी अमर बाइसे तकलीफ़े आम का इआदः करे या उसे करता रहे जिसको किसी ऐसे सर्कारी मुलाज़िम की जानिब से उस अमरे बाइसे तक़लीफ़ के इआदःन करने या उसे न करते रहने की हिदायत होचुकी हो जो ऐसी हिदायत नाफ़िज करने का इख़्तियारे जायज रखताहो तो शख़्स मजकूर को क़ैद महज की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद छः महीने तक हो-सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

फ़हुश किताब वग़ैरह का फ़रोख़्त करना वग़ैरः।

दफ़ः २९२[1]—जो कोई शख़्स कोई फ़ुहुश किताब या रिसालः या तहरीर या तसवीर सादः या रंगदार या शबीह या मूरत बेचे या

[1] उन [illegible] की नक़लों के [illegible] ओ नाबूद करने के हुक्म देने के इख़्तियारके बारेमें [illegible] निस्बत तहते दफ़ः२९२ या दफ़ः २९३ के सबूत जुर्म होचुका हो—मुलाहज़ः तलब [illegible] ज़ाबितः फ़ौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मजरियः सन १८९८ ई०) की दफ़ः ५२१ [illegible]

बांटे या बेचने या किरायः पर चलाने के लिये दूसरे मुल्क से लाये या छापे या अमदन् आम्मःइ खलायक़ को दिखलाये या ऐसा करने पर इक़दाम करे या ऐसा करने को खुद कहे तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद तीन महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

मुस्तसना–इस दफ़ः का हुक्म उस शबीह को शामिल न होगा (तर्शी हुई हो या खुदी हुई या रंगदार बनी हुई हो या और तरह पर बनाई गई हो) जो किसी मन्दिर के ऊपर हो या अन्दर या किसी ऐसी गाड़ी के ऊपर हो जो बुतों के लेजाने के वास्ते इस्तिअमाल की जाती हो या किसी मज़हबी गरज के लिये रखी या इस्तिअमाल की गई हो ।

फ़ुहुश किताब वग़ैरः को बेचने या दिखाने के लिये पास रखना ।

दफ़ः २९३[1]–जो कोई शख़्स कोई ऐसी फ़ुहुश किताब या कोई और शै जो दफ़ःइ अखीरे मज़कूरःइ बाला में मुसर्रः हुई बेचने या बांटने या आम्मःइ खय लक को दिखलाने के लिये अपने पास रखता हो तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की कैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद तीन महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दी जायेंगी ।

फ़ुहुश अफ़आल और गीत ।

दफ़ः २९४[2]–जो कोई शख़्स औरों के रंज पहुंचाने को—

(अलिफ) कोई फ़ुहुश फेल आम्मःइ खलायक की आमद ओ रफ़्त की जगह में करे–या

(बे) आम्मःइ खलायक की आमद ओ रफ़्त की जगह में या उसके क़रीब कोई फ़ुहुश गीत गाये या कोई फ़ुहुश शेर पढ़े या फ़ुहुश बातें बके—

---

[1] मुलाहज़ा तलब सफ़ १४० का फुट नोट ।

[2] दफ़ःइ हाज़ा असल दफ़ २९४ की जगह हिन्द के फ़ौजदारी आईन के तर्मीम करने वाले ऐक्ट सन १८९५ ई० (नम्बर ३ मुसद्दरः सन १८९५ ई०) की दफ़. ३ के ज़रिये से क़ायम की गई [ऐक्टहाय आम—जिल्द ६] ।

(बाब १४–उन जुर्मों के बयान में जो आम्मःइ ख़लायक़ की आफ़ियत और अम्न और आसूदगी और हया और आदात पर मुअस्सर हैं–दफ़ः २९४ (अलिफ़)–और बाब १५ उन जुर्मों के बयान में जो मज़हब से मुतअल्लिक़ हैं–दफ़ः २९५।)

उसको दोनों किस्मों में से किसी किस्म की कैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद तीन महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेगी।

चिट्ठी डालने के दफ़्तर का रखना।

दफ़ः२९४–(अलिफ़)–जो कोई शख़्स कोई दफ़्तर या मकान बग़रज़ ऐसी चिट्ठी डालने के रक्खे जिसकी इजाजत सर्कार से नहीं है तो उसको दोनों किस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद छः महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेगी।

और जो कोई शख़्स किसी वाक़िअःया इत्तिफाक़ के वक़्त पर जो निस्बत या तअल्लुक किसी टिकट या कुरःया नम्बर या हिन्दसः से ऐसी चिट्ठी डालने में रखता हो किसी शख़्स की मनफ़िअत के वास्ते कुछ रुपया अदा करने या कोई असबाब हवाले करने या किसी फेल के अमल में लाने या किसी फेल के करने न देने के लिये कोई तजवीज मुश्तहर करे उसको जुर्माने की सज़ा होगी जो एक हजार रुपये तक हो सक्ती है।

बाब १५।

उन जुर्मों के बयान में जो मज़हब से मुतअल्लिक़ हैं।

किसी फ़िर्क़े के मज़हब की तौहीन करने की नीयत से।

दफ़ः२९५–जो कोई शख़्स किसी इबादतगाह या किसी शैको जो लोगों के किसी फ़िर्क़े के नज़दीक मुतबर्रक समझी जातीहो ख़राब करे या मज़र्रत पहुंचाये या नजिस करे उसके ज़रीये से लोगोंके किसी फ़िर्क़ेके मज़हबकी तौहीन करने की नीयतसे या इस अमरके इहतिमालके

(बाब १५-उन जुर्मोंके बयान में जो मज़हब से मुतअल्लिक़हैं—दफ़आत २९५—२९८।)

इल्म से कि लोगों का कोई फिर्क़ः उस खराब करने या मज़र्रत पहुंचाने या नजिस करने को अपने मजहब की एक तरह की तौहीन समझेगा तो शख़्स मजकूर को दोनों किस्मों में से किसी किस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद दो बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

किसी इबादत गाह को नुकसान पहुंचाना या नजिस करना।

दफ़ः २९६—जो कोई शख़्स बिल इरादः किसी मजमे को ईज़ा पहुंचाये जो मजहबी इबादत या मज़हबी रस्मों के अदा करने में जाअज़न मसरूफ हों तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

मजम इ मज़हबी को ईज़ा पहुचाना।

दफ़ः २९७—जो कोई शख़्स किसी शख़्स का दिल दुखाने या किसी शख़्स के मज़हब की तौहीन करने की नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि इस के ज़रीये से किसी शख़्स का दिल दुखेगा या किसी शख़्स के मज़हब की तौहीन होगी—

क़बरस्तानों वग़ैर में मुदाखलते बेजा करना।

किसी इबादत गाह या क़बरस्तान या ऐसे मुक़ाम में जो अदाय मरासिमे तदफ़ीन के लिये मुअय्यन हो या ब मंज़िला लाश की बदीअत गाह के हो—किसी मुदाखलते बेजा का मुर्तकिब हो या किसी लाशे इन्सानी की तज़लील करे या उन शख़्सों को ईज़ा पहुंचाये जो अदाय मरासिमे तदफ़ीन के लिये जमा हुये हों—

तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की क़ैद की सजा दीजायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

दफ़ः२९८[1]—जो कोई शख़्स सोच विचार कर मज़हब की

सोच विचार कर मज़हब की बाबत

[1] उन जुर्मों में जो हस्ब दफ़ः २९८ क़ाबिले सज़ा हों राज़ीनामः हो सक्ता है मुलाहज़ तलब मजमूअ इ ज़ाबित इ फ़ौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसदर इ सन १८९८ ई०) की दफ़ ३४५ [ऐक्ट हाय आम-जिल्द ६]—दरसूरत उस नौबते दौराने मुक़द्दम के कि जब अदालत की इजाज़त के बिदून राज़ीनामः जायज़ नहीं है मुलाहज़ः तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ मजकूर की दफ़ इ तहती (५)।

(बाब १८–उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं–दफ़ा. २९९।)

दिल दोखने की नीयतसेबात वग़ैर करना।

निसबत किसी शख़्स का दिल दोखने की नियत से कोई बात कहे या कोई आवाज़ निकाले जिसको वह शख़्स सुन सके या उस शख़्स के पेश नजर कोई हरकत करे या कोई शै उसके पेशे नजर रखे तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

बाब १६।

उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं।

उन जुर्मों के बयान में जो इन्सान की जान पर मुअस्सर हैं[1]।

क़तले इन्सान मुस्तल्ज़मे सज़ा।

दफ़ः२९९—जो कोई शख़्स किसी फेल के इर्तिकाब से हलाकत का बाइस हो इस नीयत से कि हलाकत वक़ू में आये या इस नीयत से कि ऐसा नुक़साने जिस्मानी वक़ू में आये जिससे हलाकत होजाने का

---

[1] उन जुर्मों की इत्तिला के पहुचाने की पाबन्दी के बारे में जो दफ़ः ३०२ या ३०३या ३०४ की रूसे क़ाबिले सज़ा हैं मुलाहज़ तलब मजमूअ इ ज़ाबित:इ फ़ौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दर ह सन १८९८ ई०) की दफ़ ४४–नीज़ मुलाहज़: तलब (उन जुर्मों के बारे में जो दफ़ः ३०२ या ३०४ की रूसे क़ाबिले सज़ा है) मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ ४५–और (दरबार:इ क़तले अमद और क़तल इन्सान मुस्तल्ज़म सज़ा जो हद्दे क़तले अमद तक न पहुंचता हो) मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ः ४५ जैसी कि उसकी तर्मीमे बर्मा के लिये अपर बर्मा के गाओं के रेगूलेशन सन १८८७ ई० (नम्बर १८ मुसद्दर:इ सन १८८७ ई०) की दफ़ ४ के ज़रीये से–और लोअर बर्मा के गाओं के ऐक्ट सन १८८९ ई० (नम्बर ३ मुसद्दर:इ सन १८८९ ई०) की दफ़ ५ के ज़रीये से हुई है [उसी मजमूअ इ क़वानीने बर्मा मतबूअ:इ सन १८९९ ई० में]।

दरबार: सज़ाय ताज़ियान: के अपर बर्मा में जरायमे मुसर्र:इ दफ़आत ३०२ ओ ३०४ ओ ३०७ की पादाश में मुलाहज़: तलब बर्मा के आईनों के ऐक्ट सन १८९८ ई० (नम्बर १३ मुसद्दर इ सन १८९८ ई०) की दफ़ ८ (३) (बे) और ज़मीम:२ [मजमूअ:इ क़वानीने बर्मा मतबूअ:इ सन १८९९ ई०]।

दरबार:इ सज़ा बरादार जरायम तहते दफ़आत ३०२ ओ ३०४ ओ ३०७ ओ ३०८ के जिनकी तहक़ीक़ात पंजाब के ज़िल:इ सर्हद्दी या बिलोचिस्तान में बज़रीये पंचायत सर्दारान के अमल में आये मुलाहज़: तलब पंजाब के सर्हद्दी जरायम के रेगूलेशन सन १८८७ ई० (नम्बर ४ मुसद्दर:इ सन १८८७ ई०) की दफ़. १४ [उसी मजमूअ:इ क़वानीन पंजाब मतबूअ:इ सन १८८८ ई० के सफ़ह २९६–और मजमूअ:इ [illegible]

(बाब १६-उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं-दफः २९९।)
इहतिमाल है या इस इल्म से कि ग़ालिबन उस फ़ेल के करनेसे वह हलाकत का बाइस होगा तो वह शख़्स जुर्म कतले इन्सान मुस्तलज़िमे सज़ा का मुर्तकिब है।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद किसी ग़ार पर लकड़ियां और घास फूस पाट दे इस नीयत से कि उसके ज़रीये से हलाकत का बाइस हो या इस इल्म से कि उसके ज़रीये से हलाकत होनेका इहतिमाल है और बकर उसको सख़्त ज़मीन समझ कर उस पर चले और उसमें गिरकर हलाक होजाय तो ज़ैद क़तल इन्सान मुस्तलज़िम सज़ाके जुर्मका मुर्तकिब हुआ।

(बे) ज़ैद यह जानता हो कि बकर किसी झाड़ी के पीछे है और अमर यह न जानता हो और ज़ैद अमर को उस झाड़ी पर बन्दूक़ चलाने की तहरीक करे इस नीयत से या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि वह तहरीक बक्र की हलाकत का बाइस होगी-अमर बन्दूक़ चलाये और बक्र को हलाक करे-तो इस सूरत में मुमकिन है कि अमर किसी जुर्म का मुजरिम न हो मगर ज़ैद कतल इन्सान मुस्तलज़िम सज़ाके जुर्मका मुर्तकिब हुआ।

(जीम) ज़ैद किसी मुर्ग़ी को मारने और चुराने की नीयत से मुर्ग़ी पर बन्दूक़ चलाये और बक्र को जो किसी झाड़ी के पीछे हो हलाक करे-और ज़ैद को यह न मालूम हो कि बकर वहांहै-तो इस सूरत में ज़ैद कतल इन्सान मुस्तलज़िम सज़ाके जुर्म का मुजरिम न होगा गो वह एक फ़ेल नाजायज़ करता था क्योंकि उसने बक्र के मारडालने की नीयत नहीं की थी और न उसकी यह नीयत थी कि ऐसे फेल के करने से जिससे वह जानता था कि हलाकत होजाने का इहतिमाल है हलाकत का बाइस होजाये।

तशरीह १-जो कोई शख़्स किसी और शख़्स को जो किसी आरज़े या मर्ज़ या ज़ोअफ़े जिस्मानी में मुब्तिलाहो नुक़्साने जिस्मानी पहुँचाये और उसके ज़रिये से उसकी हलाकत की ताजीलका बाइस हो तो शख़्स मज़कूर उसकी हलाकत का बाइस मुतसौवर होगा।

तशरीह २-जिस हाल में नुक़्साने जिस्मानी के सबब से हलाकत वाके हो वह शख़्स जो उस नुक़्साने जिस्मानी का बाइस है उस हलाकत का बाइस मुतसौवर होगा गो मुनासिब तदबीरों और आकेलानःइलाज की तरफ रुजू करने से उस हलाकत की रोक हो सक्ती थी।

तशरीह ३—रिहमे मादर में किसी बच्चे की हलाकत का बाइस होना क़तले इन्सान नहीं है मगर किसी जिन्दः बच्चे की हलाकतका बाइस होना क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ाकी हदतक पहुँच सक्ता है अगर उस बच्चे का कोई जुज़ रिहम से बाहर निकलआया हो गो उस बच्चे ने सांस न लिया हो या तमाम ओ कमाल पैदा न हुआ हो।

क़तले अमद।

दफ़ः ३००—उन सूरतों के सिवा जो नीचे मुस्तसना की जाती हैं क़तले इन्साने मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद होगा।

पहली—अगर वह फेल जिसके बाइस से हलाकत वाक़े हुई इस नीयत से किया गया कि हलाकत का बाइस हो—या—

दूसरी—अगर फेल ऐसे नुक़साने जिस्मानी के पहुंचाने की नीयत से कियागया हो जिस से मुजरिम के इल्म में शख़्स गज़न्द रसीदः के हलाक होने का इहतिमाल है—या—

तीसरी—अगर फेल किसी शख़्स को नुकसान जिस्मानी पहुंचानेकी नीयत से किया गया और वह नुक़सान जिस्मानी जिसका पहुंचाना मक़सूद था तबीअत की आदत मामूली के मुवाफ़िक़ याने आदतन् हलाक करने को काफ़ी हो—या—

चौथी—अगर वह शख़्स जो उस फेल का मुर्तकिब है यह जानता हो कि वह फेल ऐसा शिद्दत से खतरनाक है कि अग़लबन हलाकत या ऐसे नुक़सान जिस्मानीका बाइस होगा जिस से हलाकत वाक़े होनेका इहतिमाल है और उस फेल के इर्तिकाब में हलाकत का खतरः या नुक़सान मज़कूरुस्सदर का ख़तरः पैदा करना महज़ बिला वजः हो।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद बक़र के मारडालने की नियत से उस पर बन्दूक़ चलावे और बक्र उस सबब से मरजाय तो ज़ैद क़तले अमद का मुर्तकिब हुआ।

(बाब १६—उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं—दफ़ः ३००।)

(बे) ज़ैद यह जानकर कि बकर ऐसे मर्ज़ में मुब्तिला है कि एक ज़र्ब से उसके हलाक होजाने का इहतिमाल है नुक़सान जिस्मानी पहुचाने की नीयत से बक़र को मारे और बक़र उस ज़र्ब के सबब से मरजाय—तो ज़ैद क़तल अमद का मुजरिम होगा गो ऐसी ज़र्ब तबीअत की आदत माहूदः के मुवाफ़िक़ यानी आदतन् किसी तन्दुरुस्त शख़्स की हलाकत के बाइस होने को काफ़ी न होसके लेकिन अगर ज़ैद यह न जानताहो कि बक़र किसी मर्ज़ में मुबतिला है और उसके ऐसी ज़र्ब लगाये जो तबीअत की आदत माहूदः के मुवाफ़िक़ यानी आदतन् किसी तन्दुरुस्त शख़्स की हलाकत के बाइस होने को काफ़ी न होसके—तो इस सूरत में ज़ैद क़तल अमद का मुजरिम न होगा अगर्चे उसने नुक़सान जिस्मानी पहुँचाने की नियत की हो बशर्ते कि हलाक करना या ऐसा नुक़सान जिस्मानी पहुचाना उसकी नीयत में न था जो तबीअत की आदत माहूद. के मुवाफ़िक़ यानी आदतन् हलाकत का बाइस होसक्ता है।

(जीम) जैद तलवार या लठ से बक़र को क़सदन् ऐसा ज़ख़्म पहुचाये जो तबीअत की आदते माहूद के मुवाफिक यानी आदतन् किसी आदमी के हलाक करने को काफी होता है और बक़र उस ज़ख़्म के सबब से मरजाय तो इस सूरत में ज़ैद क़तले अमद का मुजरिम होगा गो बक़र का हलाक करना उसकी नीयत में न था।

(दाल) जैद लोगों के एक ग़ोल पर महज़ बिला वजह भरी हुई तोप चलाये और उनमें से एक को हलाक करे तो जैद क़तले अमद का मुजरिम होगा गो पहले से फ़िक्र करके उसने किसी ख़ास शख़्स के हलाक करने का इरादः न कियाहो।

जबकि क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद नहीं है।

मुस्तसना १—क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद न होगा जब कि सख़्त ओ नागहानी बाइसे इश्तिआले तबअ के सबब से मुजरिम को अपने जब्त करने की क़ुदरत न रहे और वह उस शख़्स को हलाक करे जिसने वह बाइसे इश्तिआले तबअ दिलाया हो या गलती या इत्तिफाक़ से किसी दूसरे शख़्स की हलाकत का बाइस हो।

ऊपर लिखा हुआ मुस्तसना नीचे लिखी हुई शर्तों[1] से मशरूत होगाः—

पहली—यह कि मुजरिम खुद उस बाइसे इश्तिआले तबअका तालिब न हुआ हो या बिलइरादः इस ग़रज़ से उस बाइसे इश्तिआले तबअ का मुहर्रिक न हुआ

[1] दरबारः तअल्लुक़ पिज़ीर होने इन शर्तों के बाइसे इश्तिआले तबअ पर ज़रर पहुचाने की सूरत में—मुलाहज़ तलब माबाद की दफ़ः ३३५ की तशरीह।

हो कि उसे किसी शख़्स के हलाक करने या उस को गजन्द पहुंचाने की वजह होजाय।

दूसरी—यह कि वह बाइसे इश्तिआले तबअ़ ऐसे अमर के सबब से न दिलाया गयाहो जो कानून की तामील में किया गया है या जिसको किसी सर्कारी मुलाज़िमने अपनी सर्कारी मुलाज़िमी के इख़्तियारात के निफ़ाज़े जायज में किया है।

तीसरी—यह कि वह बाइसे इश्तिआले तबअ़ किसी ऐसे अमर के सबब से न दिलाया गयाहो-जो इस्तिहक़ाक़े हिफ़ाज़ते ख़ुद इख़्तियारी के निफ़ाज़े जायज़ में किया गयाहै।

तशरीह—यह बात कि आया वह बाइसे इश्तिआले तबअ़ वाक़े में ऐसा सख़्त ओ नागहानी था या नहीं कि उससे उस जुर्म का क़तले अमद की हद तक पहुंचना रुक जाय एक अमरे तनक़ीह तलब है।

तमसीलें।

(अलिफ़) जैद शख़्स इ शैज म जो बकर के दिलाये हुये बाइसे इश्तिआले तबअ़ के सबब मुश्तअ़िल होगया हो बक़र के तिफ़्ल हामिद नामी को क़स्दन् हलाक करे तो यह क़तले अमद है क्योंकि वह बाइसे इश्तिआले तबअ़ तिफ़्ल ने नहीं दिलाया था और उस तिफ़्ल की हलाकत इत्तिफ़ाक़ या शामत से किसी ऐसे फ़ेल के करने में वाक़े नहीं हुई जिसका सबब वह बाइसे इश्तिआल तबअ़ हुआ हो।

(बे) बक़र जैद को सख़्त और नागहान बाइसे इश्तिआले तबअ़ दिलाये और जैद उस बाइसे इश्तिआले तबअ़ के होते ही बकर पर तपंचः चलाये और ख़ालिद के हलाक करने की न उसकी नीयत हो और न इस अमर का इहतिमाल उसके इल्म में हो कि वह ख़ालिद को हलाक करे जो उसके पास खड़ा है मगर नज़र नहीं आता और जैद ख़ालिद को हलाक करे—तो इस सूरत में जैद क़तले अमद का मुर्तकिब नहीं हुआ बल्कि सिर्फ़ क़तले इन्सान मुस्तल्ज़िमे सज़ा का।

(बाब १६—उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं—दफ़ः ३०० ।)

(दाल) जैद बक्र के रूबरू जो मजिस्ट्रेट है गवाह के तौरपर हाज़िर हो और बक्र यह कहे कि मैं जैद के इज़हार के किसी एक लफ़्ज़ पर भी एतिमाद नहीं करता और जैद ने हलफ़दरोगी की और जद इन बातों से दफ़अतन गैज़ में आजाय और बक्र को हलाक करे तो यह क़तले अमद है ।

(हे) जैद बक्र की नाक मड़ोड़ने का इक़दाम करे और बक्र इस्तिहक़ाके हिफ़ाज़ते खुद इख़्तियारी के निफ़ाज़ में जैद को इस लिये पकड़ ले कि उसकी यह हरकत रोके और जैद इस सबब से दफ़अतन् ग़ैज़े शदीद में आकर बक्र को हलाक करे तो यह क़तले अमद है क्योंकि वह बाइसे इश्तिआले नफ़्स ऐसे अमर से दिलाया गया जो इस्तिहक़ाक़ हिफ़ाज़ते खुद इख़्तियारी के निफ़ाज़ में सरज़द हुआ ।

(वाव) ज़ैद बक्र को मारे और बक्र उस बाइसे इश्तिआल तबअ के सबब से ग़ुस्सःइ शदीद में मर जाय और ख़ालिद जो क़रीब खड़ा हुआ हो इस नीयत से कि इस ग़ुस्से मे जैद को बक्र से हलाक कराने का मौक़ा मिल जाय बक्र के हाथ में इस ग़रज़ से एक छूरी देदे और बक्र उस छूरी से जैद को हलाक करे तो इस सूरत में मुमकिन् है कि बक्र सिर्फ़ क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ाका मुर्तकिब हो मगर ख़ालिद क़तले अमदका मुर्तकिब होगा ।

मुस्तसना २—क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद न होगा अगर मुजरिम नेक नीयती से इस्तिहक़ाक़े हिफ़ाजते खुद इख़्तियारीये जिस्म या माल के निफ़ाज में उस इख़्तियार से बढ़ जाय जो उस को क़ानून की रूसे हासिल है और उस गज़न्द से जो उस हिफ़ाजत के लिये ज़रूर है जियादः गजन्द पहुंचाने की पहले से कोई फ़िक्र या नीयत न करके उस शख़्स को हलाक करे जिस के दफ़ैअः में उस इस्तहक़ाक़े हिफ़ाजत को नाफ़िज करता है ।

तमसील ।

ज़ैद बक्र के कोड़े मारने का इक़दाम करे न इस तरह पर कि बक्र को जररे शदीद पहुंचे और बक्र तपचः निकाल ले और जैद उस हमले में इसरार करे और बक्र नेक नीयती से यह समझ कर कि वह अपने तईं किसी और तदबीर से कोड़े खाने से नहीं बचा सक्ता ज़ैद को तपचे मार कर हलाक करे तो बक्र क़तले अमद का मुर्तकिब नहीं हुआ बल्कि सिर्फ़ क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ाका ।

मुस्तसना ३—क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद न होगा अगर मुजरिम जो सर्कारी मुलाजिम हो या किसी ऐसे सर्कारी मुलाजिम की मदद कररहा हो जो मअदलते आम्मःके इजरा के लिये

अमल कररहा है उन इख़्तियारात से जो उसको क़ानूनकी रूसे हासिल हैं बढ़जाय और किसी ऐसे फेलके करने से हलाकत का बाइसहो जिस को वह नेक नीयती से जायज़ और अपनी मन्सबी खिदमतकी मुनासिब अन्जाम दिही के लिये बहैसियत उस सर्कारी मुलाज़िमी के ज़रूरी समझता हो और उस शख़्स से जो हलाक हुआ कुछ अदावत न रखताहो।

मुस्तसना ४—क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा क़तले अमद न होगा अगर पहले से फ़िक्र न करके नागहानी तनाज़ों के वाक़े होने पर बहालते ग़ैज़ नागहानी लड़ाई में उसका इर्तिकाब हुआहो—और बिदून इसके कि मुजरिमने उस अमलमें ना मुनासिब इस्तिफ़ादःकिया हो बे रहमी से या ग़ैर मुस्तअमल तौरपर अमल किया हो।

तशरीह—ऐसी सूरतों में यह अमर लिहाज़ तलब नहीं है कि इश्तिआले तबअ किस फ़रीक़ ने दिलाया या किसने पहले हम्ले का इर्तिकाब किया।

मुस्तसना ५—क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा उस हालत में क़तले अमद न होगा जब कि वह शख़्स जो हलाक किया गया है अट्ठारः बरस से ज़ियादः उमर का हो और अपनी रिज़ामन्दी से हलाक कियाजाय या हलाकत का ख़तरः उठाये।

तमसील।

ज़ैद बकर से जिसकी उमर अट्ठारः बरस से कम है तर्ग़ीब देकर बिल इरादः खुद कुशी का इर्तिकाब कराये तो चूंकि इस सूरत में बकर कम उमरी के बाइस से अपनी हलाकत की निस्बत रिज़ामन्दी ज़ाहिर करने के क़ाबिल न था इस लिये ज़ैदने क़तल अमदमें इआनतकी।

जिस शख़्स का हलाक करना मक़सूद था उसके सिवा किसी और की हलाकत [illegible]

दफ़ः ३०१—अगर कोई शख़्स कोई ऐसा अमर करने से जिस से उसकी यह नीयत हो या जिससे इस अमर का इह्तिमाल उसके इल्म में हो कि वह हलाकत का बाइस होगा किसी ऐसे शख़्स की हलाकत का बाइस होकर क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ाका इर्तिकाब करे जिसकी हलाकत के बाइस होने की न तो उसने नीयत की न इस अमर का इह्तिमाल उसके इल्म में था कि वह उसकी हलाकतका

बाइस हो तो यह कतल इन्सान मुस्तलजमे सज़ा जिस का वह मुजरिम मुर्तकिब हुआ है उसी क़िस्म का है जो उस हाल में होता जब कि मुजरिम उस शख़्स की हलाकत का बाइस हुआ होता जिसकी हलाकत उसकी नीयत में था या इस अमर का इहतिमाल उसके इल्म में था कि उसकी हलाकत का बाइस होगा।

इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा।

दफ़ा ३०२—जो कोई शख़्स क़तल अमद का मुर्तकिबहो उस को सज़ाय मौत या हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर की सज़ा दीजायेगी और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

सज़ाय क़तले अमद।

दफ़ः ३०३—कोई शख़्स जिसकी निस्बत हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर का हुक्म सज़ा सादिर होचुका हो क़तले अमद का मुर्तकिब हो तो उसको सज़ाय मौत दी जायेगी।

सज़ाय क़तल अमद मुर्तकब-इ मुजरिम जो जनम कैदी हो।

दफ़ः ३०४—जो कोई शख़्स ऐसे क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सजा का मुर्तकिब हो जो क़तले अमद की हद को न पहुंचता हो तो उस शख़्स को हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर की सज़ा दी जायेगी या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा बशर्तेकि वह फेल जिससे हलाकत वाक़े हुई हलाकत के बाइस होने की नीयत से या ऐसे नुक़साने जिस्मानी के बाइस होने की नीयत से किया गया जिससे हलाकत वाक़े होने का इहतिमालहै—

या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी बशर्तेकि फेल मजकूर इस इल्म से किया गया हो कि उससे हलाकत के वाक़े होने का इहतिमाल है मगर कुछ यह नीयत नहो कि उससे हलाकत वाक़े हो या ऐसा नुक़साने जिस्मानी पहुंचे, जिससे हलाकत वाक़े होनेका इहतिमाल है।

सज़ाय क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा जो क़तले अमद तक न पहुचे।

दफ़ः ३०४ (अलिफ)[1]—अगर कोई शख़्स किसी बेइहतियाती या ग़फलत के फेल से जो कतले इन्सान मुस्तलजमे सज़ाकी हदतक

ग़फ़लत करने से बाइस हलाकती का होना।

[1] दफ़ा ३०४ (अलिफ़) मजमूअःइ क़वानीने ताज़ीराते हिन्दके तर्मीम करनेवाले ऐक्ट

न पहुंचे किसी शख़्स की हलाकत का बाइस हो तो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनो सज़ायें दी जायेंगी।

खुद कुशी में तिफ़्ल या फ़ातिरुल अक़्ल की इआनत।

दफ़ः ३०५—अगर कोई शख़्स जिसकी उमर अट्ठारह बरस से कम हो या कोई फ़ातिरुल्अक़ल या कोई मख़्लूबुल्हवास या कोई मख़्बूते फ़ितरी या कोई मुतनश्शी खुदकुशी का इर्तिकाब करे तो जो कोई शख़्स उस खुदकुशी के इर्तिकाब में इआनत करे उसको सज़ाय मौत या हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर या ऐसी क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस से ज़ायद न हो और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

खुद कुशी में इआनत।

दफ़ः ३०६—अगर कोई शख़्स ख़ुदकुशी का इर्तिकाब करे तो जो कोई शख़्स उस ख़ुदकुशी के इर्तिकाब में इआनत करे उसको दोनों किस्मों में से किसी किस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

क़त्ले अमद का इक़्दाम

दफ़ः ३०७—जो कोई शख़्स कोई फ़ेल ऐसी नीयत या ऐसे इल्म से और ऐसी हालत में करे कि अगर वह उस फ़ेल के जरीये से हलाकत का बाइस होता तो क़तल अमद का मुजरिम होता उसको दोनों किस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा और अगर उस फेल के बाइस से किसी शख़्स को ज़रर पहुंचे तो मुजरिम या तो हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर का या उस सजाका जो इस दफः में पहले बयान कीगई है मुस्तौजिब होगा।

सन् १८७० ई० (नम्बर २७ मुसद्दरः सन १८७० ई०) की दफ़ः १२ के ज़रीये से दाख़िल कीगई [ऐक्ट हाय आम की—जिल्द २]।

इस मजमूअःइ क़वानीन के बाब ८ और ५ और २३ उन जुर्मों से मुतअल्लिक़ हैं जो दफ़. ३०४ (अलिफ़) क़ाबिले सज़ा है—मजमूअःइ क़वानीने ताज़ीरात हिन्द के तर्मीम करनेवाले ऐक्ट सन् १८७० ई० (नम्बर २७ मुसद्दरः सन् १८७० ई० की दफ़ः १२ [ऐक्ट हाय आम—जिल्द २]।

(बाब १६-उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं-दफ़. ३०८।)

जिस हालमे कि कोई शख्स जो हस्ब दफ़ःइ हाजा मुजरिम होकर राजाये हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोर की भुगत रहाहो उस सूरत में अगर किसी शख्स को जरर पहुंचे तो उसको सजाय मौत होसक्ती है।[3]

इक़्दाम मुजर्मो की तरफ़ से जो जन्म क़ैदी हो।

तमसीलें।

(अलिफ़) जैद बक्र को हलाक करने की नीयत से ऐसी हालत में उस पर बन्दूक चलाये कि अगर उससे हलाकत वाक़े होती तो ज़ैद कतल अमद का मुजरिम होता तो ज़ैद इस दफ़ः की रू से सज़ाका मुस्तौजिब है।

(बे) जैद किसी कम उमर तिफ़्ल के हलाक कराने की नीयत से उसको किसी वीरान जगह में डालदे तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तारीफ़ इस दफ़. में की गई है गो उस तिफ़्ल की हलाकत वाक़े न हो।

(जीम) ज़ैद बक्र के मारडालने की नीयत करके एक बन्दूक ख़रीदे और उसको भरे तो हनोज़ ज़ैद जुर्म का मुर्तकिब नहीं है फिर जैद बक्रपर बन्दूक चलाये तो जैद उस जुर्म का मुर्तकिब होगा जिसकी तारीफ इस दफ़ में की गई है और अगर उस बन्दूक चलाने से वह बकर को ज़ख़्मी करे तो जैद उस सजा का मुस्तौजिब होगा जो इस दफ़ः के [2] [फ़िक़रःइ अव्वल] के हिस्सा अख़ीर में मुक़र्रर कीगई है।

(दाल) ज़ैद बकर को ज़हर से मारडालने की नीयत करके ज़हर ख़रीदे और उसको उस खाने में मिलादे जो जैद की तहवील में रहताहो तो हनोज़ जैद ने उस जुर्मका इर्तिकाब नहीं किया जिसकी तारीफ़ इस दफ़ में की गई है, फिर जैद उस खाने को बक्रकी मेज पर लगाये या बक्र के नौकरों को दे दे कि वह उसको बक्र की मेज़ पर लगायें तो जैद उस जुर्मका मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ़ इस दफ़ में कीगई है।

दफ़ः ३०८—जो कोई शख्स कोई फेल ऐसी नीयत या ऐसे इल्म से और ऐसी हालत में करे कि अगर वह उस फेल के जरीये से हलाकत का बाइस हो तो वह उस क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा का मुजरिम हो जो क़तल अमद की हद को नहीं पहुंचता है तो शख्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की कैद की सजा दी

क़तल इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा के इर्तिकाब का इक़दाम।

---

[1] यह जिम्न मजमूअःइ क़वानीने ताजीराते हिन्दके तर्मीम करनेवाले ऐक्ट सन् १८७० ई० (नम्बर २७ मुसदरःइ सन् १८७० ई०) की दफ़. ११ के ज़रीये से इलाक़ की गई [ऐक्ट हाय आम-जिल्द २]।

[2] यह अल्फ़ाज़ मन्सूख़ और तर्मीम करने वाले ऐक्ट सन् १८९१ ई० (नम्बर १२ मुसदरःइ सन १८९१ ई०) के जरीये से दाखिल किये गये [ऐक्ट हायआम-जिल्द ६]।

जायगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्तीहै या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी और अगर उस फ़ेल के बाइस से किसी शख़्स को ज़रर पहुंचे तो उसको दोनों किस्मों में से किसी किस्म की कैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनो सजायें दी जायेंगी।

तमसील।

ज़ैद सख़्त तौर नागहानी बाइसे इश्तिआल तबअ के सबबसे बक्र पर ऐसी हालत में तमंचा चलाये कि अगर वह उस के ज़रीये से हलाकत का बाइस होता तो वह उस क़त्ले इन्सान मुस्तलज़िमे सज़ाका मुजरिम होता जो क़तले अमद की हद तक नहीं पहुंचता है तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में कीगई है।

खुद कुशी के इर्तिकाब का इक़्दाम।

दफ़ः ३०९—जो कोई शख़्स खुदकुशी के इर्तिकाब का इक़्दाम करे और कोई ऐसा फ़ेल करे जो जुर्म मज़कूर के इर्तिकाब की तरफ़ मुन्जर हो तो शख़्स मज़कूर को क़ैद महज़की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है [या जुर्माने की सजा दी जायेगी या दोनों सज़ायें।]

ठग

दफ़ः ३१०—जिस किसी शख़्सने किसी वक्त बाद जारी होने इस ऐक्ट के किसी और शख़्स या और अशख़ास के साथ आदतन इस गरज़ से मिलाप रक्खाहो कि क़तले अमद के ज़रीये से या मशग़ूल क़तले अमद के सर्क़ः बिल जब्र या दुज़दीये अतफ़ाल के जुर्म का इर्तिकाबहो वह ठग कहलाया जायेगा।

सज़ा।

दफ़ः ३११—जो कोई शख़्स ठगहो उसको हब्स दवाम बउबूरे दर्याय शोरकी सज़ा दी जायेगी और वह जुर्मानेका भी मुस्तौजिब होगा।

(बाब १६ उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सरहैं—
दफ़आत ३१२—३१४ ।)

इस्क़ाते हमल कराने और जनीन को नुक़सान पहुं-चाने और बच्चों को बाहर डालदेने और इख़फ़ाय तवल्लुदके बयान में ।

इस्क़ाते हमल करना ।

दफ़ः ३१२—जो कोई शख़्स बिलइरादः किसी औरत के इस्क़ाते हमल का बाइस हो तो अगर वह इस्क़ाते हमल नेक नीयती से उस औरत की जान बचाने के लिये न कराया गया हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद तीन बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी और अगर उस औरत के जनीन में जान पड़गई हो तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा ।

तशरीह—वह औरत जो ख़ुद अपने इस्क़ाते हमल की बाइस हो इस दफः की मुराद में दाख़िलहै ।

औरतकी बिला रिज़ामन्दी इस्क़ाते हमल करना ।

दफ़ः ३१३—जो कोई शख़्स बिला रिजामन्दी औरत के उस जुर्म का मुर्तकिब हो जिसकी तारीफ दफःइ अख़ीरे मजकूरःइ बाला में कीगई है आम इस से कि उस औरत के जनीन में जान पड़गई हो या नहीं तो शख़्स मजकूर को हब्स दवाम बउबूरे दरियाय शोर की सजा दीजायेगी या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैदकी सजा दीजायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा ।

हलाकत जिसका बाइस वह फेल हो जो इस्क़ात हमल कराने की नीयत से कियागया है ।

दफ़ः ३१४—जो कोई शख़्स किसी औरत का इस्क़ाते हमल कराने की नीयत से कोई ऐसा फेलकरे जो उस औरत की हलाकत का बाइसहो तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में किसी क़िस्म की क़ैदकी सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद दश बरस तक होसक्ती है और वह जुर्मानेका भी मुस्तौजिब होगा ।

और अगर वह फ़ेल बिला रिज़ामन्दी उस औरत के किया जाय [illegible]

(बाब १६—उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुवस्सरहैं— दफ़ आत २९९–३७७।)

औरत की बिला रिज़ा-मन्दी किया गया है।

तो या तो हब्स दवाम बउबूरे दरियाय शोर की सज़ा दीजावेगी या वह सज़ा दीजावेगी जो पहिले बयान कीगई है।

तशरीह—इस जुर्म के मुतहक्किक होने के लिये मुजरिम का यह जानना ज़रूर नहीं है कि उस फ़ेल से हलाकत वाक़े होने का इहतिमालहै।

फ़ेल जो बच्चे को ज़िन्दः पैदा होने देने या पैदा होने के बाद उसकी हलाकत का बाइस होने की नीयत से कियागया हो।

दफ़ः ३१५.—जो कोई शख़्स किसी बच्चे के पैदा होनेसे पहले कोई फ़ेल इस नीयत से करे कि वह उसके बाइस से उस बच्चे के ज़िन्दः पैदा होनेको रोके या उसके पैदा होनेके बाद उसकी हलाकत का बाइस हो और उस फ़ेल से उस बच्चे के ज़िन्दः पैदा होनेको रोके या उसके पैदा होने के बाद उसकी हलाकत का बाइस हो तो अगर वह फ़ेल नेक नीयती से मा की जान बचाने के लिये न किया गया हो तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सजायें दीजावेंगी।

दफ़ः ३१६—जो कोई शख़्स ऐसी हालत में कोई फ़ेल करे कि वह अगर उसके ज़रीये से हलाकत का बाइस होता तो वह क़त्ले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा का मुजरिम होता और उस फ़ेल से किसी जानदार जनीन को हलाक कराने तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजावेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

इस नीयत से डाल दे या छोड़ दे कि उस तिफ़्ल से कता तअल्लुक़ करे तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

मुहाफ़िज़ का बारहबरस से कम उमर के बच्चे को डाल देना और छोड़ देना।

तशरीह—इस दफ़ः से यह मुराद नहीं है कि मगर उस डाल देने के सबब से वह तिफ़्ल हलाक हो जाय तो मुजरिम जुर्मे क़तले अमद या क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा में—जैसी सूरत हो माख़ूज़ न किया जाय।

दफ़ः ३१८—जो कोई शख़्स किसी तिफ़्ल की लाश चुपके से दफ़न कर देनेसे या किसी और तरह उस को अलाहिदः कर देने से क़स्दन उस तिफ़्ल के तवल्लुद का इख़फ़ा करे या उसके इख़फ़ा में जिद्द करे आम इससे कि वह तिफ़्ल पैदा होने से पहले या पीछे या पैदा होने में मर गया हो तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

लाश को चुपके से रख देने से इख़फ़ाय वलादत।

[1]

ज़रर के बयान में।

दफ़ः ३१९—जो कोई शख़्स किसी शख़्स को दर्द जिस्मानी या मर्ज़ जिस्मानी या ज़ोफ़े जिस्मानी पहुंचाये तो कहा जायेगा कि उसने ज़रर पहुंचाया।

ज़रर

---

[1] दरबार. तअल्लुक़ पज़ीर होने दफ़आत ३२७ लगायत ३३१ निस्बत जरायम तहत क़वानीने मुतअल्लक़ अमर या मुतअल्लुक़ मक़ामके—मुलाहज़ा तलबमा क़बल की दफ़ः४०।

उन जुर्मों में जो तहत दफ़आत ३२३ ओ ३३४ क़ाबिले सज़ा हों राज़ीनामः हो सक्ता है और जो तहते दफ़आत ३२४ ओ ३२५ओ३३५ओ३३७ओ ३३८ क़ाबिले सज़ा है उन मे बइजाज़ते अदालत राज़ीनामः होसक्ता है—मुलाहज़ा तलब मजमूअः ज़ाबितःइ फ़ौजदारी सन् १८९८ई० (ऐक्ट५मुसदरः इ सन१८९८ई०) की दफ़ः ३४५[छपा ऐक्टहाय—आम-जिल्द ६] दर ख़ुसूस उस नौबते दौराने मुक़द्दमः के कि जब अदालत की इजाज़त के बिदून राज़ीनामः जायज़ नहीं है मुलाहज़ा तलब मजमूअः इ मज़कूर की दफ़ः मज़कूरकी दफ़ःइ तहती(५)।

दरबारः सज़ाय ताज़िरातः के अमर बर्मा में जरायमे मुसर्रहःइ दफ़आत ३२५ ओ ३२६ ओ ३२७ ओ ३२९ ओ ३३२ [illegible] —मुलाहज़ा. तलब अमर बर्मा [illegible] ऐक्ट

(वाब १६– उन जुर्मों के बयानमें जो जिस्म इन्सानपर मुअस्सर हैं दफ़ आत ३२०-३२१)

ज़रर शदीद।

दफ़ः ३२०–ज़रर की सिर्फ दह क़िस्में जो नीचे लिखी जाती हैं "ज़ररे शदीद" कही जायेंगी।

पहली–मुखन्नस किया जाना।

दूसरी–किसी एक आंख की वसारत का हमेशः के लिये मादूम किया जाना।

तीसरी–किसी एक कान की समाअ़त का हमेशः के लिये मादूम किया जाना।

चौथी–किसी अज़्व या मुफ़स्सल का मादूम किया जाना।

पांचवीं–किसी अज़्व या मुफ़स्सल के कुवा का मादूम किया जाना या हमेशः के लिये ज़ईफ किया जाना।

छठी–सर या चिहरे का हमेशः के लिये बद सूरत किया जाना।

सातवीं–किसी हड्डी या दांत का तोड़ डाला जाना या उखाड़ डाला जाना।

आठवीं–कोई ज़रर जो जान को खतरे में डाले या बीसरोज़ के अर्से तक शख़्स जरर रसीदः को सख़्त दर्द जिस्मानी में मुबतला रखे या उसको अपने मामूली कारोबार के करने के नाक़ाबिल करदे।

बिल इरादः ज़रर पहुंचाना।

दफ़ः ३२१–जो कोई शख़्स इस नीयत से कोई फेल करे कि उस के जरीये से किसी शख़्स को जरर पहुंचाये या इस अमर के इहतिमाल

सा १८९८ ई० (नम्बर १३ मुसदरः इ सन १८९८ ई०) की दफ़ः ४(३),बे) और ज़मीमः [मजमूअः क़वानीने वर्मा मतबूअः सन १८९९ ई०]–और ज़िलःइ सर्हदीये पंजाब में या बिलूचिस्तान में बपादाश उन जरायमके जो तहत दफ़आत ३२५ ओ ३२६ के क़ाबिले सज़ा हैं–मुलाहज़ा तलब पंजाब के सर्हदी जरायम के रेगूलेशन सन १८८७ ई० (नम्बर ४ मुसदरः इ सन १८८७ ई० की) दफ़ः ८ [मजमूअः क़वानीने पंजाब मतबूअः सन १८८८ ई०–और मजमूअः क़वानीने बिलूचिस्तान मतबूअः सन १८९० ई०]।

दरबारःइसज़ा बपादाश जरायम तहत दफ़आत ३२५ ओ ३२६ ओ ३२८ के [illegible] तहक़ीक़ात पंजाब के ज़िलः इ सर्हदी या बिलूचिस्तान में बज़रिये कौन्सिले सर्दारान के अमल में आये–मुलाहज़ा तलब पंजाब के सर्हदी जरायम के रेगूलेशन सन १८८७ ई० (नम्बर ४ मुसदरः इ सन १८८७ ई०) की दफ़ः १४ [मजमूअः क़वानीने पंजाब मतबूअः सन १८८८ ई० [illegible] मजमूअः क़वानीने बिलूचिस्तान मतबूअः सन १८९० ई०)

के इल्म से कि उस फ़ेल के जरीये से वह किसी शख़्स को ज़रर पहुंचायेगा और उस के जरीये से वह किसी शख़्स को जरर पहुंचाये तो कहा जायेगा कि उसने "बिल इरादः ज़रर पहुंचाया"।

दफ़ः ३२२—जो कोई शख़्स बिलइरादः जरर पहुंचाये तो अगर वह जरर जिसका पहुंचाना उसकी नीयत में हो या जिसको वह जानता हो कि उससे उसके पहुंचने का इहतिमाल है जररे शदीद हो और जो ज़रर उसने पहुंचाया है वह ज़ररे शदीद है तो कहा जायेगा कि उसने "बिलइरादः ज़ररे शदीद पहुंचाया"।

बिल इरादः ज़ररे शदीद पहुँचाना।

तशरीह—यह बात कि एक शख़्सने बिलइरादः जररेशदीद पहुंचाया न कही जायेगी बजुज इसके कि वह जररे शदीद पहुंचाये और उस की यह नीयत भी हो या इस अमर का इहतिमाल उसके इल्म में भी हो कि वह उस फेल के ज़रीये से ज़ररे शदीद पहुंचाये लेकिन अगर वह यह नीयत करके या इस अमर का इहतिमाल जानकर कि वह एक क़िस्म का जररे शदीद पहुंचायेगा फिलवाके किसी और क़िस्म का ज़ररे शदीद पहुंचाये तो कहा जायेगा कि उस शख़्सने बिलइरादः जररे शदीद पहुंचाया।

तमसील।

जैद यह नीयत करके या इस अमर का इहतिमाल जान कर कि बक़र के चिहरे को हमेश के लिये बदसूरत करदे बक़र के एक ज़र्ब लगाये जो बकर के चिहरे को हमेशः के लिये बदसूरत तो न करे मगर उस के सबब से बीसरोज के अर्से तक बक़र को सख़्त दर्द जिस्मानी में मुबतिला रखे—तो ज़ैदने बिल इराद ज़ररे शदीद पहुचाया।

दफ़ः ३२३—जो कोई शख़्स उस सूरत के सिवा जिसकी निस्बत दफ़ः ३३४ में हुक्म है बिलइरादः जरर पहुंचाये तो शख़्स मजकूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्मानेकी सजा जिसकी मिक़्दार एक हजार रुपये तक होसकती है या दोनों सजायें दी जायेंगी।

बिल इरादः ज़रर पहुचाने की सज़ा।

दफ़ः ३२४—जो कोई शख़्स उस सूरत के सिवा जिसकी निस्बत दफ़ः ३३४ में हुक्महै तीर या गोली वगैरः छोड़ने या भोंकने या काटने

ख़तर नाक हर्बों या

(बाब १६—उन जुर्मों के बयान में जो जिस्म इन्सान पर मुअस्सर हैं—दफ़आत २५-३२)

दलीलोंसे बिल इरादः ज़रर पहुंचाना ।

के किसी हथियार या किसी ऐसे हथियार के ज़रीये से जिसको हर्बे ज़र्ब काम में लावे तो उसके बाइस से हलाकत के वाक़े होनेका इहतिमाल है या आग या किसी गर्म कियेहुये माद्दे के ज़रीये से या किसी ज़हर या किसी अक्काल माद्दे के ज़रीये से या भकसे उड़ जाने वाले किसी माद्दे के ज़रीयेसे या किसी ऐसे माद्दे के ज़रीये से जिसका दम लगाना या निगलना या खून में मिला लेना इन्सान के जिस्म को मज़रूत करे या किसी हैवान के ज़रीये से बिलइरादः ज़रर पहुंचाये तो उस शख्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैदकी सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद तीन बरसतक होसकतीहै या जुर्मानेकी सज़ा या दोनोंसजायें दीजायेंगी।

बिल इरादः ज़ररे शदीद पहुंचाने की सज़ा ।

दफ़ः ३२५—जो कोई शख्स उस सूरत के सिवा जिसकी निस्बत दफ़ः ३३५ में हुक्म है बिल इरादः ज़ररे शदीद पहुंचाये तो उस शख्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसकती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा ।

बिलजब्र करे या इस लिये कि शख़्स जररसीदः को या किसी और शख़्स को जो शख़्स जररसीदः से गरज रखता हो कोई ऐसा अमर करने पर मजबूर करे जो खिलाफ़े क़ानून है जिससे किसी जुर्म का इर्तिकाब सहल होजाये तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

कफ़े या किसी फ़ेले खिलाफ़े क़ानून पर मजबूर करने के लिये बिलइरादः ज़रर पहुंचाना।

दफ़ः ३२८—जो कोई शख़्स किसी क़िस्म का ज़हर या कोई बेहोश करनेवाली या मुनश्शी या मुज़िर्र सिहत दवाय मुफ़रिद या कोई दूसरी शै इस नीयत से किसी शख़्स को खिलाये या खिलवाये कि उस शख़्स को जरर पहुंचाये या इस नीयत से कि किसी जुर्म का इर्तिकाब करे या उसके इर्तिकाब को सहल करे या इस अमर के इहतिमाल के इल्म से कि वह उसके जरीये से ज़रर पहुंचायेगा तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

इर्तिकाबजुर्मकी नीयत से ज़हर वग़ैर के ज़रिये से ज़रर पहुंचाना।

दफ़ः ३२९—जो कोई शख़्स बिलइरादः इसलिये ज़ररे शदीद पहुंचाये कि शख़्से ज़ररसीदः से या किसी और शख़्स से जो शख़्स जररसीदः से ग़रज रखता हो किसी माल या किफालतुल-माल का इस्तिहसाले बिलजब्र करे या इस लिये कि ज़ररसीदः को या किसी और शख़्स को जो शख़्स ज़ररसीदः से गरज रखता हो कोई ऐसा फेल करने पर मजबूरकरे जो खिलाफे कानून है या जिससे किसी जुर्म का इर्तिकाब सहल होजाय तो शख़्स मज़कूर को हब्स दवाम बउबूरेदर्याय शोर की सज़ा दी जायेगी या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायेगी जिसकी मीआद दसबरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

मालका इस्तिहसाले बिल जब्र करने या किसी फ़ेले ख़िलाफ़े क़ानून पर मजबूर करने के लिये बिलइरादः ज़ररे शदीद पहुंचाना।

दफ़ः ३३०—जो कोई शख़्स बिल इरादः इसलिये जरर पहुंचाये कि जररसीदः से या किसी और शख़्स से जो जररसीदः से गरज रखताहो जबरन कोई ऐसा इक़रार या मुख़बिरी कराये जो

इक़रारका इस्तिहसाले बिलजब्र करने या

माल के वापस कर देने पर मजबूर करने के लिये बिल इरादः ज़रर पहुंचाना।

किसी जुर्म या बदकिर्दारी के मुनकशिफ कर देने की तरफ़ मुंजर हों या इस लिये कि ज़ररररसीदः को या किसी और शख़्स को जो ज़ररररसीदः से गरज़ रखता हो किसी माल या किफालतुलमाल के वापस करने या वापस कराने पर या किसी दावे या मुतालिबे के अदा करने या ऐसी मुखबिरी करनेपर जो किसी माल या किफालतुल मालके वापस करनेकी तरफ मुंज़रहो मजबूर करे तो शख़्स मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसकती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद कि उहद दारे पुलीस है बक्र को इस अमर के इक़रार करनेकी तहरीक करने के लिये कि उसने जुर्म का इर्तिकाब कियाहै उक़ूबत दे तो ज़ैद इस दफ़ः की रू से एक जुर्म का मुजरिम है।

(बे) ज़ैद कि उहदःदारे पुलीस है बक्र को उस जगह के बतलाने की तहरीक करने के लिये जहां कोई माले मसरूक़ः रखा हो उक़ूबत दे तो ज़ैद इस दफ़ः की रूसे एक जुर्म का मुजरिम है।

(जीम) ज़ैद कि सरिश्तःए मालका उहद दार है बक्र को सर्कारी बाक़ी के अदा करने पर मजबूर करने के लिये जो उसके ज़िम्मा वाजिबुलअदा है उक़ूबतदे तो ज़ैद इस दफ़ः की रू से एक जुर्म का मुजरिम है।

दफ़ः ४७२—जो कोई शख़्स कोई मुहर या कन्दःकी हुई धात की तख़्ती या नक़ूश करने का कोई और आलः वनाये या उसकी तल्वीस करे यह नीयत करके कि वह किसी ऐसी जालसाज़ी के इर्तिकाव के लिये काम में आये जिसकी पादाश में इस मजमूए की दफ़ः ४६७ की रूसे सज़ा मुक़र्रर है या उसी नीयतसे कोई ऐसी मुहर या कन्दः की हुई धात की तख़्ती या कोई और आलः अपने पास रखता हो यह जानकर कि वह मुल्तवस है तो उस शख़्स को हब्से दवाम वउबूरे दर्याय शोर या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद सात वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा।

जालसाज़ी के इर्तिकाव की नीयतसेजिसकी दूसरी सज़ा मुक़र्रर है मुल्तवस मुहर वग़ैर वनाना या पास रखना।

दफ़ः ४७३—जो कोई शख़्स कोई मुहर या कन्दःकी हुई धात की तख़्ती या नक़ूश करने का कोई और आलः वनाये या उसकी तल्वीस करे यह नीयत करके कि वह किसी ऐसी जालसाज़ी के इर्तिकाव के लिये काम में आये जिसकी पादाश में इस वाव की दफ़ः ४६७ के सिवा किसी और दफ़ःकी रूसे सज़ा दी जासक्ती है या उसी नीयत से कोई मुहर या कन्दःकीहुई धात की तख़्ती या कोई और आलः जिसको वह मुल्तवस जानता है अपने पास रखता हो तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद सात वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा।

दस्तावेज़ मज़कूरइ दफ़ ४६६ या ४६७ को जाली जानकर और वहैसीयते

दफ़ः ४७४—जो कोई शख़्स कोई दस्तावेज़ अपने पास रखे यह जानकर कि वह जाली है और यह नीयत करके कि वह वहैसीयत असली दस्तावेज़ के फरेव से या वददियानती से काम में लाई जाय तो अगर वह दस्तावेज उस क़िस्मकी दस्तावेज है जिसका ज़िक्र इस मजमूए की दफ़ः ४६६ में है तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से

(बाव १८—उन जुर्मो के वयान में जो दस्तावेजों और हिर्फ़े या मिल्कीयत के निशानों से मुतअल्लिक़ हैं—दफ़आत ४७५–४७७ ।)

किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद सात वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा और अगर वह दस्तावेज़ उस क़िस्म की दस्तावेज है जिसका ज़िक्र दफ़ः ४६७ में है तो हब्से दवाम वउबूरे दर्यायशोर या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद सात वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा ।

असली काम में लाने की नीयत से पास रखना ।

दफ़ः ४७५—जो कोई शख़्स किसी माद्दे के जिर्म पर या जिर्म में किसी ऐसी अलामत या निशान की तल्वीस करे जो किसी ऐसी दस्तावेज की तस्दीक़के काममें आती हो जिसका वयान इस मजमूए की दफ़ः ४६७ में हुआ है यह नीयत करके कि वह अलामत या निशान इस काम में आये कि जो दस्तावेज उस माद्दे पर विल्फ़ेल जाली वनचुकी या आइन्दः जाली वनाये जाने को है उसके असली दस्तावेज होने की नुमाइश करे या उसी नीयत से कोई ऐसा माद्दःअपने पास रखे जिसके जुर्म पर या जुर्म में उस अलामत या निशान की तल्वीस की गई है तो उस शख़्स को हब्से दवाम वउबूरे दर्यायशोर या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैदकी सजा दीजायगी जिसकी मीआद सात वरसतक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा ।

अलामत या निशान की तल्वीस जो दस्तावेज मज़कूर इ दफ़ ४६७ की तस्दीक़ के लिये काम में आये या मुलव्वस निशान किये हुये माद्दे को पास रखना ।

दफ़ः ४७६—जो कोई शख़्स किसी माद्देके जिर्म पर या जिर्ममें किसी ऐसी अलामत या निशानकी तल्वीस करे जो किसी ऐसी दस्तावेज़ की तस्दीक़ करने के काम में आतीहो जो उन दस्तावेजों में से न हो जिनका वयान इस मजमूए की दफ़ः ४६७ में हुआ है यह नीयत करके कि वह अलामत या निशान इस काम में आये कि जो दस्तावेज इस माद्दे पर विलफेल जाली वनाई गई है या आइन्दः जाली वनाई जाने को है उसके असली दस्तावेज होने की नुमाइश करे या जो कोई शख़्स ऐसी नीयत से कोई माद्दःअपने पास रखताहो जिसके जुर्म पर या जुर्म में किसी ऐसी अलामत या निशान की तल्वीस की गई है तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दी जायगी जिसकी मीआद सात वरस तक होसक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिव होगा ।

अलामत या निशान की तल्वीस जो दस्तावेजों के सिवाय दस्तावेजाते मज़कूर इ दफ़ ४६७ की तस्दीक़ के काम में आये या मुलव्वस निशान किये हुये माद्दे का पास रखना ।

(वाब १८—उनजुर्मों के बयान मे जो दस्तावेजों और हिर्फ़े या मिल्कीयत के निशानो से मुतअल्लिक हैं—दफ. ४७७ (अलिफ़) ।)

वसीयत नामे या मुतवन्ना करने के इजाज़त नामे या क़िफ़ालतुल माल पर फ़रेब से खते नसूख खींचना या उसका तलफ़ करना वग़ैरः।

दफ़ः ४७७—जो कोई शख़्स फ़रेब से या बददियानती से या इस नीयत से कि वह आम्मः ख़लाइक़ को या किसी शख़्स को मज़र्रत या नुक़्सान पहुंचाये किसी ऐसी दस्तावेज़पर खते नस्ख खींचे या उसको तल्फ़ करे या बिगाड़ दे या उसपर खते नस्ख खींचने या उसके तल्फ़ करने या बिगाड़ देने का इक़दाम करे या उसको छुपाये या उसके छुपाने का इक़्दाम करे जो वसीयत नामः या मुतवन्ना करने का इजाज़त नामः या कोई किफ़ालतुलमाल हो या होने की मुद्दअतजीहो या ऐसी दस्तावेज़ की निस्बत नुक़्सानरसानी का मुर्तकिब हो तो उस शख़्स को हब्स दवाम बउबूरे दर्यायशोर या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद सात बरस तक हो सक्ती है और वह जुर्माने का भी मुस्तौजिब होगा।

हिसाब झूठा बनाना।

दफ़ः ४७७(अलिफ)[1]-जो कोई शख़्स मुतसद्दी या अहलेकार या नौकर होकर या मुतसद्दी या अहलेकार या नौकर की हैसीयत से माक़ूर या कारगुज़ार होकर—अमदन् और फ़रेब देने की नीयत से कोई बही या काग़ज़ या तहरीर या किफालतुलमाल या हिसाब जो उसके आका का है या उसके आका के पास है या जो उसने अपने आका के लिये या अपने आका की तरफ से पाया हो तलफ करे या बदले या उसमें काट कूट करे या उसको झूठा बनाये—या अमदन् और फरेब देने की नीयत से किसी वैसी बही या कागज या तहरीर या किफालतुलमाल या हिसाब में कोई झूठा दाख़िलःमुन्दर्ज करे या उसके करने में इआनत करे या वही या कागज़ या तहरीर या किफाल-तुलमाल या हिसाबे मज़कूर से कोई ज़ुरूरी बात निकाल दे या उसमें किसी ज़ुरूरी बात को बदल दे या निकाल देने या बदल देनेमें इआनत करे तो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद सात बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दी जायेंगी।

तशरीह—इस दफ़ः के मुतअल्लिक़ किसी इल्ज़ाम में बग़ैर

[1] दफ़ ४७७ (अलिफ़) फ़ौजदारी क़ानून के तरमीम करने वाले ऐक्ट १८९५ [illegible] (न २ मुन्दर्ज सन १८९५ ई०) की रू [illegible] के ज़रिये से इज़ाफ़ा [illegible] नाम आम-जिल्द ६]।

बताये नाम किसी खास शख़्स के जिसको फरेब देना मक़सूद हो या बग़ैर तसरीह किसी खास मुवालिगे ज़र के जिसका गाइःइ फरेब होना मक़सूद हो या बग़ैर तसरीह किसी खास दिनके जिस दिन कि जुर्म का इर्तिकाब हुआ हो फरेब देने की आम नीयतका बयान करना काफ़ी होगा।

हिर्फ़े और मिल्कीयत के और दूसरे निशानों के बयान में।[1]

दफ़ः ४७८—जो निशान इस अमर के जाहिर करने के लिये काम में लाया जाय कि यह असबाब फ़ुलां शख़्से खासका सनाअत कियाहुआ या तिजारती है तो वह निशान निशाने हिर्फ़ः कहलायेगा।

(निशानेहिर्फः।)

और इस मजमूअे की ग़रजों के लिये "निशाने हिर्फ़ः" के लफ़्ज़ में हर ऐसा निशाने हिर्फ़ दाखिल है जिसकी रेजिस्टरी हिर्फ़े के निशानों की ऐसी वही में हुई हो जो नम्बरों और इख़्तिराओं और हिर्फ़े के निशानों के ऐक्ट मुसद्दरःइ सन् १८८३ ई० की रूसे रखीजाती है—और हर ऐसा निशाने हिर्फ़ः भी दाखिल है जिसकी या तो रेजिस्टरी करके या बिदूनं रेजिस्टरी के किसी ऐसे मक़बूजाते बृतानी या रियासते ग़ैर में बज़रीयः क़ानून के हिफाजत की गई हो जहां नमूनों और इख़्तिराओं और हिर्फ़ों के निशानों के ऐक्ट मुसदरःइ सन् १८८३ ई० की दफ़ः एकसौ तीन के अहकाम इजला से कौन्सिल के हुक्म से वर वक़्त तअल्लुक़ पिजीर रहें।

(स्टाट्यूट मजरीय: सन् ४६ ओ ४७ जुलूसे मलक: विक्टोरिया—बाब ५७।)

---

[1] दफ़आत ४७८ लगायत ४८९ साबिक़ दफ़आत की जगह हिन्दके सौदागरीके मालके निशानों के ऐक्ट सन् १८८९ ई० (न० ४ मुसदर इ सन १८८९ ई०) की दफ़ः ३ के जरीये से काइम कीगई [ऐक्ट हाय आम-जिल्द ५]।

इन दफ़आत के तहत में जवाब या इर्जाअे नालिश और हद्दे समाअते नालिशात के खर्चे के बारे में मुलाहज तलब उसी ऐक्ट की दफ़आत १४ ओ १५।

दफ़आत ४८०—४८२ या दफ़ ४८५ की बिला इराद खिलाफ़ वर्जी के बारे में मुलाहज तलब उसी ऐक्ट की दफ़ ८।

माल की जब्ती बहालत खिलाफ़ वर्जी दफ़ ४८२ या दफ़आत ४८६—४८८ के बारे मे मुलाहज तलब उसी ऐक्ट की दफ़ ६।

(बाब १८—उन जुर्मों के बयान में जो दस्तावेज़ों और हिर्फ़ें या मिल्कीयत के निशानों से मुतअल्लिक हैं—दफ़आत ४७९–४८३ ।)

निशाने मिल्कीयत ।

दफ़ः ४७९—जो निशान इस अमर के ज़ाहिर करने के लिये काम में लाया जाय कि यह माले मन्कूलः किसी शख़्से खास की मिल्क है तो वह निशाने मिल्कीयत कहलायेगा ।

झूठे निशाने हिर्फ़ का काम मे लाना ।

दफ़ः ४८०—जो कोई शख़्स किसी असबाब पर या किसी सन्दूक या गठरी या किसी और ज़र्फ पर जिसमें असबाब हो निशान बनाये या किसी सन्दूक या गठरी या और ज़र्फ को किसी निशानके साथ जो उस पर रहे काम में लाये उस तरह पर जिस्से बवजहे माकूल यह बावर कराया जासके कि वह असबाब जिसपर निशान है या कोई असबाब जो ऐसे सन्दूक या गठरी या ज़र्फ में है जिसपर निशान है किसी ऐसे शख़्स का सनाअत किया हुआ या तिजारती है जिसका वह सनाअत किया हुआ या तिजारती न हो तो कहा जायगा कि शख़्से मज़कूर झूठा निशाने हिर्फ़ः काम में लाया ।

झूठे निशाने मिल्कीयत का काम में लाना ।

दफ़ः ४८१—जो कोई शख़्स किसी माले मन्कूलः या असबाब पर या किसी सन्दूक या गठरी या किसी और ज़र्फपर जिसमें माले मन्कूलः या असबाब हो निशान बनाये या कोई सन्दूक या गठरी या कोई और ज़र्फ पर जिसपर निशानहो काम में लाये इस तरह पर जिससे बवजहे माकूल यह बावर कराया जासके कि माल या असबाब जिसपर वह निशान है या कोई माल या असबाब जो किसी ऐसे ज़र्फ में है जिसपर वह निशानहो ऐसे शख़्स की मिल्कहै जिसकी वह मिल्क न हो तो कहा जायगा कि शख़्से मज़कूर झूठा निशाने मिल्कीयत काममें लाया ।

झूठे निशाने हिर्फ़ या निशाने मिल्कीयत को काम मे लाने की सज़ा ।

दफ़ः ४८२—जो कोई शख़्स कोई झूठा निशाने हिर्फ़ः या कोई झूठा निशाने मिल्कीयत काम में लाये उसको जबतक वह यह साबित न करे कि उसने यह काम फरेब देनेकी नीयत से नहीं कियाथा दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की कैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायँगी ।

उन निशाने हिर्फ़ या

दफ़ः ४८३—जो कोई शख़्स किसी ऐसे निशाने हिर्फ़ः या ऐसे निशाने मिल्कीयत की नक़्लीद करे जिसको कोई और शख़्स काम

(बाब १८—उन जुर्मों के बयान मे जो दस्तावेजों और हिर्फे या मिल्कीयत के निशानो से मुतअल्लिक़ हैं-दफ़आत ४८४—४८६।)

में लाता हो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद दो वरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

निशाने मिल्कीयत की तल्बीस जिसको कोई और शख़्स काममें लाताहै।

दफ़ः ४८४—जो कोई शख़्स किसी ऐसे निशाने मिल्कीयत की तल्बीस करे जिसको कोई सर्कारी मुलाज़िम काम में लाता हो या किसी ऐसे निशाने की तल्बीस करे जिसको कोई सर्कारी मुलाज़िम यह ज़ाहिर करने के लिये काम में लाता हो कि कोई माल किसी शख़्से ख़ास ने तैयार किया है या किसी खास वक़्त या खास मुक़ाम में तैयार किया गया है या यह कि वह माल किसी खास दर्जे का है या किसी ख़ास कचहरी में होकर गुजरा है या यह कि वह किसी मुआफी का मुस्तहक़ है या कोई ऐसा निशान जिसको वह मुल्तबस जानताहो सहीह निशान की हैसीयत से काम में लाये तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी किस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद तीन वरस तक होसक्ती है और वह मुस्तौजिब जुर्माने का भी होगा।

तल्बीस ऐसे निशानकी जो सर्कारी मुलाज़िम काम में लाता है।

दफ़ः ४८५—जो कोई शख़्स किसी निशाने हिर्फः या निशाने मिल्कीयतकी तल्बीस की गरज से कोई ठप्पा या धात की कन्दः की हुई तख़्ती या कोई और आला वनाये या अपने पास रखे या कोई निशाने हिर्फः या निशाने मिल्कीयत इस गरज से अपने पास रखे कि किसी असवाव की निस्वत यह जाहिर हो कि वह उस शख़्स का सनाअत किया हुआ या तिजारती असवाव है जिसका सनाअत किया हुआ या तिजारती वह न हो या यह कि वह उस शख़्स की मिल्क है जिसकी वह मिल्क नहो तो उसको दोनों किस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायगी जिसकी मीआद तीन वरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

किसी निशाने हिर्फ़ या निशाने मिल्कीयतकी तल्बीस के लिये किसी आला का वनाना या पास रखना।

दफ़ः ४८६—जो कोई शख़्स कोई असवाव या शै मुल्तवस निशानेहिर्फः या निशानेमिल्कीयत के साथ जो उस पर या किसी सन्दूक़ या गठरी या और ज़र्फ पर जिसमें वह असवाव रहे चस्पां या ठप्पा किया गया हो वेचे या वेचने के लिये या तिजारत या सनाअत

ऐसे असवाव का वेचना जिस पर मुल्तवस निशाने हिर्फ़ या निशाने

(बाब १८—उन जुर्मों के बयान में जो दस्तावेज़ो और हिफ़े या मिल्कीयत के निशानों से मुतअ़ल्लिक हैं—दफ़ ४८७।)

मिल्कीयत रहे। की किसी ग़रज से नुमायां करे या अपने पास रखे उसको ताबक़े कि वह यह साबित न करे—

(अलिफ) कि इस दफ़ःकी खिलाफ़ वर्जी में किसी जुर्म के मुर्तकिब नहोने के लिये जिस क़दर इहतियात माकूल तौर पर करनी लाज़िम थी उस क़द्र इहतियात करके जुर्मे इजहारी के इर्तिकाब के वक़्त उसने उस निशान के सहीह होनेकी बाबत कोई शुबःकी वजः नहीं पाई थी—और

(बे) यह कि पैरोकारे इस्तिग़ासः के पूछने पर या पैरोकारे इस्तिग़ासः की तरफ़ से पूछे जाने पर उसने उन अशख़ास की बाबत जिनसे उसने वैसा असबाब या शै को हासिल किया था तमाम ऐसी खबरें दी हैं जिनका देना उसके इख़्तियार में था—या

(जीम) यह कि और तरह से उसने बेक़ुसूरानः काम किया है उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद एक बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

किसी ज़र्फ़ पर जिसमें असबाब रहे कोई झूठा निशान बनाना।

दफ़ः ४८७—जो कोई शख़्स किसी ऐसे सन्दूक़ या गठरी या दूसरे ज़र्फ़ पर जिसमे असबाब रहे कोई झूठा निशान बनाये इस तरह पर जिससे किसी सर्कारी मुलाज़िम या और शख़्स को बवजहे माकूल यह बावर कराया जासके कि उस ज़र्फ़ मे ऐसा असबाब है जो उसमें नहो या यह कि उस ज़र्फ़ में ऐसा असबाब नहीं है जो उसमें हो या यह कि जो असबाब उस ज़र्फ़ में है वह इस नौइयत या इस दर्जे का है जो उस असबाब की असली नौइयत या दर्जे से जुदा है उसको जबतक वह यह साबित न करे कि उसने फरेब देने की नीयत से यह काम नहीं किया था दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद तीन बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सज़ा—या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

(बाब १८–उन जुर्मों के बयान मे जो दस्तावेजों और हिर्फे या मिल्कीयत के निशानों से मुतअल्लिक है–दफआत ४६३–४८९ (अलिफ)।)

दफ़ः ४८८–जो कोई शख़्स किसी वैसे झूठे निशान को उस तरह पर काममें लाये जिसकी निस्वत दफ़ःइ अखीरे मज़कूरःइ वाला में मुमानिअत है उसको जबतक कि वह यह साबित न करे कि उसने फरेब देने की नीयतसे यह काम नहीं किया था ऐसी सज़ा दी जायगी जो उस दफ़ः की खिलाफवर्ज़ी में किसी जुर्म के मुर्तकिब होने की तक़दीर में उसको दीजाती ।

किसी वैसे झूठे निशान के काम में लानेकी सज़ा ।

दफ़ः ४८९–जो कोई शख़्स किसी निशाने मिल्कीयत को दूर करे या मादूम करे या बिगाड़े या उसमें कुछ बढ़ाये इस नीयत से या यह जानकर कि वह इस ज़रीये से किसी शख़्स को गालिबन नुक़्सान पहुंचा सक्ता है उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैदकी सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद एक बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

निशाने मिल्कीयत में नुक्सान पहुचाने की नीयत से कारसाज़ी करनी ।

करन्सी नोटों और बैंक नोटों के बयान में[1]।

दफ़ः ४८९ (अलिफ)–जो कोई शख़्स किसी करन्सी नोट या बैंक नोट की तल्बीस करे या उसकी तल्बीस के अमल का कोई जुज़ जान बूझकर अंजाम दे उसको हब्से दवाम बउबूरे दर्याय शोर या दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्मानेका भी मुस्तौजिब होगा ।

करन्सी नोटों या बैंक नोटों की तल्बीस ।

तशरीह–वास्ते अगराज़ दफ़ःइ हाज़ा ओ दफ़आत ४८९ (बे) ओ ४८९ (जीम) ओ ४८९ (दाल) के लफ़्ज़ "बैंक नोट" से मुराद है ऐसा प्रामिसरी नोट या इक़रारनामः जिसे वास्ते इन्दुत्तलब अदा होने रुपयः के हामिल को कोई ऐसा शख़्स जारी करे जो किसी हिस्सःइ दुनिया में महाजनी कारोबार करता हो या वह किसी सर्कार या शाहे वक़्तकी तरफ से या बमूजिब उसके हुक्मके जारी किया

[1] दफ़आत ४८९ (अलिफ़) लग़ाइत ४८९ (दाल) करन्सी नोटों की जालसाज़ी के ऐक्ट सन १८९९ ई० (नम्बर १२ मुसदरः सन १८९९ ई०) की दफ़. २ के ज़रीये से दाखिल कीगई ।

जाय और जिसका नक़ूद के हमकीमत होने के तौर पर या नक़ूद के एवज के तौरपर काममें लाया जाना मक़सूदहो।

जाली या मुल्तवस करन्सी नोटों या बैंक नोटोंको असली नोटोंकी हैसीयत से काम में लाना।

दफ़ः ४८९ (बे)–जो कोई शख़्स किसी जाली या मुल्तवस करन्सी नोट या बैंक नोटको दूसरे शख़्सके पास बेचे या उससे खरीदे या हासिलकरे या और तरहपर उसका लेन देनकरे या उसको असली होनेकी हैसीयत से काममें लाये यह जानकर या इस बातके बावर करने की वजः रखकर कि करन्सी नोट या बैंक नोट मज़कूर जाली या मुल्तवस है उसको हब्से दवाम वउबूरे दर्याये शोर या दोनों किस्मों में से किसी किस्मकी कैदकी सजा दीजायगी जिसकी मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्मानेका भी मुस्तौजिब होगा।

जाली या मुल्तवस करन्सी नोटों या बैंक नोटों को पास रखना।

दफ़ः ४८९ (जीम)–जो कोई शख़्स कोई जाली या मुल्तवस करंसी नोट या बैंक नोट अपने पास रखे यह जानकर या इस बातके बावर करने की वजः रखकर कि वह जाली या मुल्तवस है और यह नीयत करके कि उसको असली होनेकी हैसीयत से काम में लाये या यह कि वह असली होने की हैसीयत से काम में लाया जासके उस को दोनों किस्मों में से किसी क़िस्मकी कैदकी सजा दी जायगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दीजायेगी।

करन्सी नोटों या बैंक नोटों के जाली बनाने या उनकी तल्बीस करने के लिये आलात या सामान बनाना या पास रखना।

दफ़ः ४८९ (दाल)–जो कोई शख़्स कोई कल या आला या सामान बनाये या उसकी साख़्त के अमल का कोई जुज अंजामदे या उसको खरीदे या बेचे या अपने क़ब्जे से जुदाकरे या अपने पास रखे इस गरज़ से कि वह किसी करन्सी नोट या बैंक नोटके जाली बनाने या उसकी तल्बीस करने के लिये काम में आये या यह जानकर या इस बातके बावर करनेकी वजः रखकर कि उसका किसी करन्सी नोट या बैंकनोट के जाली बनाने या उसकी तल्बीस करने के लिये काम में लाया जाना मक़सूद है उसको हब्से दवाम वउबूरे दर्याय शोर या दोनों क़िस्मों में से किसी किस्मकी क़ैदकी सजा दीजायगी जिसकी

मीआद दस बरस तक होसक्ती है और वह जुर्मानेका भी मुस्तौजिब होगा ।

बाब १९ ।[1]

ख़िदमत के मुआहदों के नक़्ज़े मुजरिमान: के बयान में ।

ख़िदमत सफ़रे-तरी या ख़ुश्की के मुआहदे क नक्ज़ ।

दफ़:४९०—जो कोई शख़्स जिस पर मुआहद:इ जाइज़ की रू से वाजिब है कि वह किसी शख़्स या माल के एक जगहसे दूसरी जगह लेजाने या पहुंचाने में बिज़ातिही ख़िदमत करे या सफ़रे तरी या सफ़रे ख़ुश्की में किसी शख़्स की नौकर की हैसीयत से ख़िदमत करे या सफ़रे तरी या सफ़रे ख़ुश्की में किसी शख़्स या माल की हिफ़ाज़त करे सिवाय हालते बीमारी या बदसुलूकी किये जाने के बिल इराद: ऐसा करना तर्क करे तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद एक महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़दार सौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

तमसीलें ।

(अलिफ़) जैद पालकी का एक कहार जिसपर मुआहद इ मुताबिके क़ानून की रूसे बक्र को एक जगह से दूसरे जगह तक पहुचाना वाजिब है राह में से भाग जाय तो जैद उस जुर्म का मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ इस दफ में की गई है ।

(बे) जैद एक क़ुली जिसपर मुआहद इ जायज की रू से बक्र के असबाबे सफ़र को एक जगह से दूसरी जगह लेजाना वाजिब है असबाब को फेंक कर चलदे तो जैद उस जुर्म का मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ़ इस दफ में कीगई है ।

(जीम) जैद बिलून का एक मालिक जिसपर मुआहद इ मुताबिके कानून की रू मे वाजिब है कि अपने बिलून पर लाद कर असबाब एक जगह से दूसरी जगह तक पहुचादे ।

---

[1] किसी जुर्म तहते बाब १९ की समाअत सिर्फ किसी फरीक़ की जानिब से जिसको रंज पहुचा हो नालिश होने पर होसक्तीहै-मुलाहजा तलब मजमूअ इ ज़ाबित इ फ़ौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसदर इ सन १८९८ ई०) की दफ़ १९८ [ऐक्ट हाये आम-जिल्द ६] ।

उन जुर्मों में जो तहते बाबे हाजा क़ाबिले सज़ा हों राज़ीनाम होसक्ता है मुलाहज़ा-तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ ३४५-दरखुसूस उस नौबते दौराने मुकद्दम के कि जब अदालत की इजाज़त के बिदून राज़ीनाम जायज़ नहीं है मुलाहजा तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ इ मजकूर की दफ इ तहती (५) ।

ऐसा करना ख़िलाफ़े क़ानून तर्क करे तो ज़ैद उस जुर्म का मुर्तकिब हुआ जिसकी तारीफ़ इस दफ़ः में की गई है ।

(दाल) ज़ैद बक़र को जो एक कुली है नाजायज़ वसीलों से अपना असबाबे सफ़र पहुचाने के लिये मजबूर करे और बक़र अस्नाये सफ़र में असबाब रखकर भाग जाय तो इस सूरत मे चूंकि असबाब का पहुँचाना बक़र पर ज़ाब्तन वाजिब न था इस लिये बक़र किसी जुर्म का मुर्तकिब नहीं ।

तशरीह—इस जुर्म के मुतहक्क़िक़ होने के लिये ज़रूर नहीं है कि मुआहदः उस शख़्स के साथ किया जाय जिसके लिये वह ख़िदमत अदा की जाने को है बल्कि यही काफ़ी है कि उस शख़्स ने जिसको वह ख़िदमत करनी पड़ेगी किसी शख़्स के साथ वह मुआहदः क़ानून के मुताबिक़ किया हो ख़ाह लफ़ज़न ख़ाह मानन ।

तमसील ।

ज़ैद किसी डाक कम्पनी के साथ एक महीने तक उसकी गाडी हाकने का मुआहद करे और बक़र डाक कम्पनी मज़कूर को इस लिये मामूर करे कि वह उसे किसी सफर को लेजाय और उस महीने के अन्दर वह कम्पनी बक़र को कोई गाडी दे जिसको ज़ैद हाकता है और ज़ैद असनाये सफ़र में बिलइराद गाड़ी को छोड जाय तो इस सूरत में अगर्चि ज़ैद ने बक़र के साथ ख़ुद मुआहद. नहीं किया ताहम ज़ैद इस दफ़. की रू से जुर्म का मुजरिम है ।

आजिज़ की ख़िदमत करने और उसकी ज़रूरियात के बहम पहुचाने के मुआहदे का नक्ज़ ।

दफ़ः ४९१—कोई शख़्स जिस पर मुआहदःइ जायज़ की रू से किसी ऐसे शख़्स की ख़िदमत करना या उसकी ज़रूरियात का बहम पहुंचाना वाजिब है जो सिग्र सिनी या अक़ल के फ़ुतूर या बीमारी या ज़ोफ़े जिस्मानी के सबब से आजिज़ है या जो अपने अमल की तदबीर करने या अपनी ज़रूरियात के बहम पहुंचाने के लिये नाक़ाबिल है बिलइरादः ऐसा करना तर्क करे तो उस शख़्स को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद तीन महीने तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा जिसकी मिक़दार दोसौ रुपये तक होसक्ती है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी ।

मिर्सा दूर दराज जगहमें ख़िदमत

दफ़ः ४९२—कोई शख़्स जिसपर किसी मुआहदःइ जायज़ तहरीरी के मुवाफ़िक़ किसी और शख़्स के लिये दस्तकार या कारीगर या मज़दूर की हैसीयत से किसी मुद्दत तक जो तीन बरस से ज़ायद

न हो बृटिशइन्डिया के अन्दर किसी ऐसे मुक़ाम में काम करना वाजिब है जहां वह उस मुआहदे के एतिबार से उस शख़्स के खर्च से पहुंचाया गया हो या पहुंचाये जाने को हो उस शख़्सकी खिदमत पर से उस हाल में कि वह मुआहदः क़ाइम है बिलइरादः भागजाय या बग़ैर किसी वजहे माकूल के उस खिदमत की अन्जामदिही से इन्कार करे जिसके अदा करने का उसने मुआहदः किया है और वह खिदमते माकूल और मुनासिबे हो तो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायगी जिसकी मीआद एक महीने से जियादः न हो या जुर्माने की सज़ा जिसकी मिक़्दार उस खर्च की दो चन्द मिक़्दार से ज़ायद न हो या दोनों सज़ायें दी जायेंगी बजुज़ इसके कि यह बात जाहिर होजाय कि अमर ने उसके साथ बद-सुलूकी की या अपनी तरफ से उस मुआहदे का ईफा नहीं किया ।

करने के मुआहदे का नक़्ज़ जहा नौकर शख़्स के खर्च से पहुचाया गयाहो ।

बाब २० ।[1]

उन जुर्मों के बयान में जो इज़्दिवाज से तअल्लुक़ रखते हैं ।

दफ़ः४९३—हर ऐसे मर्द को जो किसी औरत को जिसका इज़्दिवाजे जायज़ उस मर्द के साथ न हुआ हो धोखे से यह बावर

हम् ख़ानगी जो किसी ,

---

[1] किसी जुर्मे तहते दफ ४९३ या ४९४या ४९५ या ४९६ की समाअत सिर्फ किसी फ़रीक़ की जानिब से जिसको रंज पहुचा हो नालिश होने पर और किसी जुर्म तहते दफ़ ४९७ या ४९८ की समाअत सिर्फ औरत के शौहर या वलीये मुहाफिज़ की तरफ से नालिश होने पर होसक्ती है—मुलाहज़ तलब मजमूअ इ ज़ाबित इ फौजदारी सन१८९८ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दर इ सन १८९८ ई०) की दफ़आत १९८ ओ १९९ [ऐक्ट हाय आम-जिल्द ६] ।

उन जुर्मों में जो तहते दफ़आत ४९७ ओ ४९८ क़ाबिले सज़ा हों राज़ीनाम होसक्ताहै—मुलाहज़ तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ ३४५ दरखुसूस उस नौबते दौराने मुक़द्दम तहते दफ़आत ४९७ ओ ४९८ के कि जब अदालत की इजाज़त के बिदून राज़ीनाम जायज़ नहीं है मुलाहज़ तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ इ मज़कूर की दफ़ इ तहती (५) ।

दरबार सज़ा बपादाशे जराइम तहते दफ़आत ४९७ ओ ४९८ कि जिनकी तहक़ीक़ात पंजाब के जिलये सरहदी में या बिलूचिस्तान में बज़रीय कौन्सिले सर्दारान् के अमल में आये मुलाहज़ तलब पंजाब के सरहदी जराइम के रेगूलेशन सन १८८७ ई० (न० ४ मुसद्दर इ सन १८८७ ई०) की दफ़ १४ [मजमूअ इ क़वानीने पंजाब मतबूअ इ सन १८८८ ई० और मजमूअ इ क़वानीने बिलूचिस्तान मतबूअ इ सन १८९० ई०] ।

तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक हो सक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दीजायेंगी।

बाब २१।[1]

इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी के बयान में।

इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी।

दफ़: ४९९—जो कोई शख़्स ऐसी बातों के ज़रिये से जो तलफ़्फ़ुज़ से अदा कीजायँ या जिनका पढ़ा जाना मक़सूद हो या इशारों के ज़रिये से या नुक़ूशे मरईय: के ज़रिये से किसी शख़्स की निस्बत कोई इत्तिहाम लगाये या मुश्तहर करे यह नीयत करके कि उस शख़्स की नेकनामी को गज़न्द पहुंचाये या यह जानकर या यह बावर करने की वज: रखकर कि वह इत्तिहाम उस शख़्स की नेकनामी को गज़न्द पहुंचायेगा तो सिवा उन हालतों के जो नीचे मुस्तसना की गईहैं कहा जायेगा कि उसने उस शख़्स का इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी किया।

तशरीह १—किसी शख़्से मुतवफ़्फ़ा की निस्बत किसी अमर का इत्तिहाम लगाना इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी की हद तक पहुंच सक्ता है बशर्ते कि उस इत्तिहाम से उस शख़्स के जीतेजी उसकी नेकनामी को गज़न्द पहुंचता और उससे यह नीयत हो कि उस शख़्स के अहल ओ अयाल या क़रीब के रिश्त:दारों के दिलों को चोट पहुंचाये।

---

[1] किसी जुर्म तहते बाब २१ की समाअत सिर्फ किसी फरीक की जानिब से जिसको रंज पहुंचा हो नालिश होने पर होसक्ती है—मुलाहज़ा तलब मजमूअ:इ ज़ाबित:इ फौजदारी सन १८९८ ई० (ऐक्ट ५ मुसद्दर:इ सन १८९८ ई०) की दफ़: १९८ [ऐक्टहाय आम जिल्द ६]।

उन जुर्मों में तहते दफ़: ५०० या ५०१ या ५०२ का बिले मजा हो राज़ीनामा हो सक्ता है—मुलाहज़ा तलब मजमूअ:इ मज़कूर की दफ़: ३४५—दरसूरत उस नालिश दायर होने मुक़द्दम: के कि जब अदालत की इजाज़त के बिदून राज़ीनामा जायज़ नहीं है मुलाहज़ा तलब मजमूअ:इ मज़कूर की दफ़:इ मज़कूर की दफ़:इ तहती (५)।

उस शै के मुसतज़ाद के तलफ़ करने के हुक्म देने के इख्तियार के बारे में जिसकी निस्बत तहते दफ़: ५०१ या दफ़: ५०२ जुर्म साबित क़रार पाया है मुलाहज़ा तलब मजमूअ:इ मज़कूर की दफ़: ५२१।

तशरीह २–किसी कम्पनी या जमाअ़ते मुत्तफ़िक़ः या जमाअ़ते अशख़ास की निस्बत बहैसियत उस कम्पनी या जमाअ़ते मुत्तफ़िक़ः या जमाअ़ते अशख़ास के इत्तिहाम करना इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी तक पहुंच सक्ता है ।

तशरीह ३–जो इत्तिहाम मानीये ख़ियार की सूरत रखता हो या हज्वे मलीह की तरह किया जाय वह इज़ाल:इ हैसीयते उर्फ़ी तक पहुंच सक्ता है ।

तशरीह ४–किसी इत्तिहाम की निस्बत न कहा जायगा कि वह किसी शख़्स की नेकनामी को गज़न्द पहुंचाता है बजुज़ इसके कि वह इत्तिहाम सराहतन् या क़िनायतन् और लोगों की नज़र में उस शख़्स की आदात की या सिफ़ाते अक़्ली की ख़िफ़्फ़त का बाइसहो या बलिहाज उसकी जात या उसके पेशे के उस शख़्स की हैसियते उर्फ़ी की ख़िफ़्फ़त का बाइस हो या उसकी मोतबरी की ख़िफ़्फ़त का बाइसहो या यह बात बावर किये जाने का बाइस हो कि उस शख़्स का जिस्म एक मकरूह हालत में या एक ऐसी हालत में है जो उमूमन रिसवाई का मूजिबहै ।

तमसीलें ।

(अलिफ़) जैद कहे–" कि बक़र दियानतदार आदमी है उसने ख़ालिद की घड़ी हरगिज नहीं चुराई " यह बावर करानेकी नीयत से कि बक़र ने ख़ालिद की घड़ी चुराई है तो यह इज़ाल इ हैसीयते उर्फ़ी है बजुज़ इसके कि वह मुस्तसनीयात में से किसी मुस्तसना में दाख़िल हो ।

(बे) जैद से पूछा जाय कि बक़र की घड़ी किसने चुराई और जैद ख़ालिदकी तरफ इशार करे यह बावर कराने की नीयत से कि ख़ालिद ने बक़र की घड़ी चुराई है तो यह इज़ाल इ हैसीयते उर्फ़ी है बजुज इस के कि वह मुस्तसनीयात मे से किसी मुस्तसना में दाख़िल हो ।

(जीम) जैद बक़र की ऐसी तसवीर खींचे कि वह ख़ालिदकी घडी लिये भागा जाता है यह बावर करानेकी नीयत से कि बक़र ने ख़ालिद की घडी चुराई है तो यह इज़ाल इ हैसीयते उर्फ़ी है बजुज़ इसके कि यह मुस्तसनीयात मे से किसी मुस्तना मे दाख़िल हो ।

(बाब २१-इज़ाल इ हैसीयते उर्फ़ी के बयान मे-दफ़ ४६६ ।)

किसी सच्ची बात का इत्तिहामजिसका करना या मुश्त-हर करना आम्म इ खलाइक़ के फ़ाइदेके लिये दरकार है ।

पहला मुस्तसना—इत्तिहाम लगाना किसी अमर का जो किसी शख़्स की निस्बत सचहो इज़ालःइ हैसियते उर्फ़ी नहीं है अगर आम्मःइ खलाइक़ का फ़ाइदः इसमें हो कि वह इत्तिहाम लगाया जाय या मुश्तहर किया जाय—यह बात कि आया इसमें आम्मःइ खलाइक़ का फ़ाइदः फ़िलवाक़ै है या नहीं एक अमरे तनक़ीह तलब होगा ।

सर्कारी मुलाज़िमों का तरीक़े अमल वहैसीयत उसकी मुलाज़िमी के ।

दूसरा मुस्तसना—किसी राय का नेक नीयती से ज़ाहिर करना किसी सर्कारी मुलाज़िम के तरीक़े अमल की निस्बत उसके लवाज़िमाने मन्सबी की अन्जामदिही में या उसकी आदात ओ सिफ़ात की निस्बत जिस क़दर कि वह आदात ओ सिफ़ात उस तरीक़े अमल से ज़ाहिर होती हों और न इससे ज़ियादः इज़ालःइ हैसीयते उर्फ़ी नहीं है ।

किसी शख़्स का तरीक़े अमल बनिस्बत किसी मुआमल इ आम्म इ खलाइक़ के ।

तीसरा मुस्तसना—किसी राय का नेक नीयती से ज़ाहिर करना किसी शख़्सके तरीक़े अमल की निस्बत जो आम्मःइ खलाइक़के किसी मुआमले से मुतअल्लिक़ हो और उस शख़्स की आदात ओ सिफ़ात की निस्बत जिस क़दर कि वह आदात ओ सिफ़ात उस तरके अमल से ज़ाहिर होती हों और न इससे ज़ियादः इज़ालःइ हैसीयते उर्फ़ी नहीं है ।

तमसील ।

ज़ैद का उन उमूरमें बक्र के तरीक़े अमल की निस्बत कोई राय नेक नीयती के साथ ज़ाहिर करना इज़ाल इ हैसीयते उर्फ़ी नहीं है याने आम्म इ खलाइक़ के किसी मुआमले बाबत गवर्नमेन्ट को दरखास्त देने में—या किसी तलबी नामे पर जो आम्म इ खलाइक़ के किसी मुआमले मे लोगों के जमा होने के लिये हो दस्तख़त करने में—या उस क़िस्म का मजमअ का सरगरोह या शरीक होने में—या किसी ऐसे मजमा के बानी या शरीक होने मे जो आम्म इ खलाइक़से इस्तिमदादके लिये हो—या किसी ऐसे उहदेके लिये जिसके लवाज़िम की मुस्तहसन अन्जामदिही मे आम्म इ खलाइक़की गरज मुतअल्लिक़हो किसी खास उम्मेदवारके इस्तिहक़ाक़की निस्बत राय देने या उसके लिये औरों से राय हासिल करने में ।

चौथे की

चौथा मुस्तसना—कोर्ट आफ जस्टिस की कार्रवाई या

ऐसी किसी कार्रवाई के नतीजे की निस्बत फिल असल सच्ची कैफीयत का मुश्तहर करना इजालःइ हैसीयते उर्फी नहीं है ।

कार्रवाई की कैफीयत को मुश्तहर करना ।

तशरीह—कोई जस्टिस आफ दी पीस या और अफ़सर जो वरमला इजलास में तहक़ीक़ात कर रहा हो क़ब्ल इसके कि वह मुक़द्दमः किसी कोर्ट आफ जस्टिस में पेश हो एक कोर्ट है जो दफःइ वाला की मुराद में दाखिल है ।

पांचवां मुस्तसना—दीवानी या फौजदारी के किसी मुक़द्दमे की हक़ीक़ते हाल की निस्बत जो किसी कोर्ट आफ जस्टिस ने फैसल किया हो या किसी शख्स के तरीक़े अमल की निस्बत उस के किसी ऐसे मुक़द्दमे में फरीक़ या गवाह या एजन्ट होने की हैसीयत से या ऐसे शख्स की आदात औ सिफात की निस्बत जहां तक कि उसके तरीक़े अमल से वह आदात औ सिफात ज़ाहिर होती हों और न इस से जियादः किसी राय का नेक नीयती से जाहिर करना इजालःइ हैसीयते उर्फी नहीं है ।

किसी मुक़द्दमे की हक़ीक़ते हाल जिसका फ़ैसल कोर्ट मे हुआ हो गवाहों और और लोगों का तरीक़े अमल जो उससे तअल्लुक़ रखते हों

तमसीलें ।

(अलिफ़) जैद कहे कि—" मेरी दानिश्त में बकर की गवाही फुलां मुक़द्दमे में ऐसी मुतनाक़िज है कि वह जुरूर बेवक़ूफ़ या बद दियानत है " तो जैद इस मुस्तसनामें दाखिल है अगर वह नेक नीयती से यह बात कहता है क्योंकि वह राय जो जैद जाहिर करताहै बक़र की आदात औ सिफ़ात से मुतअल्लिक़ है जैसी उसके तरीक़े अमल से बहैसीयत गवाह होने के जाहिर होती है और न इससे जियाद ।

(बे) लेकिन अगर जैद यह कहे कि—" बक़र ने फ़ुलां मुक़द्दमे में जो बयान किया है उसको मैं बावर नहीं करता क्योंकि मैं जानता हू कि बक़र की आदत झूठ बोलने की है " तो जैद इस मुस्तसना में दाख़िल नहीं है क्योंकि वह राय जो जैद बक़रकी आदात औ सिफ़ात की निस्बत बयान करताहै ऐसी रायहै जो बक़र के तरीक़े अमल पर बहैसीयते गवाह मुब्तनी नहीं है ।

छठा मुस्तसना—नेकनीयती से किसी राय का जाहिर करना किसी अमल के हुस्न औ क़ुबुह की निस्बत जिस को किसी अमल करनेवाले ने आम्मःइ खलाइक़ की राय पर छोड़ा हो या अमल करनेवाले की आदात औ सिफात की निस्बत जहांतक कि वह आदात

आम्म:इ खला-इक़ के सामने अमल हो

हुस्न जो कुबुह ।

औ सिफ़ात उस अमल से जाहिर होती हों और न उससे जियादः इजालःइ हैसीयते उर्फ़ी नहीं है ।

तशरीह—कोई अमल आम्मःइ खलाइकः की रायपर छोड़ा जा सक्ता है खाह सराहतन खाह अमल करने वाले के ऐसे अफ़आल से जिनसे आम्मःइ खलाइक़ की राय पर उस अमल का छोड़ा जाना मुतसौवर हो ।

तमसीलें ।

(अलिफ) वह शख्स जो किसी किताब को छपवाये उस किताब को आम्म इ खलाइक की राय पर छोड़ताहै ।

(बे) वह शख्स जो बर्मला कोई कलाम करे उस कलाम को आम्म इ खलाइक की राय पर छोड़ताहै ।

(जीम) कोई नक्काल या गवैया जो जलस इ आम में अपना हुनर जाहिर करे अपनी नक्काली या गाना आम्म इ खलाइककी राय पर छोड़ता है ।

(दाल) जैद किसी किताबकी निस्बत जो बक़र ने छपवाई है कहे कि—"बक़र की किताब लगो है और इसलिये बक़र ज़रूर जईफुलअक़्ल है या बक़र की किताब फ़ुहुश है और इसलिये ज़रूर बक़र फ़ाहिशुलखियाल आदमी है" तो जैद इस मुस्तसना मे दाखिल है अगर वह यह बात नेक नीयती से कहता है क्योंकि वह राय जो जैद बक़र की निस्बत जाहिर करता है सिर्फ बक़र की आदात ओ सिफ़ात से मुतअल्लिक है जहा तक कि वह बक़र की किताब से जाहिर होती हैं न उससे जियाद ।

(हे) लेकिन अगर जैद यह कहे कि—"मेरे नज़दीक तअज्जुब नहीं है कि बक़र की किताब लगो और फ़ुहुश हो क्योंकि बक़र जईफुल अकल और शहवत परस्त है" तो जैद इस मुस्तसना में दाखिल नहीं है क्योंकि वह राय जो जैद बक़र की आदात ओ सिफ़ात की निस्बत जाहिर करता है ऐसी राय है जो बक़र की किताब पर मुब्तनी नहीं है ।

सरज़निश जो कोई शख्स नेक नीयती के साथ करे जो उसके इख्तियार पर जायज़ इख्तियार रखता हो ।

सातवां मुस्तसना—वह शख्स इजालःइ हैसीयते उर्फ़ी का मुर्तकिब नहीं है जो किसी दूसरे शख्स पर इसी तरह का इख्तियार रखता है खाह वह कानून का अतीयः हो खाह किसी मुआहदःइ जायज पर मुब्तनी हो जो उस दूसरे शख्स के साथ किया गया है अगर शख्से मजकूर ऐसे मुआमलों में जिन से वह इख्तियारे जायज़ मुतअल्लिक है उस दूसरे शख्स के तरीक़े अमल पर कोई सरज़निश नेक नीयती से जहूर में लाये ।

तमसील।

नीचे लिखे हुये अशख़ास इस मुस्तसना में दाखिल हैं यानि कोई जज जो किसी गवाह को या अपनी अदालत के किसी अहलेकार को उसके तरीक़े अमल पर नेक नीयती से सरज़निश करताहो—या किसी महकमे का आला अफ़सर जो नेक नीयती से अपने मातहतों को सरज़निश करता हो—या कोई मा या बाप जो अपने तिफ़्ल को और अतफ़ाल के रूबरू नेक नीयती से सरज़निश करता हो—या कोई मुअल्लिम जिसको किसी तालिबे इल्म के मा बाप की तरफ़ से इख़्तियार हासिल हो उस तालिबेइल्म पर और तुलबा के रूबरू नेक नीयती से सरज़निश करताहो—या कोई आक़ा जो अपने नौकर को ख़िदमते गुज़ारी में काहिल होनेकी निस्वत नेक नीयती से सरज़निश करता हो—या कोई महाजन जो अपनी कोठी के तहसीलदार को उसके तरीक़े अमल की निस्वत बहैसीयत उसकी तहसीलदारी के सरज़निश करताहो।

आठवां मुस्तसना—नेक नीयती से किसी शख़्स की शिकायत करनी किसी शख़्सके रूबरू मिन्जुम्लः उन अशख़ास के जो उस शख़्स पर बिनाये शिकायत की निस्वत इख़्तियारे जायज़ रखते हैं इजालःइ हैसीयती उर्फी नहीं है।

शिकायत जो शख़्से जी इख़्तियार के सामने नेक नीयती से पेश की जाय।

तमसील।

अगर ज़ैद किसी मजिस्ट्रेट के रूबरू नेक नीयती से बक्र की शिकायत करे—या अगर ज़ैद नेक नीयती से बक्र के तरीक़े अमल की निस्वत जो नौकर है उसके आक़ा से शिकायत करे—या अगर ज़ैद नेक नीयती से बक्र की जो एक तिफ़्ल है उसके तरीके अमल की निस्वत उसके बाप से शिकायत करे—तो ज़ैद इस मुस्तसना में दाखिल है।

नवां मुस्तसना—किसी शख़्सकी आदाद ओ सिफ़ाते उर्फी की निस्वत इत्तिहाम लगाना इजालःइ हैसीयते उर्फी नहीं है बशर्तेकि वह इत्तिहाम नेक नीयती से इत्तिहाम लगानेवालेकी या किसी और शख़्स की अगराज़ की हिफ़ाज़त के लिये आम्मःइ ख़लाइक के फ़ायदे के लिये लगाया जाय।

इत्तिहाम जो कोई शख़्स अपनी या ग़ैर की अगराज़ की हिफ़ाज़त के लिये नेक नीयती से करे।

तमसीलें।

(अलिफ़) ज़ैद एक दूकानदार बक्र से जो उसके कारोबार का इन्तिज़ाम करता है कहे कि—"तुम ख़ालिद के हाथ कोई चीज़ न बेचो बजुज़ इस के कि वह तुमको नक़द क़ीमत दे क्योंकि मैं उसकी दियानत पर एतिमाद नहीं रखताहूं"—तो ज़ैद इस मुस्तसना में दाखिल है अगर उसने यह इत्तिहाम अपनी अगराज़की हिफ़ाज़त के लिये नेक नीयती से ख़ालिद पर लगाया है।

(बे) जैद एक मजिस्ट्रेट अपनी कैफ़ीयत में जो वह अफ़सरे बालादस्त को लिखता है बकर की आदात औ सिफ़ात पर इत्तिहाम लगाये तो इस सूरत में अगर वह इत्तिहाम नेक नीयत से और आम्म इ खलाइक के फायदे के लिये लगाया गयाहो तो जैद इस मुस्तसना में दाख़िल है।

तहज़ीर करना जिससे उस शख़्स का फायद जिसको तहज़ीर की गई हो या आम्म इ खलाइक का फायद नीयत में हो।

दशवां मुस्तसना—एक शख़्सको दूसरे शख़्सके नेक नीयती से तहज़ीर करना इज़ालःइ हैसीयते उर्फी नहीं है बशर्तेकि ऐसी तहज़ीर करने के उस शख़्स का फाइदः जिसको तहज़ीर कीजाती है या किसी और शख़्सका फाइदः जो उससे गरज़ रखता हो या आम्मःइ खलाइक का फ़ायदः नीयत में हो।

इज़ाल इ हैसीयते उर्फी की सज़ा।

दफ़ः ५००—जो कोई शख़्स किसी शख़्स की हैसीयते उर्फी का इज़ालः करे उस शख़्स को कैदे महज़की सज़ा दीजायेगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

कोई मज़मून छापना या कन्दः करना जिसका मुज़ीले हैसीयते उर्फी होना इल्म में हो।

दफ़ः ५०१—जो कोई शख़्स किसी मज़मूनको छापे या कन्दः करे यह जानकर या यह बावर करने की काफी वजःरखकर कि वह मज़मून मुज़ीले हैसीयते उर्फी किसी शख़्सका है उस शख़्सको कैदे महज़की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

किसी छपे हुये या कन्द किये हुये माद्दे की फरोख्त जिसमें कोई मज़मून मुज़ीले हैसीयते [illegible] हो।

दफ़ः ५०२—जो कोई शख़्स किसी छपेहुये या कन्दःकियेहुये माद्दे को जिसमें कोई मज़मून मुज़ीले हैसीयते उर्फी हो बेचे या मारज़े बै में रखे यह जानकर कि उसमें ऐसा मज़मून है उसको कैदे महज़ की सजा दीजायगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

बाब २२।[1]

तख़वीफ़े मुजरिमानः श्रो तौहीने मुजरिमानः श्रो रंजदिहीये मुजरिमानः के बयान में।

दफ़ः५०३—जो कोई शख़्स किसी और शख़्सको उसके जिस्म या नेकनामी या माल को या किसी शख़्सके जिस्म या नेकनामी को जिससे वह शख़्स गरज़ रखता है नुक़्सान पहुंचाने की धमकी दे इस नीयत से कि उसको ख़ौफ में डाले या उससे कोई ऐसा फ़ेल कराये जिसका करना उसपर कानूनन् वाजिब नहीं है या उससे कोई ऐसा फेल तर्क कराये जिसके करने का वह क़ानूनन् मुस्तहक़है ताकि वह इर्तिकाब या तर्के फेल उस धमकी की तकमील के इन्सिदाद का वसीलःहो तो शख़्से मज़कूर तख़वीफे मुजरिमानःका मुर्तकिब होगा।

तख़वीफ़े मुजरिमान।

तशरीह—किसी ऐसे शख़्से मुतवफ़्फा की नेकनामी को नुक़्सान पहुंचाने की धमकी जिस से धमकाया हुआ शख़्स ग़रज़ रखता है इस दफः में दाखिल है।

तमसील।

जैद बक़र को किसी मुक़द्दम इ दीवानी की पैरवी से बाज रहने की तहरीक करने के लिये बक़र के घर जलाने की धमकी दे तो जैद तख़वीफ़े मुजरिमान का मुजरिम है।

---

[1] उन जुर्मों में जो तहते दफ़ ५०४ क़ाबिलेसजाहों और बाज़ जुर्मोंमें जो तहतेदफ़ ५०६ क़ाबिले सजाहों राजीनाम होसक्ताहै—मुलाहज़ तलब मजमूअ इ जाबित इ फौजदारी सन १८६८ ई० (ऐक्ट ५ मुसदर इ सन १८९८ ई०) की दफ़ ३४५ [ऐक्ट हाये आम-जिल्द ६]—दर खुसूस उस नौबत दौराने मुक़द्दम के कि जब अदालतकी इजाजतके बिदून राजीनाम जायज नहीं है मुलाहज तलब मजमूअ इ मज़कूर की दफ़ इ मजबूर की दफ इ तहती (५)।

दरबार इ सजाये ताज़ियान (अपर ब्रह्मा में) बाबादाशे जुर्म मुसर्रह इ दफ़ ५०६ के मुलाहज तलब अपर ब्रह्मा के आईनोंके ऐक्ट सन १८६८ ई० (नम्बर १३ मुसदर सन १८६८ ई०) की दफ ४ (३) (बे) और जमीम इ दवम [मजमूअ इ क़वानीने ब्रह्मा मतबूअ इ सन १८६६ ई०] साबिक़ दफ मजमूअ इ क़वानीने ताजीराते हिन्दके तर्मीमकरनेवालेऐक्ट सन १८६८ ई०(नम्बर ४ मुसदर इ सन १८६८ ई०)की दफ़ ६ के जरिये से मन्सूख़हुई [ऐक्ट हाये आम-जिल्द ६] और दफ इ मतबूअ इ मतन बएवजउसके शामिलकीगई—मुलाहज तलब [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

(बाबे २२—तख़वीफ़े मुजरिमान- ओ तौहीने मुजरिमान ओ रंजदिहीये मुजरिमान. के बयान में—दफ़आत ५०४—५०५ ।)

ऑमन मे खलल अन्दाजी की नीयत से तौहीन बिल क़स्द ।

दफ़ः ५०४—जो कोई शख़्स क़स्दन् किसी शख़्सको तौहीन करके उसके ज़रिये से उस शख़्सको बाइसे इश्तिआलेतबअ दे यह नीयत करके या इस अमर का इहतिमाल जानकर कि उस बाइसे इश्तिआले तबअ के सबब से वह शख़्स अमने खलाइक़ में खलल डाले या किसी और जुर्म का मुर्तकिब हो तो शख़्से मज़कूर को दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैदकी सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद दो बरसतक होसक्तीहै या जुर्मानेकी सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी।

बयानात जो मुनजर ब नुक़सान रसानीये आम हों ।

दफ़ः[1] ५०५—जो शख़्स कोई बयान या अफ़वाह या ख़बरकरे या मुश्तहर करे या फैलाये ।

(अलिफ़) इस नीयत से कि मलिकःइ मुअज़्ज़मःकी फौजबरीं या बहरी या सेगःइ राइल इन्डियन मरीन या इम्पीरीयल सर्विस ट्रूप्स के किसी अफ़सर या सिपाही या खलासीये जहाज़ी से ग़दर कराये या और तौर पर वैसी हैसीयत से उसकी नौकरी में बेएतिनाई या क़ुसूर कराये—या जिससे किसी अफ़सर वग़ैरहःइ मज़कूर के ग़दर कराने या और तौरपर वैसी हैसीयत से उसकी नौकरी में बेएतिनाई या क़ुसूर कराने का इहतिमाल हो—या

(बे) इस नीयत से कि आम्मःइ खलाइक़ को या किसी जुज़्वे आम्मःइ खलाइक़ को ऐसी वहशत या खौफ में डाले या जिससे आम्मःइ खलाइक़ को या किसी जुज़्वे आम्मःइ खलाइक़ को ऐसी वहशत या खौफ में डालने का इहतिमाल हो कि उसके जरीये से किसी शख़्स को किसी जुर्म खिलाफ़ दर्जा या सर्कार या जुर्म मुखालिफ़े आसूदिगीये आम्मःइ खलाइक़ के मुर्तकिब होने की तहरीक हो—या

(जीम) इस नीयत से कि किसी तबक़ः या जमाअ़तःइ अशख़ास को किसी और तबक़ः या जमाअ़त के मुखालिफ़ किसी जुर्म

[1] दफ़ः ५०५ [illegible]

के मुर्तकिब होनेकी तर्गीब दे या जिससे किसी तबकः या जमाअःइ अशखास को किसी और तबकः या जमाअत के मुखालिफ किसी जुर्म के इर्तिकाब की तर्गीबदिही का इहतिमाल हो—

उसको क़ैद की सज़ा दीजायेगी जिसकी हद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दीजायेंगी ।

मुस्तसना—हस्बे मनशाये दफः इाजा यह बमनज़िलःइ जुर्म नहीं है जब कि वह शख्स जो कोई वैसा बयान या अफवाह या खबर करता या मुश्तहर करता या फैलाताहै इस बात के बावर करने की वजूहे माकूल रखताहो कि वैसा बयान या अफवाह या खबर रास्तहै और बिदून किसी ऐसी नीयत के जो ऊपर मजकूर हुई बयान या अफवाह या खबरे मज़कूर करता या मुश्तहर करता या फैलाताहो ।

दफ़ः ५०६—जो कोई शख़्स जुर्मे तखवीफे मुजरिमानः का मुर्तकिब हो उसको दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्मकी क़ैद की सज़ा दीजायगी जिसकी मीआद दो बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सजा या दोनों सजायें दीजायेंगी—

तख़वीफे मुजरिमान की सज़ा ।

और अगर हलाकत या ज़रर शदीद पहुंचाने की या आग से किसी माल के तलफ करने की या किसी ऐसे जुर्म का इर्तिकाब वकू में लाने की जिसकी पादाश में सज़ाये मौत या हब्स बउबूरे दर्याये शोर या क़ैद मुकर्रर है जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है—या किसी औरत की निस्बत बेइस्मती का इत्तिहाम लगाने की धमकी हो तो दोनों क़िस्मों में से किसी क़िस्म की क़ैद की सजा दीजायगी जिसकी मीआद सात बरस तक होसक्ती है या जुर्माने की सज़ा या दोनों सज़ायें दीजायेंगी ।

अगर धमकी हलाकत या ज़रर शदीद वगैर पहुचाने के लिये हो ।

दफ़ः ५०७—जो कोई शख़्स किसी बेनाम मकातिबे के ज़रीये से या धमकी देनेवाले शख़्स के नाम या मसकन छिपाने को पेश्तर से तदबीर करके तखवीफे मुज़रिमानः के जुर्मका मुर्तकिब हो उस

किसी बे नाम मकातिबे के तखवीफे मुजरिमान ।

पादाश में हब्स बउबूरे दर्याय शोर या कैद मुकर्रर है।

जो जुर्मे मज़कूर के इर्तिकाब की तरफ मनज़र हो तो उस सूरत में कि इस मजमूये में ऐसे इक्दाम की कोई खास ताईने सज़ा पाई न जाय उस शख़्स को हब्स बउबूरे दर्यायशोर की सज़ा या किसी क़िस्म की क़ैद की सज़ा दी जायेगी जो जुर्मे मज़कूर के लिये मुअय्यन हो और उस हब्स बउबूरे दर्यायशोर या क़ैद की मीआद उस मीआद के निस्फ तक होसक्ती है जो जुर्मे मज़कूर के लिये बड़ी से बड़ी मुअय्यन है या उस जुर्माने की सज़ा जो जुर्मे मज़कूर की पादाश में मुअय्यन है या दोनों सज़ायें दी जायेंगी।

तमसीलें।

(अलिफ़) जैद एक सन्दूक तोड़कर कुछ जेवर चुराने का इक्दाम करे और इस तरह उस सन्दूक़ के खोलने पर उसको मालूम हो कि उसमें कुछ जेवर नहीं है तो उसने एक फ़ेल किया जो सर्के के इर्तिकाब की तरफ़ मुन्ज़र है और इस लिये जैद इस दफ़. की रूसे मुजरिम है।

(बे) जैद बक्र की जेब में हाथ डाल कर उसकी जेब में से कुछ निकालने का इक्दाम करे और बक्र की जेब में कुछ न होने की वजह से जैद इस इक्दाम से कामयाब नहो तो जैद इस दफ़. की रूसे मुजरिम है।

फ़िहरिस्त हुरूफ़े तहज्जी की तर्तीब से।

मजमून ।	दफ़ा ।
आक़ा—ततिम्म ।	
के उस नौकर के नक़्ज़े मुआहद की जो आजिज़ की खिदमत करने और उसकी ज़रूरियात के बहम पहुचाने का इक़रार किया हो ...	४९१
से उस कारीगर वगैर के नक़्ज़े मुआहद करनेकी सज़ा जिस पर मुआहद इतहरीरी के मुवाफ़िक़ ब्रटिशइन्डिया के अन्दर किसी दूर व्यो दराज़ जग में-जहा वह आक़ाके खर्च से पहुचायागयाहो खिदमतकरना वाजिबहै	४९२
इक़दाम—	
मलिक इ मुअज़्ज़म के मुक़ाबल मे या ऐसे वालियि मुल्क के मुक़ाबल मे जो मलिक ममदूह से राबित इ इत्तिहाद रखे जग करने का ...	१२१ और १२५
गवर्नेर जनरल या गवर्नेर या लेफ्टिनन्ट गवर्नेर या कौन्सिल के मिम्बरके इख्तियारे जायज़ के निफाज़ में मुज़ाहमते बेजा करने या डराने का	१२४
असीरे सुल्तानी या असीरे जग के छुडाने का	१३०
क़तले अमद के इर्तिकाब का	३०७
क़तले इन्सान मुस्तलज़मे सज़ा के इर्तिकाब का	३०८
खुदकुशी के इतिकाब का	३०९
सर्क़ इ बिलजब्र के इर्तिकाब का	३९३
सर्क़ इ बिलजब्र के या डकैती के इतिकाब का—हर्ब इ मुहलिक़ से मुसल्लह होने की हालत में	३९८
ऐसे जुर्म के इर्तिकाब का—जिसकी निस्बत और तरहपर सरीहन् कोई हुक्म नहो	५११
जन्म कैदी की तरफ़ से	३०७
इक़रार—	
का इस्तिहसाले बिलजब्र करने के लिये बिलइरादा जरर या जरेर शदीद पहुचाना	३३० और ३३१
का इस्तिहसाले बिलजब्र करने के लिये हब्से बेजा करना ..	३४८
जब किसी सर्कारी मुलाजिम के रूबरू "हल्फन" कियाजाय .	५१
शालिह "हलफ़" के लफ्ज़ मे दाखिल है	५१
मुलाहज़ तलब हलफ़ या इक़रारे सालिह ।	
इक़रारे सालिह—	
जो बएवज हलफ़ के क़ानूनन क़ाइम किया गया है लफ्ज़े हलफ़ में दाखिल कर लिया गया है	

मजमून ।	दफ़ा ।

मज़मून ।	दफ़ा ।

उमर—

औद—

औरत—

मुलाहज़ा तलब भगा लेजाना—ज़िना—ज़िना बजब्र ।

मज़मून।	दफ़ा।
फ़ातिरुल अक़्ल—ततिम्म।	
मलाहज़ा तलब शरहसे फ़ातिरुल अक़्ल।	
फ़ाइद:—	
के मानें के लिये	६२ नसीह
फ़ुहुश बात—	
बकना और उसकी सजा	२६८
फ़ुहुश शेर—	
पढ़ना और उसकी सजा	ऐज़न।
फ़ुहुश फ़ेल—	
करना और उसकी सजा	ऐज़न।
फ़ुहुश किताब वग़ैर:—	

मज़मून ।	सफ़ा ।

क़ैद—तितिम्म ।

मुलाहज़ा तलब क़ैदे तनहाई हब्से बेजा मुदाख़लते बेजाये मुजरिमानः—जुर्मानः ।

क़ैदे तनहाई—

क़ैदी—

काटने—

मज़मून।	दफ़ः।

मज़मून ।	दफ़ा ।
गज़न्द—	
पहुचाने का इहतिमाल जिस फ़ेल से हो	८१
खफ़ीफ़ पहुचाने वाला फ़ेल जुर्म नहीं है	९५
गलाव माद्दः—	
के जरीये से बिलइराद जरर या जरेर शदीद पहुचाना	३२४ओ३२६
गवाह—	
का इन्कार करना हलफ़ या इक़रारे सालिह करने से	१७८
का जवाब देने से इन्कार करना इज़हार के वक्त	१७९
का बयान पर दस्तख़त करने से इन्कार करना	१८०
गुदाम के मालिक—	
की तरफ़ से ख़ियानते मुजरिमान॰ माल की निस्बत	१०७
गवर्नरे प्रेज़ीडन्सी—	
पर हम्ल करना इख्तियारे जायज़ के निफ़ाज़ पर मजबूर करने या उससे बाज़ रखने की नीयत से	१२४
गवर्नर जनरल बहादुर—	
पर हम्ल करना इख्तियारे जायज़ के निफ़ाज़पर मजबूर करने या उससे बाज़ रखने की नीयत से	१२४
गवर्नमेन्ट—	

मजमून ।	दफ़ ।

मज़मून।	दफ़ा।
मुदाख़लते बेजा मुजरिमानः—ततिम्म.।	

मजमून ।

मजमून ।	दफ़ा ।

मज़मून।	दफ़ा

नेकनामी—

नेकनीयती—

वाहिद ओ जमा—

वालियाने मुल्के गैर या रियासत हाये गैर—

वसीक़ा—

वजहे तहरीक या इस्तफ़ुस्सई किसी फ़ेल के लिये—